आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 17°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

**ब्राह्मण राजनीति पर फिर चढ़ा पारा:** गुरु सक्रिय, शिष्य अध्यक्ष भाजपा...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 06 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 86 www.janexpresslive.com/epaper



11 जनवरी को गुजरात जाएंगे मोदी 12

# बड़ा फैसला: यूपी पुलिस भर्ती में एज लिमिट 3 साल बढ़ी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश पुलिस में 32679 सिपाही और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। इस फैसले से अधिकतम आयु सीमा के दायरे से बाहर होने की वजह से आवेदन नहीं कर पा रहे अभ्यर्थियों को इस बार आवेदन का अवसर मिलेगा। 31 जनवरी से शुरू हुई भर्ती के लिए लगातार आयु सीमा बढ़ाने की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिकतम आयु सीमा में छूट का फैसला एक बार के लिए किया गया है। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से जारी शासनादेश के मुताबिक आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरुष/महिला), आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस (पुरुष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष), महिला बटालियन के लिए महिला आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरुष) और जेल वार्डर (पुरुष एवं महिला) पदों के लिए सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु शिथिलीकरण का अवसर एक बार के लिए दिया गया है। यह निर्णय उप्र लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के तहत लिया गया है।



### इन पदों पर होगी भर्ती

| | |
|---|---|
| **10469** सिपाही नागरिक पुलिस | **71** सिपाही घुड़सवार पुलिस |
| **15131** सिपाही पीएसी/सशस्त्र पुलिस | **3279** जेल वार्डर (पुरुष) |
| **1341** सिपाही विशेष सुरक्षा बल | **106** जेल वार्डर (महिला) |

### 25 वर्ष से कम आयु वाले अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

इस फैसले के बाद सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनकी आयु 25 वर्ष से कम है, आवेदन कर सकेंगे। महिलाओं को भी अधिकतम आयु में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के 30 वर्ष से कम आयु वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। पहले भर्ती बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति में सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के पुरुषों की अधिकतम आयु 22 वर्ष और महिला अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु 25 वर्ष थी। अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी गई थी। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी आयु सीमा में छूट देने की लगातार मांग कर रहे थे। भाजपा विधायक शलभमणि त्रिपाठी समेत कई विधायकों और सांसद चंद्रशेखर ने इस बाबत मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर छूट देने का अनुरोध किया था।

**40 लाख आवेदन की उम्मीद**

प्रदेश सरकार के इस फैसले के बाद सिपाही और समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए 10 लाख आवेदन अधिक आने की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले करीब 30 लाख आवेदन आने की उम्मीद थी। यह आंकड़ा अब बढ़कर 40 लाख से अधिक हो सकता है। दो वर्ष पूर्व सिपाही के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 48 लाख आवेदन आए थे। तब राज्य सरकार ने कोरोना महामारी की वजह से अभ्यर्थियों को तीन वर्ष की छूट देने का फैसला भी लिया था।

# दिल्ली दंगा केस में उमर खालिद शरजील को नहीं मिली जमानत

## सुप्रीम कोर्ट ने एक साल अपील करने पर रोक लगाई, 5 आरोपियों को बेल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। हालांकि 5 अन्य आरोपियों को 12 शर्तों के साथ जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उमर और शरजील एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते हैं। दरअसल, उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद दिल्ली दंगों के आरोप में 5 साल 3 महीने से तिहाड़ में हैं। इन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में उन्हें गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत जमानत देने से इनकार किया गया था। उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 750 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गईं।

### उमर खालिद ने कहा अब जेल ही मेरी जिंदगी

उमर खालिद की साथी बानो ज्योत्सना लाहिरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि उमर ने उनसे बातचीत में कहा- जिन लोगों को जमानत मिली है, उनके लिए मैं बहुत खुश हूं। मुझे राहत है। अब तो जेल ही मेरी जिंदगी बन गई है। बानो ने यह भी लिखा कि जब उन्होंने उमर से कहा कि वह अगले दिन मुलाकात के लिए आएंगी, तो उमर ने जवाब दिया- ठीक है, आ जाना... अब तो यही मेरी जिंदगी है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले की 5 बड़ी बातें

**सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद और जस्टिस एनवी अंजारिया ने फैसला सुनाया**

- अदालत ने कहा कि अभियोजन और सबूतों, दोनों के लिहाज से उमर खालिद और शरजील इमाम की स्थिति अन्य 5 आरोपियों की तुलना में अलग है। कथित अपराधों में इन दोनों की केंद्रीय (मुख्य) भूमिका रही है। इन दोनों की हिरासत (ज्यूडिशियल कस्टडी) की अवधि भले ही लंबी रही हो, लेकिन यह न तो संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करती है और न ही संबंधित कानूनों के तहत लगे वैधानिक प्रतिबंधों को निष्प्रभावी करती है।
- बहस के दौरान लंबे समय तक जेल में रहने और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के बारे में दलीलें दी गईं। यह कोर्ट संविधान और कानून के बीच अमूर्त तुलना नहीं कर रहा है। अनुच्छेद 21 संवैधानिक व्यवस्था में एक खास जगह रखता है। ट्रायल से पहले जेल को सजा नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होगा।
- यूएपीए एक खास कानून के तौर पर उन शर्तों के बारे में एक कानूनी फैसला दिखाता है जिनके आधार पर ट्रायल से पहले जमानत दी जा सकती है। राज्य की सुरक्षा और अखंडता से जुड़े अपराधों का आरोप लगाने वाले मुकदमों में देरी तुरुप का पत्ता नहीं हो सकती।
- 5 अन्य आरोपियों गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, मोहम्मद समीर खान, शादाब अहमद और शिफाउर रहमान को जमानत मिलने से उनके खिलाफ लगे आरोपों में कोई नरमी नहीं आती। उन्हें करीब 12 शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा। यदि शर्तों का उल्लंघन होता है, तो ट्रायल कोर्ट आरोपियों की सुनवाई के बाद जमानत रद्द करने के लिए स्वतंत्र होगा।
- खालिद और इमाम की जमानत याचिका पर एक साल रोक रहेगी। यानी इस मामले में संरक्षित गवाहों की गवाही पूरी हो जाएगी, या इस आदेश को एक साल पूरा हो जाएगा। इन दोनों में से जो पहले हो, तब आरोपी जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### खालिद ने अब तक 6 बार जमानत याचिकाएं लगाईं, किसी में राहत नहीं

दिल्ली दंगा मामले में खालिद और शमीम समेत 7 आरोपियों को मई से सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया। तब से ये सभी जेल में हैं। इन पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा के साथ-साथ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कई अपराधों का आरोप लगाया गया है। खालिद ने जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिकाएं लगाईं। हर बार याचिका खारिज हो गई।

# अपने नाम को उत्तर प्रदेश के 'कल्याण' के साथ जोड़कर सार्थक करते रहे 'बाबू जी': सीएम योगी

- योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री/राज्यपाल कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन
- सुशासन, विकास, राष्ट्रवादी मिशन को बढ़ाने के लिए हमेशा जाना जाएगा 'बाबू जी' का कार्यकाल: सीएम योगी
- कल्याण सिंह जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में पढ़ा राष्ट्रवाद का पाठ: मुख्यमंत्री



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री/ राज्यपाल कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और कहा कि 'बाबू जी' अपने नाम को उत्तर प्रदेश के 'कल्याण' के साथ जोड़कर सार्थक करते रहे।

### यूपी में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री थे कल्याण सिंह

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बाबू जी' उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री थे। 1991 में जब उन्होंने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली, तब यहां अव्यवस्था, अराजकता, गुंडागर्दी थी और आतंकी गतिविधियां सिर उठा रही थीं। गांवों, गरीबों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। एक ओर कुव्यवस्था थी तो दूसरी ओर 500 वर्षों की गुलामी को दूर करने के लिए हिंदू समाज छटपटा रहा था। इस दौरान स्व. कल्याण सिंह के पुत्र व पूर्व सांसद राजवीर सिंह, भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, सांसद सतीश गौतम, मुकेश राजपूत, कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, स्व. कल्याण सिंह के पौत्र व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### 'बाबू जी' का कार्य देख प्रदेशवासियों को हुआ विश्वास- सुशासन की ओर चलकर विकास के नए सोपान को चुनेगा यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्होंने पहली बार भाजपा की सरकार की कमान अपने हाथ में ली थी। जब उन्होंने कार्य शुरू किया तो कुछ ही महीने में प्रदेशवासियों के मन में यह विश्वास सुदृढ़ होने लग गया था कि उत्तर प्रदेश सुशासन की ओर चलकर विकास के नए सोपान को चुनेगा, लेकिन उन्हें अस्थिर करने की साजिशें होने लगी। अव्यवस्था फैलानी शुरू हो गई।

### सुशासन, विकास, राष्ट्रवादी मिशन को बढ़ाने के लिए हमेशा जाना जाएगा 'बाबू जी' का कार्यकाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब राम जन्मभूमि आंदोलन चरम की ओर बढ़ा तो रामभक्तों, पूज्य संतों की भावना का सम्मान करते हुए अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के प्रति उन्होंने सत्ता को बलिदान करने में संकोच नहीं किया। उनकी सरकार गई, लेकिन गुलामी के ढांचे को हटाने के जिस प्रण के साथ राम भक्त आगे बढ़े थे, उन्होंने सारी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेकर प्रभु राम के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करने में तनिक भी देर नहीं लगाई। बाबू जी का कार्यकाल यूपी सरकार के सुशासन, विकास, राष्ट्रवादी मिशन को बढ़ाने के लिए हमेशा जाना जाएगा।

### कल्याण सिंह जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में पढ़ा राष्ट्रवाद का पाठ

सीएम योगी ने कहा कि आज हर भारतवासी बाबू जी को याद करता है। उनका जन्म किसान परिवार में हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ा। आजीवन उसे जीवन का मंत्र बनाया और उस मिशन के लिए समर्पित होकर लगातार कार्य करते रहे और अपने नाम को उत्तर प्रदेश के 'कल्याण' के साथ जोड़कर सार्थक करते रहे। विधायक, मंत्री, सांसद, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के रूप में उनकी सेवाएं देशवासियों के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगी।

# 'सशस्त्र सीमा बल देश की सुरक्षा का मजबूत प्रहरी'

## अर्पित फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पुष्कर धामी ने सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों और जवानों को किया सम्मानित, कहा, एसएसबी का साहस और समर्पण देश के लिए प्रेरणास्रोत

जन एक्सप्रेस। देहरादून

देहरादून स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय के मुख्य सेवक सदन में रविवार को अर्पित फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्राइड मूवमेंट सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों एवं जवानों को सम्मानित करते हुए उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की भावना की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल पिछले छह दशकों से देश की आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद, नक्सलवाद और आपदा प्रबंधन जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अत्यंत साहस और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि एसएसबी के जवान न केवल देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, बल्कि संकट की हर घड़ी में आम नागरिकों के लिए ढाल बनकर खड़े रहते हैं।

### देश की सुरक्षा में एसएसबी का अतुलनीय योगदान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि सशस्त्र सीमा बल देश की सुरक्षा व्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है। उन्होंने कहा, 'एसएसबी के जवान जहां एक ओर राष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा में दिन-रात तैनात रहते हैं, वहीं दूसरी ओर खेल, सामाजिक सरोकारों और आपदा राहत कार्यों में भी उत्कृष्ट योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे प्राकृतिक आपदाएं हों या कानून-व्यवस्था की चुनौती, एसएसबी के जवान हर परिस्थिति में कर्तव्य के प्रति पूरी निष्ठा के साथ डटे रहते हैं। उनका यह समर्पण देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।




### शहीदों और वीर जवानों के परिवारों के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि शहीद जवानों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही, वीरता पदक से अलंकृत जवानों को मिलने वाली सम्मान राशि में भी वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले जवानों और उनके परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सीमांत क्षेत्रों में विकास और संवाद पर जोर

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं सीमांत क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय नागरिकों और सुरक्षा बलों से संवाद स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री वहां की समस्याओं को समझते हैं और विकास को धरातल पर उतारने के लिए निर्णायक कदम उठाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों का विकास केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है।

### आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा रक्षा क्षेत्र

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत न केवल अपनी रक्षा आवश्यकताओं को स्वयं पूरा कर रहा है, बल्कि दुनिया के कई देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के स्वदेशी हथियारों की शक्ति को पूरी दुनिया ने देखा और सराहा है। यह भारत की बढ़ती सैन्य क्षमता और आत्मनिर्भरता का स्पष्ट उदाहरण है।' हमारी सेनाएं आधुनिक तकनीक और स्वदेशी संसाधनों से सशक्त हो रही हैं। प्राइड मूवमेंट सम्मान समारोह न केवल एक सम्मान कार्यक्रम था, बल्कि यह देश की सुरक्षा में लगे जवानों के प्रति समाज की कृतज्ञता का प्रतीक भी बना।

### वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम से सीमावर्ती गांवों को नई मजबूती

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से सीमावर्ती गांवों के विकास और सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिससे आवागमन सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से न केवल सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर सुधरा है, बल्कि पर्यटन, व्यापार और सामरिक दृष्टि से भी इन क्षेत्रों को नई मजबूती मिली है।

# अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला, खिड़कियां टूटीं, हिरासत में संदिग्ध आरोपी

जन एक्सप्रेस। ओहायो

अमेरिका के सिनसिनाटी में उप राष्ट्रपति जेडी वांस के घर पर रात (स्थानीय समय) में हमला किया गया, जिसमें कई खिड़कियां टूट गई। इस घटना के बाद सीक्रेट सर्विस और स्थानीय पुलिस ने प्रतिक्रिया दी। सीक्रेट सर्विस के एजेंट सोमवार की सुबह जल्दी ईस्ट वालनट हिल्स स्थित घर पर पहुंचे। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। हालांकि अधिकारियों ने यह पुष्टि नहीं की है कि उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है या नहीं। पुलिस ने स्थानीय टेलीविजन चैनल डब्ल्यूसीपीओ को बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। लेकिन और कोई जानकारी साझा नहीं की। इस बात की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी कि घटना के समय वेंस घर पर थे या नहीं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उन्हें शुक्रवार को फ्लोरिडा में देखा गया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ वेस्ट पाम बीच में राष्ट्रपति के गोल्फ क्लब में समय बिताया था। वेंस और ट्रंप ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमलों और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की योजना पर चर्चा की थी। हालांकि, सुरक्षा कारणों के चलते वेंस ट्रंप और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मार-ए-लागो में सैन्य अभियान का सीधा प्रसारण देखने नहीं गए। इसके बजाय उप राष्ट्रपति ने एक सुरक्षित वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अमेरिकी सैन्य अभियान की निगरानी की और इसके समाप्त होने के बाद सिनसिनाटी लौट गए। उनके कार्यालय ने कहा कि वह इस प्रक्रिया और योजना में गहराई से शामिल थे।

# 'भाजपा सौभाग्यशाली है की हमारे साथ है'



फाइल फोटो

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में अपने बड़बोले अंदाज में भाजपा के साथ अपने गठबंधन की अहमियत और भविष्य की रणनीति को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम और भाजपा दोनों ही एक-दूसरे के लिए सौभाग्यशाली हैं, और अब राजनीति में वही दिशा होगी जो जनता के हित में है। संजय निषाद ने कहा कि राजनीतिक प्रक्रिया में 'नाव वाले' हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका तात्पर्य उन दलों से था जो चुनाव के समय सक्रिय होकर जनता तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा, 'जिन्होंने नाव में बैठकर धोखा दिया, जनता ने उन्हें पहचान लिया है। अब नाव में भाजपा बैठी है और हम भी उसके साथ हैं। इससे दोनों दल सौभाग्यशाली हैं। संजय ने यह भी कहा कि उनके दल का भाजपा के साथ मिलना केवल रणनीतिक गठबंधन नहीं बल्कि राजनीतिक मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब अयोध्या और पूरे प्रदेश में वही दिशा तय होगी, जो जनता की उम्मीदों के अनुकूल होगी।

### राम मंदिर निर्माण में निषाद पार्टी की अहमियत

संजय निषाद ने राम मंदिर निर्माण को लेकर भी भाजपा और निषाद पार्टी के गठबंधन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा कई बार सत्ता में आई, लेकिन राम मंदिर तब बना जब भगवान राम के बाल सखा निषाद राज की पार्टी भाजपा के साथ आई। उन्होंने इसे धार्मिक और ऐतिहासिक संदर्भ से जोड़ते हुए कहा कि अयोध्या का महत्व केवल वर्तमान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह त्रेता युग की पावन धरती है। 'यह वही भूमि है जहां भगवान राम ने निषाद राज से गले मिलकर मर्यादा और प्रेम का संदेश दिया था। तभी रामराज्य स्थापित हुआ और सुख और समृद्धि का राज आया। संजय निषाद ने आगे कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उसी सुख और समृद्धि का राज धीरे-धीरे फिर से ला रहे हैं। उनका कहना था कि इस गठबंधन से अयोध्या का धार्मिक और सांस्कृतिक गौरव भी संरक्षित रहेगा।

### भूतकाल की राजनीति और भविष्य की रणनीति

संजय ने पिछले चुनावों का भी जिक्र किया और कहा कि अयोध्या में एक बार धोखे से सत्ता पर कब्जा हुआ था, लेकिन अब वैसी गलती दोबारा नहीं होने वाली है। उन्होंने जनता से भरोसा जताया कि निषाद पार्टी और भाजपा का यह गठबंधन अब स्थायित्व और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 'अब राजनीति में धोखा नहीं चलेगा। जनता ने हमें और भाजपा को एकजुट देखा है और यह गठबंधन केवल प्रदेश के विकास और समाज के हित में काम करेगा।

### भविष्य की राह और निषाद पार्टी का संदेश

संजय निषाद ने कहा कि गठबंधन केवल सत्ता की साझेदारी नहीं है, बल्कि यह जनता के कल्याण और सामाजिक न्याय का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि अब अयोध्या में विकास, सांस्कृतिक संरक्षण, और धार्मिक सम्मान को ध्यान में रखते हुए फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे राजनीतिक स्थिरता और विकास के लिए निषाद पार्टी और भाजपा के गठबंधन को समझें और इसका समर्थन करें। उनका कहना था कि भविष्य में धोखे और छल-छद्म राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

### संजय निषाद का बड़बोलापन और आत्मविश्वास

इस अवसर पर संजय निषाद का भाषण उनकी राजनीतिक मजबूती और आत्मविश्वास को दर्शाता था। उन्होंने कई बार दोहराया कि भाजपा और निषाद पार्टी दोनों ही एक-दूसरे के लिए सौभाग्यशाली हैं। उनके शब्दों में यह स्पष्ट था कि उनका मकसद राजनीतिक ताकत और धर्मनिरपेक्ष संदेश दोनों को जनता तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि उनके दल की भूमिका केवल चुनावी नहीं है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनता को यह भरोसा दिलाया कि उनका गठबंधन अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा करेगा।

# निर्धारित समयावधि के अंदर करें जनसमस्याओं का निराकरण: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिले की विभिन्न तहसीलों में सोमवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। समाधान दिवस में भूमि विवाद, राजस्व से संबंधित प्रकरण, पारिवारिक विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, विद्युत आपूर्ति, पुलिस से जुड़ी शिकायतें एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में तहसील सभागार कर्वी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। कहा कि जिन प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, उनमें संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर मौके पर जाकर समस्या का समाधान किया जाए। उप जिलाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि भूमि सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को भेजकर निस्तारण कराएं। कहा कि भूमि विवादों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा पीड़ितों को समय से न्याय सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान प्राप्त कुल 54 प्रार्थना पत्रों में से 10 का निस्तारण मौके पर किया गया। साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों को डीएम ने बाल विवाह न होने देने को लेकर शपथ भी दिलाई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार मानिकपुर तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी चन्द्रशेखर एवं अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त कुल 13 प्रार्थना पत्रों में से एक का निस्तारण मौके पर किया गया। साथ ही अन्य प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए एडीएम व एएसपी ने सम्बन्धितों को निर्देशित किया।

इसके अलावा राजापुर तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में प्राप्त कुल 24 प्रार्थना पत्रों में से पांच का निस्तारण मौक पर किया गया तथा तहसील सभागार मऊ में आयोजित समधान दिवस में प्राप्त कुल 27 प्रार्थना पत्रों में से चार निस्तारण मौके पर किया गया।

# जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये: डीएम

## जिलाधिकारी ने बबेरू तहसील में सुनी फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। बांदा



सोमवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील बबेरू में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में कुल 104 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग, पुलिस, विकास, नगरपालिका, चकबन्दी, विद्युत व अन्य विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से आज मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण, जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कराया।सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में मुरवल के एक फरियादी द्वारा पट्टे की जमीन पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। ग्राम रघुवरपुर के एक फरियादी द्वारा उसकी जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल एवं कानूनगो को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये। काजीपुर गॉव के एक फरियादी ने रास्ते में मिट्टी डलवाने एवं जल निकासी किये जाने के प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने बीडीओ बबेरू को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम जामू के एक फरियादी द्वारा उसकी जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल जामू को पैमाइश कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिये। मर्का के एक फरियादी द्वारा सरकारी जमीन पर नल पर किसी व्यक्ति द्वारा अपने कब्जे में लेने की शिकायत पर एसएचओ मर्का को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण करने निर्देश सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप जिलाधिकारी बबेरू अवनीश कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल ने सोमवार को विकासखण्ड मऊ की ग्राम पंचायत हटवा व विकासखण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत देंउधा स्थित स्थाई गौआश्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। यहा सीडीओ ने गौवंशों के भरण-पोषण व रख-रखाव के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही गौवंशों को खिलाए जा रहे भूसा आदि की वास्तविक स्थिति के आधार पर भुगतान करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पशुचिकित्साधिकारी आर.एस. गौतम एवं ग्राम पंचायत सचिव दुर्गेश नन्दन पाण्डेय मौके पर उपस्थित पाए गए। इनके अलावा दो केयरटेकर एवं एक सफाई कर्मी भी मौके पर उपस्थित पाए गए। सीडीओ ने पाया कि गौशाला में लगभग 172 गोवंश संरक्षित है। गौशाला में भूसे के लिए शेड में 100 कुन्तल भूसा भंडारित पाया गया। साथ ही गोवंशों के लिए पीने के पानी व ठण्ड से बचाव के तिरपाल की व्यवस्था पायी गयी। गौवंश के लिए केवल दो बोरी पशु आहार उपलब्ध पाया गया। साथ ही साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं पाई गई। ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में दो सोलर लाइटें लगाई जानी है, जिनका प्रस्ताव नेडा को भेजा गया हैं। बताया कि गौशाला में उपलब्ध जनरेटर खराब होने के कारण प्राइवेट ट्यूबवेल से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर सीडीओ ने खराब जनरेटर को तत्काल ठीक कराने व गौवंशों के भरण पोषण के लिए सभी व्यवथाएं सुनश्चित कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार सीडीओ ने विकासखण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत देंउधा स्थित स्थाई गौआश्रय केन्द्र का भी निरीक्षण किया। यहां भी खण्ड विकास अधिकारी राजेश कुमार तिवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव ज्ञानेन्द्र सिंह सहित छह केयरटेकर मौके पर उपस्थित पाए गए तथा गौशाला में लगभग 354 गोवंश संरक्षित पाए गए। यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। संरक्षित से अधिकांश गौवंशों के कान में टैग न पाए जाने पर शत-प्रतिशत टैग करने के निर्देश दिए तथा गौशाला में अतिशीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। गौशाला में एक गौवंश के बीमार पाए जाने पर उचित उपचार के लिए पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया।

# सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेले में किया गया मरीजों का इलाज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



आमजनमानस को बेहतर उपचार मुहैया कराने के दृष्टिगत जनपद के 28 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 920 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गयी।

जनपद के ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व शहरी प्राथमिक केन्द्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 37 चिकित्सकों व 88 पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा 443 पुरुष, 311 महिला एवं 166 बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। जिसमें 23 आंख, 162 बुखार, 146 त्वचा, 108 सांस, 51 मधुमेह, 79 गैस्ट्रो व 54 हाइपरटेन्शन आदि के मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही 54 मलेरिया, चार डेंगू व 26 ए.एन.सी. की जांच की गयी। मेलें में सात गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये। इस दौरान ग्रामीणों को संचारी रोग, फाईलेरिया, कुष्ठ रोग, क्षयरोग, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, आयुष्मान भारत-गोल्डेन कार्ड व जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सेवाएं दी गयीं तथा इनसे सम्बन्धित प्रर्दशनी व स्टाल भी लगाये गये। जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित इन आरोग्य मेलों का जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया।

# जनपद में चला सघन बैंक चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस। बांदा

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग अभियान का उद्देश्य बैंकों,एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों तथा उनके आसपास होने वाली आपराधिक घटनाओं जैसे लूट,छिनैती,चोरी एवं टप्पेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंक शाखाओं,एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया।चेकिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को चेक किया गया,जिसमें सीसीटीवी कैमरे,आपातकालीन अलार्म सिस्टम,अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास मार्ग आदि को जांचा गया।बैंक/एटीएम प्रबंधन को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।पुलिस टीम द्वारा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया तथा सहयोग बनाए रखने की अपील की गई।साथ ही बैंक के सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं,जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो और वाहन चोरी जैसी घटनाओं को नियंत्रित की जा सके।

## समस्या निस्तारण की मांग

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट। भाजपा के पहाड़ी मण्डल मंत्री हिमांशु मिश्रा ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि पहाड़ी ब्लाक के अशोह गांव में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के काम में लापरवाही कि जा रही है । गांव में जलापूर्ति शुरू की गई थी, किन्तु पिछले 25 दिनों से पेयजल आपूर्ति बंद है । ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या की जानकारी दी जा चुकी है । किन्तु कोई सुनवाई नही हो रही है । उन्होने समस्या निस्तारण कराने की मांग की है ।

## आज होगी बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति सभापति किरण पाल सिंह के नेतृत्व में जनपद का दौरा करेगी। समिति लखनऊ से सोमवार को जनपद पहुंची। यहां रात्रि विश्राम के बाद छह जनवरी मंगलवार को समिति के सदस्य जनपद चित्रकूट व बांदा के कलेक्टरेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद यहां से जनपद हमीरपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

## एक महीने बंद रहेंगी नहरें

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट। अधिशासी अभियंता लघु डाल नहर खंड बांदा ने बताया कि जनपद में संचालित सोनपुर पंप नहर, बनकट पंप नहर, पश्चिम पताई पंप नहर एवं लामियारी पंप नहर में आधुनिकीकरण परियोजना के अंतर्गत सीसी लाइनिंग एवं मरम्मत कार्य कराया जाना है। बताया कि सीसी लाइनिंग व मरम्मत कार्य के दृष्टिगत सोनपुर व बनकट पंप नहरों का संचालन आगामी 15 जनवरी से 15 फरवरी तथा पश्चिम पताई व लामियारी पंप नहरों का संचालन 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक बंद रहेगा।

## प्रभारी अधिकारी नामित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद प्रक्रिया के सतत् अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चित्रकूट को प्रभारी अधिकारी गेहूं खरीद नामित किया गया है। अब गेहूं खरीद का कार्य शासन के निर्देशानुसार एडीएम द्वारा संपादित कराया जाएगा। इससे सम्बन्धित सूचना के लिए एडीएम के सीयूजी नंबर 945417603 पर संपर्क कर सकते है।

# सुभाष चैलेंज कप में सीतापुर ने झांसी को 59 रनों से हराया

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति में चल रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सुभाष चैलेंज कप के ग्रुप सी का दूसरा लीग मैच सोमवार को सीतापुर (चित्रकूट) और ग्वालियर के बीच खेला गया।

मैच का शुभारंभ दोनों टीमों के खिलाडियों का हाथ मिलवाकर कराया गया। सीतापुर (चित्रकूट) की टीम ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया तथा निर्धारित 30 ओवर में नौ विकेट खो कर 202 रन बना कर 203 रनों का लक्ष्य ग्वालियर को दिया। सीतापुर की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए विशाल ने 27 गेंदों में 43 और ऋषभ ने 44 गेंदों में 50 रन बनाए। ग्वालियर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मंश ने छह ओवर में 16 रन देकर दो विकेट और गजेंद्र ने छह ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट लिए। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्वालियर की टीम 26.3 ओवर में मात्र 143 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ग्वालियर की तरफ से बल्लेबाजी करने उतरे अभिषेक ने 25 गेंदों में 29 और आदित्य ने 39 गेंदों में 24 रन बनाए। सीतापुर की तरफ से गेंदबाजी करने आए विशाल ने पांच ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट व सिद्धार्थ ने तीन ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लिए। सीतापुर ने इस मुकाबले को 59 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विशाल यादव को चुना गया। मैच के अंपायर समसुद्दीन खान व अनुराग, स्कोरर सौरभ नाहर व दीपक तथा कमेंट्रेटर लोकेश ठाकुर रहे। इस मौके पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य सुशील कुमार सिंह, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक रमाशंकर मिश्र, क्लब के एस.के. कमल, विजय भारद्वाज, इरफान खान, हिमांशु, करन पटेल, अनुराग आदि मौजूद रहे। ग्रुप सी क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगलवार को झांसी और सीतापुर के बीच खेला जाएगा।

# रायफल क्लब मैदान की नीलामी के विरोध में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। बांदा

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देश पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का हुजूम कैम्प कार्यालय से नारेबाजी करता हुआ शहर के मध्य बाबूलाल चौराहा स्थित रायफल क्लब मैदान पहुंचकर शासन, प्रशासन व जनपद विकास प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि शासन व प्रशासन की मिली भगत से जनपद विकास प्राधिकरण आगामी 21 जनवरी 2026 को नीलाम किए जाने की तैयारी कर चुका है,कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता इस राइफल क्लब मैदान को बचाने के लिए सड़कों में आने के लिए तैयार है अगर नीलामी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से न रोका गया तो अभी तो यह सांकेतिक धरना प्रदर्शन था नीलामी वाले दिन उग्र प्रदर्शन कर रोके जाने का काम किया जाएगा चाहे जेल ही क्यों न जाना पड़े काफी संख्या में उपस्थित खेल प्रेमियों बुद्धजीवियों के समक्ष कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, पीसीसी भगवान दीन गर्ग,आदि शक्ति दीक्षित, पवन देवी कोरी,मुमताज अली,जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश दीक्षित,वरिष्ठ उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, मोहम्मद इदरीश, द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला एडवोकेट, बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र द्विवेदी एडवोकेट ने अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में कांग्रेस उपाध्यक्ष बल्देव वर्मा एडवोकेट, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मेराज खान, जिला महासचिव कालीचरण निगम, शोएब रिजवी, जितेन्द्र गौरव, प्रवक्ता राममिलन पटेल एडवोकेट, कांग्रेस सभासद इरफान खान,कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, रूपा सिंह, शन्नो बेगम, ब्लॉक अध्यक्ष बिसंडा शिवाकांत मिश्रा,दिनेश द्विवेदी तेंदुरा,के पी सेन, हेमन्त वर्मा,कालीचरण साहू,बलवन खान गौरी,रमेश गुप्ता व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष, रामकुमार सिंह, रामखेलावन राजपूत, छेदीलाल धुरिया, इस्लाम, सेवालाल सहित सैकड़ों कांग्रेस जिले व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मेला स्थल का पूर्व से निरीक्षण कर लिया जाए: सीडीओ

जन एक्सप्रेस। बांदा

मकर संक्रान्ति के अवसर पर स्थानीय भूरागढ़ दुर्ग एवं नटबली बाबा मेला 14, 15 जनवरी, 2026 को मनाये जाने वाले महोत्सव की तैयारियों सम्बन्धी बैठक कलेक्टेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देशित किया कि मेला स्थल का पूर्व से निरीक्षण कर लिया जाए और शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की व्यवस्था की जाए। बांदा-महोबा राजमार्ग पर वाहनों से लगने वाले जाम को नियंत्रित करने एवं राजमार्ग पर दुकानों/ठेलों आदि को लगाये जाने पर प्रतिबन्ध आदि के बारे में यातायात प्रशासन एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति के अवसर पर केन नदी में माताओं/बहनों, श्रृद्धालुओं के स्नान स्थल पर केवल महिलााओं के स्नान उपरान्त कपडे बदलने आदि हेतु पूर्व की भांति टेन्ट आदि की व्यवस्था केन घाटों पर नगर पालिका परिषद द्वारा की जाए। इसके अतिरिक्त नगर पालिका द्वारा नटबली महोत्सव में सी0सी0टी0वी0 कैमरे की व्यवस्था भी की जाए। भूरागढ़ दुर्ग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में निर्मित शहीद स्मारक में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था, जिसमें आवश्यकता अनुसार महिला एवं पुरूष, पुलिस बल की तैनाती की जाए। केन नदी में स्नान के दौरान आकस्मिकता से निपटने हेतु गोताखोरों की तैनाती एवं सरकारी मोटर बोट आदि की व्यवस्था की जाए। रेलवे पुल पर रेल गाडियों के आवागमन में हार्न एवं धीमी गति आदि की व्यवस्था हेतु मण्डलीय रेल प्रबन्धक जनपद को निर्देशित किया गया। दुरेडी रेलवे क्रासिंग से नटबली समाधि तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जायेगा। मेले परिसर में नगर पलिका/नगर पंचायत द्वारा तैनात किये गये सफाई कर्मी अपने परिचय पत्र एवं निर्धारित डेस पहनकर ही कार्य करें। उन्होंने स्थायी सामुदायिक शौचालय की स्थापना हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया तथा मेला परिसर पर कूडे के उठान एवं मोबाइल ट्वायलेट की व्यवस्था हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया।अपर जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत दी है कि यदि मेला परिसर, केन नदी पुल के आस-पास कोई स्टंट करते नजर आये तो ऐसे लोंगो के विरूद्ध पुलिस तत्काल कार्यवाही करे। मेले में प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद जनपद,अधिशाषी अभियंता पावर कॉर्पोरेशन एवं खण्ड विकास अधिकारी बडोखर खुर्द को निर्देश दिये। मेले में माइक साउन्ड कुर्सी-मेज, फर्श तथा विभिन्न स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था तथा मेला क्षेत्र में पेयजल हेतु हैण्ड पम्पों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं टैंकर व्यवस्था, शीतलहर से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# पुलिस ने कत्ल के फरार चल रहे दो कातिलों को दबोचा

**हमीरपुर।** अपराधों की रोकथाम के साथ ही अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत राठ पुलिस ने कत्ल के मामले में दर्ज मु0अ0सं003/26 धारा 103(1)/61(2)/115(2)/352/351(3) बीएनएस के फरार चल रहे राठ कस्बे के सिकंदरापुरा निवासी 28 वर्षीय कातिल कृष्ण कुमार उर्फ के0के0 पुत्र अखयराज सहित सिंदरापुरा के ही 29 वर्षीयप्रदीप तिवारी उर्फ प्रदीप पंडित पुत्र अश्वनी तिवारी को आलाकत्ल लकड़ी का डंडा और लोहे के राड के साथ गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। राठ पुलिस ने बताया कि दोनों ही शातिर किस्म के अपराधी है, दोनों के ही खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। टीम में खासतौर से एस आई शिवसहाय सरोज, एस आई नीरज, एस आई वरुण कुमार सहित कांस्टेबल अभिषेक राजपूत शामिल रहे।

# डीएफओ के लिए हाई कोर्ट ने जारी किया जमानती वारण्ट

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने चित्रकूट रानीपुर टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रत्यूष कुमार कटियार के विरुद्ध दो अवमानना याचिकाओं में जमानती वारंट जारी करते हुए आगामी 16 फरवरी की तिथि नियत कर दिया है। अधिवक्ता दयाशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों मामलों में उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने उनकी ओर से दाखिल रिट याचिकाओं में याचिगणों को न्यूनतम वेतन 18,000 रुपये प्रतिमाह दिए जाने के आदेश पारित किए थे। जिसका अनुपालन डीएफओ प्रत्यूष कुमार कटियार द्वारा नहीं किया गया, बल्कि भिन्न आदेश पारित करते हुए यह कहा गया कि वह न्यूनतम वेतन 18,000 रुपये प्रतिमाह दिए जाने के लिए पात्र नहीं पाए गए। इसके चलते रेवतीरमण व रामा यादव ने यह अवमानना याचिकाएं उच्च न्यायालय में दाखिल की थी। जिस पर हाई कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए आदेश पारित किया था कि या तो आदेश के अनुपालन का शपथ पत्र दाखिल करें अन्यता पांच जनवरी 2026 को न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो, किंतु न तो डीएफओ हाई कोर्ट आए और न ही कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया। जिस पर न्यायालय ने डीएफओ के विरुद्ध जमानती वारंट जारी करते हुए आगामी 16 फरवरी की तिथि नियत कर दी है।

# सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण दे नोडल शिक्षकों को किया जाऐगा प्रशिक्षित

जन एक्सप्रेस। बांदा



सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पाँचवें दिवस आदर्श बजरंग इंटर कालेज शहर में मंडलीय मास्टर ट्रेनर / समन्वयक (सड़क सुरक्षा) डा. पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में जनपद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के कालेज / विद्यालयों से आए हुए नोडल सड़क सुरक्षा शिक्षकों का प्रशिक्षण दिलाया गया। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स को विशेष रूप से जनपद बांदा के यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु डॉ मिश्रा द्वारा प्रशिक्षित किया गया। विशिष्ट अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरभ कुमार द्वारा उपस्थित नोडल शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने हेतु प्रहरी बनकर नेतृत्व देने की बात कही साथ ही अपेक्षा की कि शिक्षक समाज का आईना होते हैं इस महत्वपूर्ण विषय में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाने में मदद करेंगे। मंडलीय मास्टर ट्रेनर।समन्वयक डॉ पीयूष मिश्रा ने अतराष्ट्रीय एव राष्ट्रीय आंकड़ों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करते हुए शिक्षकों को समाज में छात्रों का सहयोग लेते हुए दुर्घटनाओ में कमी लाने हेतु एक कडी बनाने का लक्ष्य दिया साथ ही एक नेक मददगार बन समाज में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया तथा अपेक्षा की कि इस अभियान को आज से अपने घर से शुरू करेंगे। परिवहन विभाग से एआरटीओ गुलाब चन्द्र ने स्कूली वाहनों के फिटनेस एवं निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने एवं समय-समय पर ड्राइवर के नेत्रों के परीक्षण की अनिवार्यता पर बल दिया। यात्री करारामालकर अधिकारी वीरेंद्र नाथ राजभर ने सुविधाजनक लाइसेंस आवेदन के तौर तरीके बताएं तथा विभिन्न यातायात नियमों की जानकारी दी, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने स्टंट करने से बचने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं कोहरे के मौसम में निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की हिदायत दी।

# ब्राह्मण राजनीति पर फिर चढ़ा पारा
## गुरु सक्रिय, शिष्य अध्यक्ष भाजपा में खलबली तेज

- ब्राह्मण विधायकों की बैठकों से मची हलचल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की सक्रियता बनी चर्चा का विषय

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के पदभार संभालने के बाद कई वर्षों से संगठनात्मक राजनीति से दूर दिख रहे पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम त्रिपाठी का अचानक सक्रिय होना राजनीतिक गलियारों में जोरदार चर्चा का विषय बन गया है। माना जा रहा है कि शिष्य के प्रदेश अध्यक्ष बनते ही गुरु की भूमिका में उतरते हुए त्रिपाठी एक बार फिर प्रदेश की राजनीति के केंद्र में दिखाई देने लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि ब्राह्मण विधायकों और नेताओं की हालिया बैठकों के बाद प्रदेश से लेकर दिल्ली तक हलचल बढ़ी। इसी बीच राम त्रिपाठी के कुछ विधायकों को फोन कर यह कहना कि 'पार्टी आपकी सुनेगी, धैर्य रखिए' नया राजनीतिक संदेश देता दिखा। हालांकि, कई विधायकों ने बात करने से भी इनकार कर दिया और कटाक्ष करते हुए कहा–अब ब्राह्मण नेता बनने चले हैं, जब अत्याचार हो रहे थे तब कहां थे? जानकारी के अनुसार शुरूआती दौर में यह समझा गया कि ब्राह्मणों की बैठक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ है। लेकिन जब गुस्सा प्रदेश अध्यक्ष पर केंद्रित हुआ और नारा उठा– 'प्रदेश अध्यक्ष हटाओ, भाजपा बचाओ ', तब समीकरण बदलते दिखे। छत्रिय समाज के बड़े नेताओं द्वारा ब्राह्मण बैठकों को समर्थन देने से मामला और तूल पकड़ गया। सोशल मीडिया पर बहस तेज हुई और संगठनात्मक सोच पर सवाल उठने लगे।

### त्रिपाठी की सक्रियता से बढ़ी अटकलें

बताया जा रहा है कि इसी माहौल में राम त्रिपाठी ने ब्राह्मण नेताओं को समझाने का मोर्चा संभाला और दावा किया कि 'ब्राह्मण हितों के सबसे बड़े हितैषी पंकज चौधरी ही हैं '। इसके बाद वह चौधरी के 'राजनीतिक संरक्षक' के रूप में देखे जाने लगे। राजनीतिक गलियारों में यहां तक चर्चा है कि उनके करीबी कहते सुने जा रहे हैं—अध्यक्ष भले पंकज चौधरी हों, पर असली 'चौधराहट' तय मैं ही करूंगा।

### गोरखपुर में पहला दौरा, तैयारियों का लिया जायज़ा

इधर नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के 5 जनवरी को गोरखपुर क्षेत्र में प्रथम आगमन को लेकर तैयारियां तेज हैं। परिचयात्मक बैठक के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आने वाले दिनों में बड़े बदलाव के संकेत

भाजपा के अंदरखाने में मंथन का दौर जारी है। संगठनात्मक संरचना के पुनर्निर्माण की सरगर्मियों के बीच यह चर्चा तेज है कि बहुत जल्द कई नए समीकरण सामने आ सकते हैं। ब्राह्मण नाराजगी, नई नेतृत्व शैली और पुराने नेताओं की सक्रियता—तीनों ने मिलकर सियासत का पारा चढ़ा दिया है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 'चौधरी की चौधराहट' आखिर किसके हाथ मजबूत करती है।

# लखनऊ में कक्षा-8 तक के स्कूल 8 जनवरी तक रहेंगे बंद

- कक्षा 9 से 12 की कक्षाएं सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक होंगी
- लखनऊ जिलाअधिकारी ने ठंड को लेकर दिया आदेश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**


कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ
आदेश

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शीतलहर और घने कोहरे के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों को बड़ी राहत दी है। वही मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर जिलाधिकारी विशाख जी ने प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में 8 जनवरी तक छुट्टी घोषित कर दी है। 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चलेंगी। जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले में संचालित समस्त परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, सहायता प्राप्त विद्यालय, सभी बोर्डो से मान्यता प्राप्त विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के साथ-साथ राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक 08 जनवरी तक अवकाश रहेगा। यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वही कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं पूर्व निर्धारित समय के बजाय अब सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक संचालित की जाएंगी। जिला प्रशासन का मानना है कि देर से कक्षाएं शुरू होने से शीतलहर और घने कोहरे के दौरान छात्रों को होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय स्तर पर अनुपालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

## आबकारी विभाग को दिसम्बर तक हुई 39,695.73 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसम्बर तक 39,695.73 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है, जो कि गतवर्ष 2024-25 में दिसम्बर तक प्राप्त राजस्व 34,544.09 करोड़ रुपये के सापेक्ष 14.91 प्रतिशत अर्थात 5,151.64 करोड़ का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।आबकारी मंत्री ने बताया कि दिसम्बर 2025 तक प्रदेश का लक्ष्य 43,400 करोड़ निर्धारित था। लक्ष्य के सापेक्ष 91.46 प्रतिशत का राजस्व अर्जित किया गया है। दिसम्बर 2025 में 4,551.62 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है।




## यशवीर लोधी ने जरूरतमंदों में कंबल किये वितरण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पी.डी.ए के जननायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेरणा से यशवीर लोधी ने 169 विधानसभा बीकेटी क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत विधवा माताओं, दिव्यांगो एवं गरीब जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरण किया। बता दें कि यह कार्यक्रम सोमवार ग्राम नगुवामऊ खुर्द में जिला उपाध्यक्ष 'प्रधान' गुड्डू लोधी के आवास पर संपन्न हुआ। इस दौरान यशवीर लोधी ने कहा कि जरूरतमंदों में कंबल वितरण करना पुण्य का काम है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के युवा नेता यशवीर लोधी,बूथ अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय, दिपेंन्द्र लोधी अन्य समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बीएमसी चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र जाएंगे यूपी के दस भाजपा नेता
## रमेश मिश्रा और शलभ मणि त्रिपाठी भी शामिल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ/मुंबई**


भारतीय जनता पार्टी - मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी प्रचार की तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने हैं। संगठनात्मक मजबूती और चुनावी प्रबंधन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को मुंबई भेजे जाने की तैयारी की गई है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष और संगठन मंत्री को पत्र भेजकर सहयोग का अनुरोध किया गया है।
जानकारी के अनुसार बीएमसी चुनाव को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के अनुभवी नेताओं के मार्गदर्शन और सक्रिय सहयोग की आवश्यकता जताई गई है। इसी क्रम में यूपी के दस प्रमुख नेताओं का पैनल तयार किया गया है, जिन्हें उपलब्धता के आधार पर प्रचार अभियान में शामिल किया जाएगा। सूची में अपर्णा यादव, दिनेश (केसरी) लाल यादव निरहुआ, सुरेंद्र चौरसिया, मनिष कुमार जैसवाल, रवि किशन, देवरिया विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, अवधेश सिंह, बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा, छोटूराम और रमेश जैसवाल के नाम शामिल हैं। ये नेता मुंबई में विभिन्न वार्डो में जनसभाओं, संपर्क अभियानों और कार्यकर्ता बैठकों के माध्यम से पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाएंगे। बीजेपी नेताओं का मानना है कि उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय चेहरों की मौजूदगी से कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। बीएमसी चुनाव को लेकर मुंबई में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा इसे प्रतिष्ठा का चुनाव मानकर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। प्रदेश नेतृत्व से अनुरोध किया गया है कि सूचीबद्ध नेताओं को उपलब्धता के अनुसार प्रचार हेतु मुंबई भेजने की कृपा करें। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि उत्तर प्रदेश के नेताओं के अनुभव और ऊर्जा से चुनावी समीकरण भाजपा के पक्ष में मजबूत होंगे।

# रामपथ सौंदर्यीकरण, नई पार्किंग, सीवर व यात्री सुविधाओं को लेकर चरणबद्ध क्रियान्वयन पर सहमति

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



अयोध्या नगर के समग्र और सुव्यवस्थित विकास को गति देने के उद्देश्य से अयोध्या विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने सहभागिता करते हुए शहर के बुनियादी ढांचे, यात्री सुविधाओं, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक समस्याओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। बैठक में लिए गए निर्णयों को चरणबद्ध और समयबद्ध तरीके से लागू करने पर सहमति बनी। बैठक में सबसे पहले रामपथ के सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित विकास पर चर्चा हुई। लता मंगेशकर चौक से बिरला धर्मशाला तक स्थित दुकानों की छाजन/शेड को एकरूप और सुव्यवस्थित स्वरूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया, जिससे रामपथ की सुंदरता बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। नाका फतेहगंज क्षेत्र में नई पार्किंग व्यवस्था विकसित करने पर भी सहमति बनी। इससे यातायात दबाव कम होगा और स्थानीय नागरिकों व श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन मिलेगा। इसके साथ ही चौक स्थित विद्यालय परिसर में वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। रामपथ पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए नए सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण पर चर्चा हुई। वहीं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए रामपथ पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण किए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि अयोध्या में विकसित होने वाली सभी नई कॉलोनियों को पूर्णतः नियोजित स्वरूप में विकसित किया जाएगा। रामचंद्र परमहंस वार्ड के नयापुरवा और अशोक सिंघल नगर वार्ड के अहिरान क्षेत्र की कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। हनुमान कुंड वार्ड के गुड़ियाना क्षेत्र में सीवर समस्या के समाधान के लिए सक्शन मशीन से व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया। कौशलपुरी और साकेतपुरी कॉलोनियों में भी सीवर समस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर दिया गया। अंत में अयोध्या कैंट क्षेत्र के फुटपाथों पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंडलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीका राम फुंडे, प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर भाजपा जिलाध्यक्ष व बीकेटी विधायक ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी





**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

श्री राम जन्म भूमि आंदोलन के नायक राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हिंदू हृदय सम्राट श्रद्धेय कल्याण सिंह की जयंती के अवसर पर बीकेटी भाजपा विधायक योगेश शुक्ला व लखनऊ जिलाध्यक्ष विजय मौर्य बृज ट्रेडर्स बृज चौराहा, लखनऊ में पुष्पांजलि कार्यक्रम में बाबूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला कहा कि श्रद्धेय कल्याण सिंह 'बाबूजी' का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र, समाज और संस्कृति के प्रति समर्पित रहा है, उनका समर्पण, विशेषकर राम मंदिर निर्माण के प्रति उनका अडिग संकल्प, करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा और राष्ट्र और धर्म के प्रति उनकी सेवा अतुलनीय है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव, जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापती, मंडल अध्यक्ष अक्षय मौर्या, कार्यक्रम संयोजक अनिल राजपूत, मुकेश गुप्ता, अभिजीत विशन, राजेंद्र शर्मा,मुकेश गुप्ता, मोहम्मद आवेश, दिनेश यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# एडीएम की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस संपन्न

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

**मलिहाबाद।** तहसील समाधान दिवस एडीएम आपूर्ति ज्योति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस दौरान तहसील क्षेत्र से अवैध कब्जे से लेकर चोरी सहित 68 शिकायतें आयी जिसमे 7 मामले निस्तारित किये गए।सहिलामऊ निवासी तहसीन बताया उनकी दो पुत्रियों नादिया बानो व सारिया बानो का जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाने हेतु लगभग दो महीने पूर्व शपथ-पत्र दाखिल किया था किन्तु अभी तक नाबालिग पुत्रियों का जन्म प्रमाण पत्र जारी नही किया गया है। जिससे प्रार्थिनी को काफी परेशानी हो रही है। जब सचिव को कॉल करती है तो सचिव कॉल नहीं उठाते है।एडीएम ने जांचकर कार्यवाही के मार्क किया।रुसेना मजरे मोहज्जीपुर के विमलेश कुमार ने प्रार्थना पत्र देखकर आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 224 जो चक मार्ग में दर्ज है उसको जबरन नंदलाल, मुकेश कब्जा कर रहे हैं इसको छुड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया एसीपी ने आश्वासन दिया है कि जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी।तहसील के अधिवक्ताओं ने चैंबरों में हो रही चोरी को रोक लगाने व निगरानी के लिए तहसील परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की माँग की वहीं चंदन निवासी अमानीगंज मजरा कसमंडी खुर्द ने शिकायती पत्र देकर यह आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 2955 सा खातेदार है जिसका मुकदमा न्यायालय सिविल जज के यहां विचाराधीन है उसके बावजूद भी रामकुमार आदि लोग चल रहे मुकदमे वाली जमीन पर आम के पेड़ कटवा रहे रुकवाने की मांग की वहीं एडीएम ने मलिहाबाद इंस्पेक्टर को जांच कर उचित कार्रवाई करने के लिए आदेश दिया।समाधान दिवस पर एसडीएम अंकित कुमार, तहसीलदार,एसीपी और अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाथ नगरी में उमड़े पर्यटक, नाथ कॉरिडोर ने बदली तस्वीर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले विजन का असर अब साफ दिखने लगा है। नाथ नगरी बरेली में आस्था की ऐसी बयार चली है कि पर्यटकों की संख्या एक करोड़ के पार पहुंच गई है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु और सैलानी अब बरेली को प्रमुख धार्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में 81.56 लाख, 2024 में 99.13 लाख, जबकि 2025 में 1 करोड़ से अधिक पर्यटक बरेली पहुंचे। विदेशी पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। 2023 में जहां 911 विदेशी आए थे, वहीं 2025 में यह संख्या 1056 तक पहुंच गई है.योगी सरकार द्वारा अयोध्या, मथुरा और काशी की तरह धार्मिक स्थलों को पर्यटन से जोड़ने की नीति का लाभ अब बरेली को भी मिल रहा है। स्मार्ट सिटी बरेली में मौजूद सात नाथ मंदिरों को जोड़कर नाथ कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण के काम तेजी से चल रहे हैं। नाथ कॉरिडोर के पूर्ण होने के बाद पर्यटकों की संख्या में और उछाल आने की संभावना जताई जा रही है।योगी सरकार सिर्फ भीड़ नहीं, बल्कि पर्यटकों के ठहराव पर भी जोर दे रही है। लाइट एंड साउंड शो की तैयारियां की जा रही हैं और होम स्टे योजना के तहत आवास विकसित किए जा रहे हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार जनवरी से मार्च और सितंबर से दिसंबर के बीच पर्यटकों की आवाजाही सबसे अधिक रहती है।जनवरी 2023 में 6.20 लाख भारतीय, जनवरी 2024 में 7.05 लाख और जनवरी 2025 में 7.76 लाख भारतीय पर्यटक बरेली पहुंचे। नवंबर और दिसंबर पर्यटन के लिहाज से सबसे बेहतर साबित हो रहे हैं, जब 2025 में 10.56 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक जिले में आए।उप निदेशक पर्यटन रवींद्र कुमार ने बताया कि जिले में पर्यटकों की गणना के लिए होटल, धर्मस्थल, वीडियोग्राफी सर्वे का सहारा लिया जाता है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर वार्षिक मूल्यांकन किया जाता है। जिले में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

## निर्यातको को विपणन विकास के लिए अनुमन्य सहायता राशि में वृद्धि

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा त्वरित निर्यात विकास प्रोत्साहन योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाओं कोसमयानुकूल, युक्तिसंगत और अधिक उपयोगी बनाये जाने के दृष्टिगत प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र के निर्यातकों को विदेशी मेला व प्रदर्शनी में भाग लेने पर स्टाल चार्जेज पर वास्तविक व्यय का 75 प्रतिशत अधिकतम 3.25 लाख रूपये तथा हवाई यात्रा पर 1.25 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुमन्य की गयी है। प्रचार, प्रसार, कैटेलाग, विज्ञापन, वेबसाइट आदि पर होने वाले व्यय पर अनुमन्य सहायता राशि 0.75 लाख रूपये से बढ़ाकर 1 लाख रूपये प्रति निर्यातक प्रति वर्ष कर दी गयी है। विदेशी क्रेताओं को नमूनों के प्रेषण में हुए व्यय पर अनुमन्य सहायता राशि को 1 लाख रूपये से बढ़ाकर 2 लाख रूपये प्रति निर्यातक प्रति वर्ष की गयी है। सहायता राशि 25 लाख रुपये प्रति निर्यातक प्रति वर्ष की वित्तीय सहायता अनुमन्य की गयी है।

# सड़क हादसे में युवक दो भैंस की हुई मौत, तेज रफ्तार कार ने मारी ज़ोरदार टक्कर, गुस्साए परिजनों ने सड़क किया जाम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट के दुबग्गा थाना क्षेत्र में सोमवार को आउटर रिंग रोड पर एक सड़क हादसा हो गया। वही एसएचएम अस्पताल के सामने आउटर सर्विस रोड पर एक तेज रफ्तार डिजायर कार बेकाबू होकर,सड़क किनारे भैंस चरा रहे एक युवक और दो भैंस को रौंदते हुए पलट गई, हादसे में एक युवक और दो भैंस की मौत हो गई। वही हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने आउटर रिंग रोड पर जाम लगा दिया, जिससें यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही काकोरी और दुबग्गा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर, पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया। लेकिन, गुस्साए लोगों ने सड़क जाम करके प्रदर्शन किया। वही मृतक की पहचान काकोरी थाना क्षेत्र के बनिया खेड़ा निवासी 18 वर्षीय गोलू पुत्र लल्लन के रूप में हुई है। वही बताया गया कि गोलू प्रतिदिन की तरह एसएचएम अस्पताल के सामने सड़क किनारे भैंस चरा रहा था, तभी तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार बेकाबू होकर उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया,पुलिस प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन का संतुलन बिगड़ना हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (एसएलसीसीसी) की द्वितीय बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- जनगणना-2027 की तैयारियों को समयबद्ध एवं डिजिटल रूप से मजबूत बनाने के निर्देश
- 01 जनवरी, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक किसी भी प्रशासनिक इकाई में क्षेत्राधिकार संबंधी नहीं किया जाएगा कोई परिवर्तन

प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (एसएलसीसीसी) की द्वितीय बैठक आयोजित की गई।बैठक में जनगणना-2027 के सफल एवं कुशल संचालन हेतु व्यापक चर्चा की गई तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य सचिव ने जनगणना-2027 की तैयारी कार्यो के समयबद्ध निष्पादन, प्रभावी अंतर-विभागीय समन्वय तथा डिजिटल साधनों के समुचित उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रशिक्षण की महत्ता को रेखांकित करते हुए प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उपयुक्त प्रशिक्षकों के चयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, जनगणना के सुचारु संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के भी निर्देश दिए। समिति ने निर्णय लिया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण अर्थात् हाउस लिस्टिंग एवं आवास जनगणना का क्षेत्रीय कार्य मई-जून 2026 के दौरान उत्तर प्रदेश में कराया जाएगा। इस कार्य में लगभग छह लाख कार्मिकों की तैनाती की जाएगी तथा आंकड़ों का संग्रहण, प्रविष्टि, सत्यापन एवं अनुश्रवण पूर्णतः डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित हो सकेगी। यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य की सभी प्रशासनिक इकाइयाँ 31 दिसंबर, 2025 की स्थिति के अनुसार स्थिर (फ्रीज़) रहेंगी तथा 01 जनवरी, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक किसी भी प्रशासनिक इकाई में क्षेत्राधिकार संबंधी कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, जैसा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा निर्देशित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग को राज्य नोडल विभाग नामित किया गया है, जो राजस्व, गृह, शिक्षा, नगर विकास एवं पंचायती राज सहित सभी संबंधित विभागों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करेगा। बैठक में जनगणना पदाधिकारियों की नियुक्ति, सभी जिलों में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समितियों के गठन, तकनीकी सहायता, वित्तीय मानदंड एवं जनगणना कार्मिकों के मानदेय से संबंधित निर्णय भी लिए गए। समिति द्वारा 28 अक्टूबर, 2025 को आयोजित पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। बुलंदशहर, बहराइच एवं प्रयागराज के चयनित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्री-टेस्ट-2027 (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस - HLO) के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया गया तथा प्राप्त फीडबैक को कार्ययोजना को और सुदृढ़ बनाने हेतु सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निदेशक (जनगणना कार्य), उत्तर प्रदेश श्रीमती शीतल वर्मा द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, समय-सीमा एवं जनगणना-2027 की कार्ययोजना पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने अवगत कराया कि आगामी जनगणना के द्वितीय चरण में जाति गणना की जाएगी तथा नागरिकों को पहली बार स्व-गणना की सुविधा प्रदान की जाएगी। जनगणना-2027 का संपूर्ण संचालन डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास श्री सौरभ बाबू, सचिव नगर विकास श्री अनुज कुमार झा, सचिव गृह श्री मोहित गुप्ता, विशेष सचिव सामान्य प्रशासन श्री जुहैर बिन सगीर, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद श्रीमती कंचन वर्मा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती मोनिका रानी सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# श्रवण धाम महोत्सव में भक्ति, संस्कृति और लोककला का होगा महासंगम

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार, श्रवण धाम महोत्सव-2026 के भव्य आयोजन के संबंध में सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे एवं जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद एवं जिलाधिकारी द्वारा तीन दिवसीय श्रवण धाम महोत्सव-2026 की औपचारिक शुरुआत का संदेश पत्रकार के माध्यम से जनपदवासियों तक पहुंचा गया।

### 18 से 20 जनवरी तक आयोजित होगा श्रवण धाम महोत्सव-2026

इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे ने बताया कि जनपद अम्बेडकरनगर के पौराणिक एवं ऐतिहासिक तीर्थस्थल श्रवण क्षेत्र धाम में 18 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाला यह तीन दिवसीय महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति, कला और लोक परंपराओं का भव्य संगम सिद्ध होगा। यह आयोजन जनपद की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय फलक पर स्थापित करने के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन, लोककला संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को नई दिशा प्रदान करेगा।

### व्यापक तैयारियों के साथ होगा भव्य आयोजन

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रवण धाम महोत्सव-2026 को भव्य, सुव्यवस्थित और स्मरणीय बनाने हेतु प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। महोत्सव में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक गतिविधियों को समाहित किया गया है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में पद्मश्री अनूप जलोटा, सुप्रसिद्ध भजन गायक, अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे।

वहीं, प्रख्यात कवि एवं विचारक कुमार विश्वास की उपस्थिति में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन साहित्य प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा, जिसमें देशभर से आमंत्रित कवि अपनी ओजस्वी एवं राष्ट्रप्रेरक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अतिरिक्त अमित दीक्षित, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत भव्य रामलीला का मंचन भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सजीव रूप में प्रस्तुत करेगा।

## डीएम-एसपी ने गेगासो गंगा घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने मकर संक्रांति पर्व स्नान को लेकर गेगासो गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने मकर संक्रांति पर्व स्नान को लेकर गेगासो गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।
जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मकर संक्रांति पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है, काफी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिये आते है, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये पेयजल, शौचालय, प्रकाश, साफ-सफाई, पार्किंग, सुरक्षा इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, जिससे गंगा स्नान के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हों।

## समाधान दिवस में पहुंची महिला हाथ में पोस्टर लेकर,बोली, 'साहब हम जिंदा हैं' जमीन हड़पने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



तहसील दिवस के अवसर पर सोमवार को अमेठी तहसील परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब एक महिला हाथ में ÷साहब हम जिंदा हैं÷ लिखा पोस्टर लेकर न्याय की गुहार लगाते हुए पहुंची।महिला ने आरोप लगाया कि उसे न्यायालयी अभिलेखों में मृत दर्शाकर उसकी पैतृक भूमि हड़पने की साजिश रची जा रही है।थाना गौरीगंज क्षेत्र के ग्राम बन्ना टीकर निवासी रामलली सिंह पत्नी स्वर्गीय अवध नारायण सिंह ने बताया कि उनके मायके तहसील अमेठी के ग्राम घोरहा स्थित बाग की भूमि में उनका वैधानिक हिस्सा है।इसी भूमि को लेकर गांव के ही कपिलदेव द्वारा एसडीएम न्यायिक न्यायालय में धारा 116 के अंतर्गत बंटवारे का वाद दाखिल किया गया, जिसमें उन्हें छलपूर्वक मृत दिखा दिया गया।पीड़िता का आरोप है कि उनके वास्तविक वारिस पुत्र अरविंद सिंह एवं धर्मेंद्र सिंह को जानबूझकर वारिस नहीं दर्शाया गया,जबकि गांव के ही एक व्यक्ति को फर्जी रूप से उनका वारिस बनाकर न्यायालय में झूठा शपथ पत्र दाखिल किया गया।इतना ही नहीं,उनकी मृत बहन पार्वती, जिनकी कोई संतान नहीं थी,उनके भी फर्जी वारिस दिखाकर भूमि हड़पने का प्रयास किया गया।महिला ने तहसील परिसर में पोस्टर के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा,÷साहब, हम जिंदा हैं,इसके बावजूद हमें कागजों में मरा हुआ दिखाकर हमारी जमीन हड़पने की साजिश की जा रही है।इस मामले में एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है।प्रकरण से संबंधित दस्तावेजों की जांच कराई जा रही है।यदि फर्जीवाड़ा पाया गया तो दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।पीड़िता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

## सदर तहसील के तटबंधों का डीएम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद में आगामी वर्षा एवं बाढ़ की संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा तहसील सदर अंतर्गत कोडरी घाट पर निर्मित तटबंध एवं बेलवा सुल्तानजोत स्थित एमएलटीडी तटबंध का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य पूर्व में कराए गए तटबंध कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा बाढ़ से पूर्व आवश्यक सुधारात्मक एवं निवारक कार्यों को समय रहते पूर्ण कराना रहा।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तटबंधों की मजबूती, कटाव की संभावनाओं, जल प्रवाह की दिशा तथा पूर्व में किए गए कार्यों की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तटबंधों में जहां-जहां गैप, कमजोर स्थान अथवा कटाव की संभावना हो, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करते हुए तत्काल भराव एवं सुदृढ़ीकरण की कार्ययोजना तैयार की जाए।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी अंतिम समय पर न होकर अभी से योजनाबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए, उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें तथा तटबंधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद की ड्रेनेज हिस्ट्री, जलभराव वाले क्षेत्रों, नदियों एवं नालों के स्लोप (ढाल) तथा विगत वर्षों में आई बाढ़ के अनुभवों का विस्तृत अध्ययन कर तटबंध एवं ड्रेनेज से संबंधित कार्यों को योजनाओं में सम्मिलित किया जाए, ताकि स्थायी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पहाड़ी नालों के ड्रेनेज सिस्टम पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिए कि पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले जल के निर्बाध एवं सुरक्षित निकास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाढ़ एवं तटबंध से संबंधित आवश्यक कार्यों के लिए माननीय विधायकगण से प्रस्ताव आमंत्रित कर उन्हें नियमानुसार कार्ययोजनाओं में सम्मिलित किया जाए, जिससे जनप्रतिनिधियों के सुझावों एवं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकासात्मक एवं सुरक्षा संबंधी कार्य सुनिश्चित हो सकें। जिलाधिकारी ने अंत में संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## सोशल आडिट टीमों के गठन के लिए अभ्यर्थी करें आवेदन: डीएम

**रायबरेली** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि सोशल आडिट, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा ग्राम पंचायतों में निर्दिष्ट योजनाओं यथा मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा अन्य विभागों के अन्तर्गत कराए गए कार्यों का सोशल आडिट कराये जाने हेतु ब्लाक स्तर पर 04 सदस्यीय सोशल आडिट टीमों के पैनल तैयार करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जिसमें प्रत्येक सोशल आडिट टीम में सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति/जनजाति, तथा जॉब कार्ड धारक श्रमिक अथवा उसके पात्र पुत्र/पुत्री प्रत्येक श्रेणी से एक-एक सदस्य होंगे। उक्त में से न्यूनतम एक सदस्य का महिला होना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थी के साथ सहायता समूह (एस0एच0जी0) सदस्य होने पर उसे वरीयता दी जायेगी।
जिलाधिकारी ने शैक्षिक अर्हता के बारे में बताया है कि हाईस्कूल उत्तीर्ण होना चाहिए। श्रमिक के मामले में हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर चयन समिति द्वारा शैक्षिक अर्हता शिथिलनीय। सोशल आडिट टीम का सदस्य नामित होने हेतु उसी विकास खण्ड का निवासी होना अनिवार्य है।

# तहसील उतरौला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी शिकायते

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



सोमवार को जिले के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया तहसील उतरौला में आयोजित समाधान दिवस में जिला अधिकारी विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने स्वयं पहुंचकर लोगों की शिकायतों को सुना और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया।
इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।
जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवाद, राजस्व एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं है, इसकी नियमित निगरानी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जाए, जिससे सार्वजनिक स्थलों की उपयोगिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमों के अनुरूप, पारदर्शी एवं सतत रूप से की जाए।
इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण परिवार रजिस्टर होने की स्थिति में नए परिवार रजिस्टर तैयार कराने के निर्देश दिए, ताकि अभिलेखों का अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित हो सके।
उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में तहसील तुलसीपुर एवं बलरामपुर में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां जनशिकायतों को सुना गया एवं उनके निस्तारण की कार्रवाई की गई। इस दौरान एसडीएम उतरौला, सीओ उतरौला, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के आरोपों से उबला अधिवक्ता समाज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मुसाफिरखाना तहसील परिसर सोमवार को उस समय गरमा गया, जब एसडीएम अभिनव कन्नौजिया पर भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।बड़ी संख्या में वकील सड़क पर उतरे, नारेबाजी की और तहसील की दीवारों पर विरोधी पोस्टर चस्पा कर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया।प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम द्वारा अधिवक्ताओं के साथ अमर्यादित व्यवहार किया जा रहा है तथा कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है। वकीलों ने हाथों में तख्तियां लेकर ÷भ्रष्टाचार बंद करो÷ और ÷एसडीएम हटाओ÷ जैसे नारे लगाए।अधिवक्ताओं का कहना है कि यह आंदोलन कई दिनों से जारी है और बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।इसी के चलते अधिवक्ताओं ने सोमवार को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसील परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया।कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ पीएसी और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर मौजूद रहीं, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा।अधिवक्ता समाज ने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक एसडीएम को हटाने की मांग पूरी नहीं की जाती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा और आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# पोषण आहार न मिलने से उबली महिलाएं

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बच्चों को समय से पोषण आहार न मिलने से आक्रोशित महिलाओं ने सोमवार को विकास भवन परिसर में लाठी-डंडों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया।सैकड़ों की संख्या में जुटीं महिलाओं ने शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या कासमाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि शासन द्वारा बीते छह वर्षों से बच्चों के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जा रही है, इसके बावजूद पिछले तीन महीनों से पोषण आहार का वितरण पूरी तरह ठप है। इससे छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है और कुपोषण का खतरा बढ़ता जा रहा है।महिलाओं ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग की लापरवाही और मनमानी के कारण ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है।प्रदर्शन का नेतृत्व महिला किसान नेत्री रीता सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था।और एक माह के भीतर कार्रवाई का आश्वासन मिला था, लेकिन अब तक न तो वितरण शुरू हुआ और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई की गई।प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने विकास भवन पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता करने का प्रयास किया और स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पोषण आहार वितरण बहाल नहीं किया गया तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए,तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।महिलाओं ने कहा कि यह मुद्दा सीधे तौर पर बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य से जुड़ा है, जिसे किसी भी कीमत पर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

## मनबढ़ प्रत्याशी पर धमकाने और मारपीट का मुकदमा हुआ दर्ज

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र में उस वक्त माहौल गर्म हो गया, जब जिला पंचायत क्षेत्र रामनगर पूर्वी के लखनडीह ग्राम निवासी एक मनबढ़ जिला पंचायत प्रत्याशी रजनीकांत यादव पर मारपीट और धमकाने व जान से मारने की धमकी देने पर केस दर्ज हुआ।घटना नगर पंचायत जहांगीरगंज के बावली चौक के पास सोमवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, रमेश मौर्य किसी दुकान पर नाश्ता करने जा रहे थे, तभी आरोपी ने उन्हें देखकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि जैसे ही घटना का वीडियो बनाना चाहा, उनका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया गया और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर पुलिस के आने से पहले दुम दबाकर भाग गए।स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। रमेश मौर्य ने तत्काल थाना जहांगीरगंज पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिए और प्रार्थना पत्र के आधार पर जहांगीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है रमेश मौर्य ने तत्काल थाना जहांगीरगंज पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिए और प्रार्थना पत्र के आधार पर जहांगीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है
थानाध्यक्ष जहांगीरगंज अजय प्रताप यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आजादी के 78 साल बाद भी सड़क से वंचित गोसाईं का पुरवा,विकास के दावे कीचड़ में धंसे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



देश को आज़ाद हुए दशकों बीत चुके हैं,सरकारें बदलीं योजनाएं आईं और विकास के बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन जनपद के सिंहपुर ब्लॉक अंतर्गत चिलौली ग्राम पंचायत का मजरा गोसाईं का पुरवा आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहा है।ग्रामीणों का कहना है,कि आजादी के बाद से अब तक गांव की मुख्य सड़क का निर्माण नहीं हो सका,जो विकास के तमाम दावों पर करारा तमाचा है।गांव की हालत यह है,कि मुख्य मार्ग सालभर कीचड़ और पानी से भरा रहता है। बरसात में रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है,जिससे बच्चों का स्कूल जाना लगभग असंभव हो जाता है।गर्भवती महिलाओं,बुजुर्गों और बीमारों को अस्पताल तक पहुंचाना ग्रामीणों के लिए रोज़ की जंग बन गया है।कई बार तो चारपाई पर मरीज उठाकर ले जाने की नौबत आ जाती है।ग्रामीणों का आरोप है,कि इस समस्या को लेकर दशकों से अधिकारी और जनप्रतिनिधि सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन देते आ रहे हैं।न तो इंटरलॉकिंग,न सीसी रोड,न ईंट की सड़क और न ही जल निकासी के लिए नाली–सब कुछ कागज़ों में ही सीमित रह गया।ग्रामीणों ने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता और गांव के साथ खुला भेद भाव बताया।ग्रामीणों का कहना है कि जहां हाईवे और बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रातोंरात सड़कें बना दी जाती हैं,वहीं गांव की एक अदद सड़क के लिए ग्रामीणों को पीढ़ियों से इंतजार कराया जा रहा है।यह सवाल अबसिर्फ सड़क का नहीं,बल्कि ग्रामीणों के सम्मान अधिकार और बराबरी के विकास का बन गया है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है,कि यदि शीघ्र ही स्थल निरीक्षण कराकर पक्की सड़क और नाली का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे मजबूर होकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष आंदोलनात्मक कदम उठाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## एनटीपीसी ऊँचाहार में नए परियोजना प्रमुख ने कार्यभार संभाला

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊँचाहार में बिश्व मोहन सिंह ने नए परियोजना प्रमुख के रूप मे कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करते ही वरिष्ठ अधिकारियों, विभाग प्रमुखों के साथ परिचय प्राप्त किया तथा ऊँचाहार परियोजना की कार्य प्रणाली की जानकारी ली। कार्यभार ग्रहण करने के दिन ही सिंह ने बालिका सशक्तिकरण की शीतकालीन कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और प्रतिभागी बालिकाओं के उज्जवल भविष्य को संवारने के लिए चलाए जा रहे अभियान हेतु सी एस आर टीम की सराहना की।
नवागत परियोजना प्रमुख सिंह को विद्युत उत्पादन प्रणाली की गहन तकनीकी विशेषज्ञता हासिल है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री किए हुए सिंह का पावर जनरेशन में व्यापक अनुभव है। ऊंचाहार परियोजना प्रमुख बनने के पहले सिंह एनटीपीसी दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) के परियोजना प्रमुख थे। बिश्व मोहन सिंह ने एनटीपीसी मुख्यालय के साथ साथ एनटीपीसी के फरक्का, तालचेर, कोल माइनिंग, ज्वाइंट वेंचर सहित पावर मैकेनिज्म के विभिन्न कार्यक्षेत्रों में काम कर चुके हैं।

# प्रशस्ति पत्र देकर शिक्षक को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । सलोंन, रायबरेली**



भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा लखनऊ कार्यालय एक समारोह में रायबरेली के शिक्षक मोहम्मद वसीम को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कोई भी सफलता संघर्ष के बिना संभव नहीं हैद्य संघर्ष से सीखना व्यक्ति में आत्मविश्वास का भाव पैदा करता है द्यइससे नई क्षमताएं विकसित होती हैं। और समस्याओं को सुलझाने के नए तरीके सृजित होते हैं द्य जब हम किसी मुश्किल परिस्थिति का सामना करते हैं तो हमें अपनी सीमाओं और क्षमताओं का बेहतर आकलन करने का मौका मिलता हैद्य इस तरह हम अपने भीतर की शक्ति को पहचानते हैं और पाते हैं की चुनौतियों का सामना कैसे किया जा सकता हैद्य यह विचार मोहम्मद वसीम प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार सलोन ने लखनऊ में सत्र 2024- 25 में निपुण विद्यालय होने पर आयोजित कार्यक्रम के सुअवसर पर माननीय अमील शम्सी प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ भाजपा उत्तर प्रदेश के कर कमलोद्वारा निपुण विद्यालय प्रशस्ति पत्र मिलने के बाद कहेद्य अमील शम्सी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों कर्मचारियो को समय-समय पर उनके द्वारा किए गए नए प्रयासों के लिए सम्मानित करती हैद्य मोहम्मद वसीम को सम्मान मिलने के पश्चात सलोंन के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है तथा मोहम्मद वसीम को बधाई दी हैद्य बधाई देने वालों में अध्यक्ष एवं मंत्री प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, सेवानिवृत्त शिक्षक संगठन के साथ-साथ समाजसेवी भी शामिल हैं ।विशेष रूप से मोहम्मद इस्माइल खान, अजय सिंह,सै0 साजिद अली ज़ैदी,बीना,बबली गुप्ता,लालता प्रसाद,हर्ष बहादुर सिंह तलत एजाज, पूर्व सभासद इसरार हैदर रानू, इरफान सिद्दीकी, शरीफ रायनी ,राजेश मिश्र, गौरव शर्मा ,मोहम्मद कासिम हुनर ,अब्दुल वहाब,मौलाना इनायत उल्लाह,अबुल हसन,माहताब खान,महफूज़ हक़ आदि ने मोहम्मद वसीम की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

## जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली द्वारा सभी बैंक संचालकों को नये वर्ष की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी

**रायबरेली।** जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली के सभागार में बैंक की प्रबंध समिति की बैठक दिनांक 05.01.2026 को आहूत की गयी, जिसमें मा0 विवेक विक्रम सिंह अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली द्वारा सभी बैंक संचालकों को नये वर्ष की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी, और बैठक में बैंकिंग क्षेत्र को बढावा देने, बैंक एवं बी-पैक्स के माध्यम से किसानों को दी जा रही अल्पकालीन फसली ऋण, उर्वरक, बीज, कीटनाशक एवं अन्य सुविधाओं को निरन्तर बनाये रखने हेतु जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से चलाई जा रही अनेक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु बैंक प्रबन्ध समिति द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में अल्पकालीन फसली ऋण वितरण, वसूली, एन0पी0ए0 वसूली एवं निक्षेप वृद्धि की समीक्षा की गयी, समीक्षा उपरान्त उपरोक्त योजनाओं में वृद्धि, विविधीकरण के अन्तर्गत ऋण वितरण, शाखा से केसीसी ऋण वितरण, बैंक व्यवसाय में वृद्धि किये जाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये तथा वाहन ऋण के ब्याज दर को कम किये जाने का भी निर्णय लिया गया।

# बुलेट चोरी कर भाग रहे दो शातिर चोरों को पुलिस ने गस्त के दौरान दबोचा




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कल्याणपुर पुलिस ने देर रात सब्जी मंडी के पास से आढ़ती की बुलेट चोरी कर भाग रहे दो वाहन चोरों को पुलिस ने गस्त के दौरान धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ के बाद उसके अन्य साथियो की तलाश में जुटी है।

कल्याणपुर थाना क्षेत्र इंद्रा नगर में देर रात दो शातिर वाहन चोर इंद्रा नगर सब्जी मंडी से सब्जी आढ़ती विजय पांडेय की बुलेट खड़ी थी। विजय पांडेय ने बताया कि रविवार रात करीब 11बजे वह सब्जी मंडी में पेड़ के नीचे अपनी बुलेट खड़ी कर काम करने लगे तभी दो शातिर चोर डुप्लीकेट चाबी लगाकर बुलेट पार कर दी। उनको जब बुलेट नहीं मिली तो उन्होंने 112 नंबर डायल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची। और घटना की जाँच पड़ताल शुरू की। देर रात करीब दो बजे पुलिस गस्त कर रही थी। तभी दो शातिर चोर बुलेट ले जाते पैदल दिखे। पुलिस को देखते ही शातिर चोरों ने भागने का प्रयास किया। मगर पुलिस टीम ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब चोरों से बुलेट की असली चाबी मांगी तो वह नहीं दे सके शक होने पर पुलिस उन्हें थाने ले आई। पूछताछ के दौरान शातिर चोरों ने बुलेट चोरी की घटना कबूल करते हुए बताया कि उनका नाम प्रशांत तिवारी व दूसरे का शिवम राजपूत बताया पुलिस दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

**बोले थाना प्रभारी**

कल्याणपुर थाना प्रभारी राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि देर रात वह अपनी टीम के साथ गस्त कर रहे थे तभी दो युवक बुलेट लेकर जा रहे थे शक होने पर पूछताछ कि तो बुलेट चोरी कि निकली पीड़ित ने बुलेट चोरी कि तहरीर थाने में दी है मात्र दो घंटे में ही बुलेट चोरों को वाहन सहित पकड़ा गया है। मुकदमा दर्जकर दोनों को जेल भेजा जा रहा है।

## महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 07 को करेंगी जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण और उत्पीड़न की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 07 जनवरी को जिले के दौरे पर रहेंगी।

कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महिला जनसुनवाई करेंगी।

इस दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के समक्ष रख सकेंगी और न्याय की राह को आसान बना सकेंगी।

बताते चलें कि महिला आयोग के निर्देशानुसार यह जनसुनवाई उन महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है

जिन्हें उत्पीड़न के मामलों में न्याय पाने में कठिनाई हो रही है।

# बिल्हौर समाधान दिवस में दिखी प्रशासन की मानवीय संवेदनशीलता

- कंबल की आस में पहुंचे ठिठुरते मासूम को एसडीएम ने दिलवाए स्वेटर-जूते, घर भिजवाया कंबल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर ब्लॉक सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रशासन की संवेदनशील और मानवीय छवि उस समय सामने आई, जब कड़ाके की ठंड में कंबल की उम्मीद लेकर पहुंचे एक मासूम को अधिकारियों ने तुरंत राहत प्रदान की।संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम न्यायिक राजेश कुमार, एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित एवं एसीपी मंजय सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 51 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कार्यक्रम के दौरान रामपाटी गांव निवासी लगभग 10 वर्षीय किशोर सर्दी से बचाव के लिए कंबल मांगने ब्लॉक परिसर पहुंचा था। पहले उसे दो दिन बाद तहसील आने को कहा गया, लेकिन ठंड से कांपता बच्चा सीधे शिकायतें सुन रहे एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित के पास पहुंच गया।बच्चे की स्थिति देखकर एसडीएम ने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक कर्मचारी को अपने खर्च से बच्चे के साथ बाजार भेजा, जहां उसे स्वेटर और जूते दिलवाए गए। इसके साथ ही संबंधित लेखपाल को निर्देशित किया गया कि बच्चे के घर तुरंत कंबल भिजवाया जाए, जिससे उसे ठंड से राहत मिल सके।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान भूमि विवादों से जुड़े कई मामले भी सामने आए। गांगूपुर निवासी मंगली प्रसाद ने वर्ष 1972 में प्राप्त आवासीय पट्टे पर जबरन कब्जे की शिकायत दर्ज कराई।

वहीं ककवन निवासी रामनारायण ने अवैध निर्माण, जबकि लवकुश पुरम कल्याणपुर निवासी गजेंद्र सिंह ने खरीदे गए प्लॉट पर कब्जे की शिकायत की। अधिकारियों ने सभी शिकायतों में निष्पक्ष जांच एवं शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

यह संपूर्ण समाधान दिवस न केवल जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बना, बल्कि एक मासूम को मिली त्वरित सहायता के माध्यम से प्रशासन की मानवीय और संवेदनशील कार्यशैली का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया।

# मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर सपा ने कसी कमर

## बूथ स्तर पर सटीक समीक्षा के निर्देश, युवा मतदाताओं पर विशेष फोकस

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और समावेशी बनाने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत व्यापक स्तर पर सक्रियता शुरू कर दी है। इसी क्रम में सपा के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं, बूथ स्तरीय एजेंटों (क्र्र) एवं पदाधिकारियों को अपने-अपने बूथ पर अनिवार्य रूप से पहुँचकर गहन समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। विनय यादव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता सूची की शुद्धता पर निर्भर करती है। कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डुप्लीकेट, मृतक, शिफ्टेड, विवाहित एवं अनुपस्थित मतदाताओं की पहचान कर उनकी पृथक सूची तैयार करने तथा सभी तथ्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करने का आह्वान किया। साथ ही निर्देश दिए कि तैयार की गई सूचनाओं की विस्तृत रिपोर्ट समय से संबंधित पदाधिकारियों को सौंपी जाए, जिससे आवश्यक सुधार प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके। उन्होंने विशेष रूप से 01 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के मतदाता पंजीकरण पर जोर देते हुए कहा कि युवा मतदाता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। अधिक से अधिक युवाओं से फॉर्म-6 भरवाकर जमा कराने के निर्देश भी दिए गए।इसी अभियान के तहत विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव स्वयं चौबेपुर क्षेत्र के ग्राम ततारपुर पहुँचे और बूथ संख्या 475 पर चल रही समीक्षा का जायजा लिया। बूथ स्तरीय एजेंट श्याम सिंह ने बताया कि अब तक ग्राम में 09 शिफ्टेड, 11 विवाहित और 10 अनुपस्थित मतदाताओं की पहचान कर उनका विवरण संकलित किया गया है, जिसे पार्टी पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।विनय यादव ने जानकारी दी कि पूर्व में विधानसभा क्षेत्र में 433 बूथ थे, जो अब बढ़कर 480 बूथ हो गए हैं। उन्होंने सभी क्र्र से अपने-अपने बूथ पर सक्रिय रहकर नए मतदाताओं के पंजीकरण और मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य को पूरी निष्ठा से संपन्न कराने का आह्वान किया।सपा नेतृत्व का मानना है कि यह अभियान भाजपा की गलत मंशा के तहत शुरू किया गया है, लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की सतर्कता और सक्रियता से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी सफल नहीं होने दी जाएगी। पार्टी का स्पष्ट उद्देश्य मतदाता सूची को पारदर्शी, विश्वसनीय और समावेशी बनाना है, ताकि आगामी चुनावों में जनादेश की वास्तविक और निष्पक्ष अभिव्यक्ति सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर पूर्व प्रधान यदुनाथ यादव, ग्यान चंद्र कोरी, अनिल कुशवाहा, रामकुमार गौतम, कल्लू यादव, सुनील पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



मंगलवार को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं व नगर, ब्लॉक, मंडल अध्यक्षों की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रहलाद पटेल ने जिले में संगठनात्मक कामकाज और जमीनी स्तर पर चल रहे संगठन सृजन अभियान की गहन समीक्षा की। उपस्थित कांग्रेस जनों को अवगत कराते हुए कहा कि जिले में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों, अभियानों जनहित कार्यक्रमों एवं जमीनी स्तर पर भी कार्य किए जाने की आवश्यकता है इसकी भी समीक्षा की। साथ ही आगामी रणनीतियां संगठन को और अधिक सशक्त करने तथा लोगों को जोड़ने पर सार्थक प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर हम सभी लोगों को अभी से तैयारी में जुटना होगा। उक्त महत्वपूर्ण बैठक में उपाध्यक्ष, महासचिव, पीसीसी सदस्य गणों ने सहभागिता की और संगठनात्मक मजबूती, जनसरोकारों तथा युवाओं की सक्रिय भूमिका को लेकर अपने अपने विचार साझा किए। कांग्रेस पार्टी की नीतियों व विचार धारा से प्रभावित होकर वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शुक्ला व बहुजन समाज पार्टी के बनवारी लाल गौतम, अंकित गौतम, चांदनी गौतम अरविंद गौतम, अमन गौतम आदि लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

उक्त बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रशासन मोहन चंद्र उप्रेती ने किया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित दीपक बाजपेई,, कैप्टन मोनिस अली नकवी, अन्नू मिश्रा, पंकज शुक्ला, रामजीवन राज, विपुल गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, सत्ती सरन गौतम, वरुण चौधरी, रामपाल शाक्य, यूसुफ खान सुशील शुक्ला, महेंद्र गौतम श्याम मोहन मिशा, वकार अहमद, रईस उस्मानी, आफताब अहमद, कल्लन खान, चंद्र प्रभा अवस्थी, कोमल सिंह, जमाल अहमद, किरण पटेल तरुण शालू, अब्दुल कयूम, हर गोविंद, संजय गोस्वामी, सुनील कुमार, सरोजनी अवस्थी, रामप्रताप विश्वकर्मा, उद्देश्य गिरी, नन्द किशोर, जय प्रकाश, आदि सैकड़ो कांग्रेस जन।

# गंगा को किया गंदा तो जिम्मेदार विभाग को गंदाजल होगा भेट: विश्व हिंदू महासंघ

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




विश्व हिंदू महासंघ जिला पदाधिकारियों ने आस्था का प्रतीक गंगा मैया के प्रति सनातन की पतित पावनी मोक्षदायिनी पाप को पुण्य करने वाली अविरल गंगा को संबंधित गंदा होने पर विभाग आंखों में पट्टी बांध लिया है। गंगा जी रामनगरिया मेला में कल्पवासी साधु संत 45 दिनों तक गंगा तट पर रहकर स्नान ध्यानभक्ति भजन कर रहे लाखों की संख्या में प्रति दिन स्नान हो रहा है। परन्तु गंगा जी गंदे नाले का पानी केमिकल युक्त सीवर मलमूत्र गंगा जी प्रवाहित हो रही है। मोदी जी योगी जी सरकार की प्रयास में स्वच्छता अभियान से नहीं जाग रहे संबंधित विभाग स्वच्छता के नाम पर खाना पूर्ति को देखते हुए विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष जगत पाण्डेय जी को जानकारी होने पर दिए निर्देश पर जिला अध्यक्ष अनुपम अवस्थी और मातृ शक्ति मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अग्निहोत्री के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गंगा जी में प्रवाहित हो रहे गंदे नाली नाले को देखा तो आक्रोश हुआ और बोतल में नाली का गंदा पानी भर लिया। संत बच्चा स्वामी महराज जी ने बताया कि इस संबंध में आला अधिकारी को लिखित और मौखिक शिकायत कर चुका कोई नहीं सुनता है। हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सभी एकत्रित महासंघ पदाधिकारी अब शांत नहीं रहेगा। कहा गंगा जी में गंदे पानी बह रहे नाली नाला बंद हो यदि कारवाही नहीं की गई नाली के सामने खड़े गंदे पानी को सभी पदाधिकारी बोतलों में भर लिया। ध्यान दे नहीं यही भरे हुए बोतल गंगाजल अधिकारियों को भेट किया जाएगा। योगी जी जिंदाबाद, विश्व हिंदू महासंघ जिंदाबाद, प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह गंगवार जिन्दाबाद प्रदेश उपाध्यक्ष जगत पांडेय जिंदाबाद भ्रष्ट अधिकारी मुर्दाबाद लगाए। और विशेष अनुपम अवस्थी जिला अध्यक्ष मण्डल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष मंजू सिंह तोमर, विधान सभा अध्यक्ष अमित वर्मा, रत्नेश मिश्रा जिला महामंत्री, अनीता चौरसिया, अनीता, सुमन वर्मा, रेनू, मोनू वर्मा, भगत वर्मा आज लोग थे।

## मंधना चौकी से चंद कदम दूरी पर बने शिव मंदिर से दान पात्र चोरी



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरों के हौसले इस कदर बलंद है। कि बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित धननेश्वर महादेव शिव मंदिर में रविवार रात चोरों ने दान पात्र पर ही हाथ साफ कर दिया। सुबह जब दर्शन करने आये भक्तों ने मंदिर में प्रवेश किया तो देखा कि दान पात्र मंदिर से गायब था। भक्तों के मुताबिक कुछ महीने पहले भी इस मंदिर से दान पत्र चोरी हो चुका है। इसके बारे में क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस से शिकायत भी की थी। बीती रविवार की रात को चोरों ने दोबारा इस मंदिर को निशाना बनाते हुए दोबारा दान पात्र पार कर दिया है।

## जनता की समस्याओं के लिए 24 घंटे तत्पर हूं- विधायक राहुल बच्चा सोनकर



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जनसेवा ही उनका संकल्प है और जनता का विश्वास उनकी सबसे बड़ी पूंजी। उन्होंने कहा कि वे बिल्हौर विधानसभा के प्रत्येक नागरिक के सुख-दुःख में सदैव साथ खड़े रहेंगे और जनता के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पहुंचे, जिनके समाधान का आश्वासन विधायक द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक की संवेदनशीलता, सक्रियता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को देखकर उपस्थित नागरिकों ने संतोष एवं विश्वास व्यक्त किया।

# सहायक अध्यापिका ने पति समेत ससुरालियों पर लिखवाया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सहायक अध्यापिका ने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, आर्थिक शोषण और अनैतिक आचरण के गंभीर आरोप लगाए हैं। कल्याणपुर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता मूल रूप से कानपुर देहात के शिवली की रहने वाली है और फिलहाल आईआईटी क्षेत्र में रह रही है। वह कल्याणपुर इलाके के एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात है। उसका विवाह औरैया जिले के सहायल थाना क्षेत्र निवासी युवक से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। पति वर्तमान में कानपुर देहात के एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है।

पीड़िता का कहना है कि शादी में नकद, सोने-चांदी के जेवर, घरेलू और इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर, बर्तन और कपड़े सहित पूरा स्त्रीधन दिया गया था। इसके अलावा सगाई और शादी समारोह में करीब 18 लाख रुपए खर्च किए गए। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष दहेज को कम बताने लगा और प्लॉट व कार की मांग करने लगा। आरोप है कि पति ने कार खरीदने के नाम पर मायके से अलग-अलग किस्तों में करीब 8 लाख रुपए ले लिए, लेकिन न तो कार खरीदी और न ही पैसे का हिसाब दिया। पति ने पीड़िता का एटीएम कार्ड भी अपने पास रख लिया और उसकी जानकारी के बिना वेतन की रकम निकालता रहा। इसी बीच पीड़िता ने एक बेटे को जन्म दिया, लेकिन उत्पीड़न नहीं रुका। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति के किसी दूसरी महिला से संबंध हैं। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज की गई और जान से मारने व दूसरी शादी करने की धमकी दी गई। ससुराल के एक सदस्य पर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और ससुर व देवर पर आपत्तिजनक व्यवहार करने के भी आरोप लगाए गए हैं। पीड़िता के मुताबिक दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट कर सारा स्त्रीधन छीन लिया गया और उसे घर से निकाल दिया गया। बाद में लौटने पर फिर से मारपीट हुई, जिसमें उसे और उसके बच्चे को चोटें आईं। जान बचाने के लिए उसने 112 नंबर पर कॉल की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुण्यतिथि पर याद किये गए पंडित सियाराम मिश्र

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** साहित्यकार पंडित सियाराम मिश्र को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। नगर पालिका परिषद में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात पालिका सभागार में उनके जीवनवृत्त पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा, पंडित सियाराम मिश्र दूरदर्शी, सादगी पसंद साहित्यकार थे। उनका जीवन संघर्ष पूर्ण रहा, उनके साहित्य के क्षेत्र में देश विदेश में सम्मान मिला। केके शुक्ला, रामकुमार गुप्ता, अवधेश मिश्रा, प्रमोद दीक्षित, मधुकर सैदाई ने शब्दांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पं0 सियाराम मिश्र के पुत्र राजन मिश्र,पूर्व प्राचार्य गांधी उ0मा0विद्यालय विश्वनाथ सिंह,प्रधानाचार्य आर्यसमाज अवधेश मिश्रा, पूर्व सभासद पियूष मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पूर्व प्राचार्य एल बी एस सुरेश चन्द्र शुक्ला, पूर्व सभासद/जिला अध्यक्ष व्यापार मण्डल अरुण अवस्थी, राम कुमार अवस्थी, मीडिया प्रभारी विजय प्रकाश मिश्रा,नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, संजीव दीक्षित, हरद्वारी लाल राजपूत, लवकुश अवस्थी, सुरेन्द्र वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दौरान आशीष कनौजिया ने किया रक्तदान

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि विराट 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित शिविर में सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल देखने को मिली। महायज्ञ परिसर में लगाए गए रक्तदान शिविर में आशीष कनौजिया ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।रक्तदान शिविर के दौरान आयोजकों ने बताया कि महायज्ञ का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज में सेवा,सहयोग और जागरूकता की भावना को भी प्रबल किया जा रहा है। इसी क्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं व युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।आशीष कनौजिया ने रक्तदान के बाद कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर ऐसे आयोजनों में भाग लेने की अपील की। शिविर में मौजूद चिकित्सकीय टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित ढंग से रक्त संग्रह किया।आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य महायज्ञ की मूल भावना को साकार करते हैं। शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है।

### नेवादा टोल प्लाजा पर चला सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** शिवराजपुर क्षेत्र के नेवादा टोल प्लाजा पर गुरुवार को सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (जनएचएआई) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव के निर्देश पर वार्टिस इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। अभियान के दौरान एनएचएआई एवं टोल प्लाजा कर्मियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया। साथ ही कई बाइकों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, जिससे घने कोहरे और रात्रि के समय वाहन दूर से ही स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें। अधिकारियों ने बताया कि रिफ्लेक्टिव टेप का उपयोग सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने में सहायक होगा। अभियान के माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, सीमित गति और यातायात नियमों के पालन का संदेश भी दिया गया। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

# दो शातिर अपराधी पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी की अगुवाई व प्रभारी निरीक्षक गोला अम्बर सिंह के कुशल निर्देशन में थाना गोला स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 02/2026 धारा 303(2) बीएनएस के वांछित अभियुक्त 01. सुहेल उर्फ काली पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी ग्राम भुडवारा थाना गोला जिला खीरी उम्र 24 वर्ष 02. मुन्ना पुत्र रफीउल्ला निवासी ग्राम भुडवारा थाना गोला जिला खीरी को दिनांक 04.01.2026 समय 02.31 बजे कोटवारा जंगल थाना गोला पर पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त सुहेल उर्फ काली उपरोक्त को सी0एच0सी0 गोला उपचार हेतु भेजा गया, तथा अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस नाजायज 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त एक अदद महेन्द्रा पिकअप में लदी 02 अदद भैंस व नगदी 4700 रुपये बरामद किया गया। बरामद किये गये भैस को भैंस स्वामी राम किशुन पुत्र छोटे लाल, जगदीश कुमार पुत्र राम स्वरूप नि0गण वजीरनगर थाना गोला खीरी को सुपुर्द किया गया। अभियुक्त सुहेल उर्फ काली उपरोक्त पर तमंचा बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 05/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है

दोनो अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है जिसमे सुहेल उर्फ़ काली पर कई थानों में लगभग 10 अभियोग पंजीकृत है व मुन्ना पर 5 अभियोग पंजीकृत हैं। वही मुठभेड के दौरान अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरिक्षक ज्ञान प्रकाश मिश्र थाना गोला, उप निरीक्षक हेमन्त कटियार हैदराबाद व जय प्रकाश यादव प्रभारी स्वाट टीम, खीरी व पुलिस आरक्षी दीपक वर्मा थाना हैदराबाद, सत्य प्रकाश स्वाट टीम, खीरी

## ठंड लगने से ट्रक सवार हेल्पर की मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र में कड़ाके की शीत लहर के बीच कुंभी चीनी मिल में बैगास भरने आए ट्रक चालक के साथी हेल्पर को ठंड लग जाने से सीने में दर्द होने लगा चालक उसका घरेलू उपचार करते रहा तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा था। गांव ललौटी खेड़ा थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत निवासी गोविंद के अनुसार उसके पिता वेदपाल पुत्र माखनलाल 45 वर्षीय ट्रक पर हेल्पर का काम करते थे। ट्रक चालक कुंभी चीनी मिल में बैगास लेने गया था इस ट्रक पर उसके पिता सवार थे रविवार की शाम को काम करते समय उसके पिता ठंड की चपेट में आ गए जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी चालक मौके पर घरेलू उपचार करता रहा तब तक उनकी मौत हो गई है। सूचना पर एस आई संजीत तिवारी ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस: डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की।जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे।इस समाधान दिवस में कुल 57 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 24, पुलिस विभाग की 14, विकास विभाग की 05, आपूर्ति और विद्युत विभाग की 04-04, कृषि और नगर निकाय की 03-03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का संकट बहुत गहरा है !

**राजनीतिक और प्रशासनिक विफलता इस संकट को और गंभीर बनाती है। बांग्लादेश खुद को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में पेश करने की कोशिश करता है लेकिन उसका व्यवहार इससे उलट है। राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी ताकतों का उभार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें और वीडियो निर्दोष लोगों के जलते घर और पीड़ितों की तस्वीर यहां जीते-जागते सामूहिक असहिष्णुता का दस्तावेज हैं। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समुदाय के लिए भी यह एक गंभीर चेतावनी है।**

*बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की स्थिति आज भयावह से भी आगे बढ़ चुकी है। हत्या, आगजनी, भीड़ हिंसा और झूठे 'धर्म अपमान' के आरोप अब सिर्फ विशेष घटनाओं तक सीमित नहीं रहे, ये एक स्थायी और व्यवस्थित समस्या बन चुकी है। पिछले 20 दिनों में ही चौथी बार किसी हिंदू युवक की हत्या ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वहाँ कानून की पकड़ टूट चुकी है और इस्?लामिक कट्टरता को खुलेआम जगह मिल रही है। मयमनसिंह, ढाका और पिरोजपुर तक फैली हिंसा अलग-अलग घटनाओं का संग्रह भर नहीं है, यह सामूहिक सामाजिक विफलता की अभूतपूर्व तस्वीर है जो आज बांग्?लादेश में हमें दिखाई देती है। ढाका के नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट में शनिवार (3 जनवरी, 2026) को 50 वर्षीय हिंदू व्यापारी खोकन चंद्र दास की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसे पहले धारदार हथियारों के हमला कर पूरी तरह से लहूलुहान कर दिया गया था और उसके बाद उसे आग के हवाले कर दिया गया था। खोकन चंद्र दास अपनी दवाई की दुकान बंद कर रात में ऑटो से घर लौट रहे थे, इस बीच रास्ते में कुछ हमलावरों ने उन्हें रोका और बुरी तरह से मारा। इसके बाद उन पर पेट्रोल डालकर उन्हें जिंदा जला दिया। हालांकि, इस घटना के बाद तीन दिनों तक खोकन दास जिंदगी के लिए मौत और असहनीय तकलीफ से जूझते रहे, लेकिन अंत में हार गए। इससे पहले मयमनसिंह जिले में 29 दिसंबर 2025 की शाम बजेंद्र बिस्वास की गोली मारकर हत्या की गई थी। कहना होगा कि बांग्लादेश में बार-बार हो रही हिंदुओं के खिलाफ हिंसा ने फिर सवाल खड़े कर दिए कि सुरक्षा व्यवस्था किनके लिए है और किनके लिए नहीं। पुलिस इसे केवल 'दुर्घटना' मानने की कोशिश कर रही है, किंतु जिस सामाजिक और राजनीतिक माहौल में यह हुआ, वह इसे सामान्य घटना नहीं रहने देता। 18 दिसंबर को दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला और उसका शव सार्वजनिक रूप से जलाया, जो बर्बर तरीके से की गई हिंसक घटना थी। बांग्?लादेश को लेकर बीते कुछ वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि यह समस्या यहां अचानक उत्पन्न नहीं हुई है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। साल 2022 में ऐसे 47 हमले दर्ज किए गए, साल 2023 में यह बढ़कर 302 हो गए और साल 2024 में यह संख्या 3,200 पार कर गई। इसी अवधि में 23 हिंदुओं की मौत और 152 मंदिरों पर हमले भी दर्ज हुए। मानवाधिकार संगठनों के अध्ययन बताते हैं कि साल 2023 से 2024 के बीच 1,045 से अधिक हमले हुए, जिनमें हत्या, भूमि पर जबरन कब्जा, घर और व्यवसाय को नुकसान पहुंचाना, बलात्कार और जबरन धर्म परिवर्तन (इस्?लाम अपनाने) जैसी घृणित घटनाएँ शामिल हैं। समझने वाली बात यह भी है कि हिंसा अपराध होने तक सीमित नहीं है, ये जनसांख्यिकीय संकट का संकेत भी है। साल 1974 में बांग्लादेश की कुल आबादी में हिंदू समुदाय 13.5 प्रतिशत था, जबकि मुसलिम आबादी 85.4 प्रतिशत थी। साल 2022 की जनगणना में हिंदुओं का हिस्सा घटकर केवल 7.96 प्रतिशत रह गया। यह स्पष्ट संकेत है कि सामाजिक-दबाव, हिंसा और विस्थापन के कारण यहां हिन्?दू अल्पसंख्यक समुदाय लगातार सिकुड़ रहा है। धर्म के अपमान या 'ईशनिंदा' के झूठे आरोप भी तेजी से बढ़े हैं। साल 2025 की जून से दिसंबर अवधि में कम से कम 71 ऐसे मामले दर्ज किए गए।*

### एक्सप्रेस आलेख

**महाभारत के रचनाकाल में ज्यादातर तीर्थ कुरुक्षेत्र के आसपास थे। पुष्कर तीर्थ का महत्व बताते हुए कहते हैं, 'पुष्कर में दस सहस्त्र कोटि तीर्थ का निवास रहता है।' यहां पुष्कर तीर्थ का महत्व बताने कि लिए दस खरब तीर्थों की उपस्थिति बताई गई है। बताते हैं कि पुष्कर में ब्रह्मा जी नित्य निवास करते हैं। यहां स्नान करने से अश्वमेघ यज्ञ का दस गुना फल मिलता है। पुष्कर तीर्थ ब्रह्मा से जुड़ा हुआ है। महाकाल (उज्जैन) में शिव के दर्शन से हजार गोदान का फल मिलता है। ऐसी बहस बहुत सी नदियां हैं, जिनमें स्नान करने से यज्ञ के फल मिलते हैं। नर्मदा सहित अनेक नदियों में स्नान से यज्ञों के फल मिलते हैं।**

# तीर्थाटन और पर्यटन में अंतर



हृदयनारायण दीक्षित

**मध्य प्रदेश का दतिया और असम के गुवाहाटी में कामाख्या देवी के दर्शनार्थ पूरे देश से श्रद्धालु आते हैं। तीर्थाटन से मिलने वाले लाभ व हानि पर आग्रही बहस चलना जरूरी नहीं है। मुख्य बात है देश के एक कोने से दूसरे कोने तक भारत भक्तों का आवागमन। शंकराचार्य ने इसीलिए चारों धामों की स्थापना की थी। प्रत्येक तीर्थ के साथ अविश्वसनीय कथाएं चलती हैं। इन्हें बड़े सरल ढंग से अंधविश्वास कहा जा सकता है।**

भारतीय संस्कृति उत्सवधर्मा है। यहां बारहों महीने उत्सव चलते हैं। 6 ऋतुएं हैं। प्रत्येक ऋतु के अपने उत्सव हैं। वर्षा और बसंत प्रकृति प्रायोजित उत्सव हैं। शिशिर और हेमंत का क्या कहना। होली सनातन उल्लास है। व्यक्ति की तरह समाज और राष्ट्र की भी ऊर्जा होती है। जैसे मनुष्य अपने शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करते हैं, वैसे ही समाज और राष्ट्र को स्वस्थ रखने के प्रयास जरूरी हैं और यह प्रयास संस्कृतिधर्मा लोगों द्वारा किया जाता रहता है। उत्स का अर्थ होता है मूल। उत्सव का अर्थ है देश के मूल से जुड़ी सामाजिक सक्रियता। संस्कृति मनुष्य की रचना है। संस्कृति का निर्माण सतत प्रवाही प्रक्रिया है। भारत के मन की संस्कारमय संस्कृति प्राचीन ज्ञान परंपरा में निहित है। भारत की संस्कृति का जन्म और विकास ज्ञान व दर्शन की परंपरा से हुआ है। भारतीय दर्शन में बुध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं। भारत के राष्ट्रजीवन के सभी धाराओं ने प्रभावित किया है। कपिल का सांख्य दर्शन अनिश्वरवादी माना जाता है। बुद्ध व जैन दर्शन भी ईश्वर की सत्ता को स्वीकार नहीं करते। अद्वैत वेदांत का प्रभाव काफी बड़ा है। अद्वैत की धारा शंकराचार्य के पहले से थी, लेकिन शंकराचार्य ने उपनिषदों, गीता और ब्रह्मसूत्र के तत्वों के आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या कहा है। वे घर बैठ तर्क का आनंद उठाने वाले कार्यकर्ता नहीं थे। शंकराचार्य ने देश की एकता को देखते हुए चार धामों की घोषणा की। उन्होंने उत्तर में ऊंचे पहाड़ों पर बद्रीनाथ धाम की स्थापना की और पश्चिम में द्वारका की। पूरब में जगन्नाथ पुरी की और दक्षिण में रामेश्वरम की। चारों स्थान पहले बहुत प्रतिष्ठित नहीं थे लेकिन शंकर की घोषणा के बाद वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गए। भारत का मन उत्सवी है। भारतीयों की रुचि पर्यटन के बजाय तीर्थाटन में रही है। पर्यटन और तीर्थाटन में मूलभूत अंतर है। पर्यटन में अच्छा खाना, अच्छे होटल और अच्छी सुख-सुविधाएं जरूरी होती हैं, लेकिन तीर्थाटन में इन कारकों की महत्वपूर्ण आवश्यकता नहीं होती। तीर्थाटन में प्रायः किसी ऐसी जगह पर जाते हैं, जहां नदियां आपस में मिलती हैं। जहां प्रकृति खिलती है, जहां किसी न किसी देवता के दर्शन की अभिलाषा रहती है। प्रयागराज इसका जीवंत उदाहरण है। ऋषिकेश की पहाड़ियों के दरश परश से मन संगीतमय हो जाता है। ऋग्वेद में नदियों से पर उतरने के लिए उथले स्थल को तीर्थ बताया गया है। जहां से हम आसानी से नदी पार कर सकते हैं। उपासना परंपरा में किसी देवता के नाम से चले आ रहे पुण्य स्थान तीर्थ कहलाते हैं। कुंभ (प्रयागराज) में सारी दुनिया के लोग आते हैं। करोड़ों लोगों का यह एकत्रीकरण गंगा, जमुना व सरस्वती का संगम बनता है। प्रयागराज दुनिया का आकर्षण है। ऐसे ही हरिद्वार, रामेश्वरम, तिरुपति, कांचीपुरम आदि अनेक स्थलों पर तीर्थ यात्री भूखे-प्यासे चले जाते हैं। अयोध्या, मथुरा, काशी



**तीर्थ की प्रशंसा मजेदार है। बताते हैं भूमंडल के निवासियों के लिए नैमिष, अंतरिक्ष निवासियों के लिए पुष्कर और तीनों लोकों के निवासियों के लिए कुरुक्षेत्र तीर्थ है। देवी उपासना भारत में वैदिक काल से स्पष्ट दिखाई देती है। ऋग्वेद में जल माताएं हैं। वन देवी हैं।**

ऐतिहासिक तीर्थ हैं। काशी में शिव दर्शन के लिए लाखों लोग आते हैं। वैसे भारतीय दर्शन में तीर्थाटन की तुलना में दर्शन को ज्यादा श्रेष्ठ बताया गया है। शंकराचार्य ने एकमात्र ब्रह्म की सत्ता को सत्य मानते हुए कर्मकांड को भी उचित बताया है। उन्होंने काशी के प्रवास में अपना दर्शन सबको बताया था। ब्रह्म को एकमात्र सत्य और संसार को मिथ्या बताने वाले आचार्य शंकर के दर्शन ने परवर्ती संतों का ध्यान भी आकर्षित किया था। शंकराचार्य जगत् को मिथ्या बताते थे। भारत स्वयं में एक तीर्थ है। सारी दुनिया को परिवार बताने वाला यह राष्ट्र शंकराचार्य जैसे दार्शनिकों की जन्मस्थली और कर्मस्थली है। आवागमन के साधन बढ़े हैं। शंकराचार्य के समय न साइकिल थी न रेल। आश्चर्य है कि आचार्य ने कैसे भारत भ्रमण किया होगा? अब आवागमन के व्रतगामी साधन बढ़े हैं। हजारों किलोमीटर की दूरी अल्प समय में तय की जा सकती है। आधुनिक सभ्यता के दबाव में देश के लोगों का एक वर्ग तनाव में रहता है। वह तीर्थाटन का मजा नहीं लेता। पर्यटन को महत्व देता है। पर्यटन से मानसिक शांति नहीं मिलती। तीर्थाटन से लौटे परिवार आनंद से भरे-पूरे दिखाई पड़ते हैं। भारत राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आत्मविश्वास से भरा-पूरा है। पर्यटन उद्योग बन गया है। पर्यटन की दृष्टि से महात्मा गांधी के जन्म और कर्म स्थान साबरमती जाना अपने आप में जीवंत अनुभव है। सरदार पटेल की प्रतिमा केवड़िया, गुजरात में दर्शनीय है। डॉक्टर आम्बेडकर के दिल्ली सहित कई स्थानों पर बने स्मारक दर्शनीय हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणास्थल भी दर्शनीय है। यज्ञ में काफी धन लगता था। इसलिए पुण्य प्राप्त करने के लिए यज्ञ का विकल्प तीर्थ यात्रा बताया गया है। महाभारत वन पर्व के 42वें अध्याय में यज्ञ के विकल्प की चर्चा की गई है। पुलस्त्य भीष्म से कहते हैं कि, 'ऋषियों के अनुसार यज्ञ करने से इस लोक और परलोक में फल मिलता है। परंतु गरीब मनुष्य यज्ञों का अनुष्ठान नहीं कर सकते। उनके पास साधन नहीं होते। इसलिए जो साधनहीन हैं, वे तीर्थ यात्रा कर सकते हैं। तीर्थ यात्रा को यज्ञ के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहते हैं, 'मनुष्य तीर्थ यात्रा से जो फल पाता है वह बड़े से बड़े यज्ञों से नहीं मिलता।' महाभारत के रचनाकाल में ज्यादातर तीर्थ कुरुक्षेत्र के आसपास थे। पुष्कर तीर्थ का महत्व बताते हुए कहते हैं, 'पुष्कर में दस सहस्त्र कोटि तीर्थ का निवास रहता है।' यहां पुष्कर तीर्थ का महत्व बताने कि लिए दस खरब तीर्थों की उपस्थिति बताई गई है। बताते हैं कि पुष्कर में ब्रह्मा जी नित्य निवास करते हैं। यहां स्नान करने से अश्वमेघ यज्ञ का दस गुना फल मिलता है। पुष्कर तीर्थ ब्रह्मा से जुड़ा हुआ है। महाकाल (उज्जैन) में शिव के दर्शन से हजार गोदान का फल मिलता है। ऐसी बहस बहुत सी नदियां हैं, जिनमें स्नान करने से यज्ञ के फल मिलते हैं। नर्मदा सहित अनेक नदियों में स्नान से यज्ञों के फल मिलते हैं। महाभारत के रचनाकाल में सरस्वती पर्याप्त जल से भरी हुई दिखाई पड़ती हैं। ये बाद में सूखीं। सिंधु और सागर के मिलन स्थल पर स्नान करने से वरुण लोक मिलता है। सरस्वती ऋग्वेद के ऋषियों की प्रिय नदीतमा हैं। पुलस्त्य कहते हैं कि वायु द्वारा उड़ा कर लाई गई कुरुक्षेत्र की धूल से मनुष्य को परम गति मिल जाती है। जो यहां नहीं रहते कुरुक्षेत्र जाने की इच्छा करें। तीर्थ की प्रशंसा मजेदार है। बताते हैं भूमंडल के निवासियों के लिए नैमिष, अंतरिक्ष निवासियों के लिए पुष्कर और तीनों लोकों के निवासियों के लिए कुरुक्षेत्र तीर्थ है। देवी उपासना भारत में वैदिक काल से स्पष्ट दिखाई देती है। ऋग्वेद में जल माताएं हैं। वन देवी हैं। उत्तर प्रदेश का विंध्याचल देवी उपासना का महत्वपूर्ण केन्द्र है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 06:52 तक |
| नक्षत्रः | अश्लेषा 12:17 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | विष्कंभ, 22:51 तक |
| सूर्योदयः | 07:15 |
| सूर्यास्तः | 17:39 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 03:03-04:21 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### तय हो गया दिन !

*तय हो गया दिन।*
*करना है प्रचार ।।*
*जल्द अब उतरना।*
*लाने को बहार ।।*
*बन गया है खाका।*
*सुर लय और ताल ।।*
*कम होंगे अब थोड़े।*
*उठते जो सवाल ।।*
*होगी पूरी कोशिश।*
*दिखे नया अवतार ।।*
*हैं सीटें बढ़ानी।*
*सब इसका है सार ।।*
*जो करते हैं उछल कूद।*
*उनका ही परिणाम ।।*
*वादे और दावे।*
*शुरु अब तमाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# कैंसर के कारण अचानक घटने लगता है वजन



**कैंसर** एक ऐसी बीमारी है, जिसमें एब्नॉर्मल सेल्स तेजी से शरीर के अंदर ग्रो करने लगते हैं। ये हेल्दी सेल्स को मार देते हैं। हालांकि, कैंसर सेल्स को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता है, लेकिन इसकी प्रक्रिया को धीमा करने की कोशिश की जा सकती है। डॉक्टर्स की मानें, तो शुरुआती दिनों में कैंसर का पता लगना मुश्किल होता है। मगर धीरे-धीरे यह बीमारी फैलने लगती है और अगर यह अंतिम चरण तक पहुंच जाए, तो यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। कैंसर अपने आप में एक जानेलवा बीमारी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। कैंसर होने पर वेट लॉस होने के साथ-साथ, भूख की कमी, थकान और कमजोरी जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। डॉ. चिन्मयी अग्रवाल की मानें, तो अगर कैंसर के मरीज से 6 से 12 महीने के अंदर बॉडी वेट का करीब 5 फीसदी कम कर लिया है, तो यह चिंता का विषय है। इस तरह के शारीरिक बदलाव को नजरअंदा नहीं किया जाना चाहिए।

**तेजी से वेट लॉस होना:** जीवनशैली में किसी भी तरह के कोई बदलाव नहीं करने के बाद भी अगर वजन तेजी से गिर रहा है, तो यह सही नहीं है। विशेषज्ञों की मानें, तो कैंसर के मरीजों का वजन एक सप्ताह में करीब सवा किलो घटने लगता है। यह सही संकेत नहीं है। इस रफ्तार से वजन का घटने का मतलब है कि कैंसर सेल्स तेजी से ग्रो कर रहे हैं और मरीज के स्वास्थ्य में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है।

**अन्य लक्षणों पर करें गौर:** अगर आपका वजन न सिर्फ तेजी कम हो रहा है, बल्कि आपको अन्य लक्षण भी नजर आ रहे हैं, जैसे थकान, भूख न लगना, बाउल हैबिट्स में बदलाव, हर समय बीमार महसूस करना आदि। ये सभी लक्षण मरीज के खराब स्वास्थ्य की ओर इशारा करते हैं। ऐसा हो, तो आपको बिना देरी किए डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

**कैंसर कैशेक्सिया:** कैंसर के मरीजों में एक समय बाद कैंसर कैशेक्सिया नाम कंडीशन भी डेवेलप हो सकती है। यह स्थिति बहुत भयावह है। ऐसा इसलिए क्योंकि कैंसर कैशेक्सिया के कारण पर्याप्त भोजन करने के बाद भी कैंसर महत्वपूर्ण मांसपेशियों और वसा को हानि पहुंचाने लगता है। यह भी वेट लॉस एक बड़ा कारण बनता है। इस तरह की स्थिति में भी मरीज को डॉक्टर के पास तुरंत जाना चाहिए।

**कैंसर के किस स्टेज में वजन कम होता है?:** आमतौर पर कैंसर के शुरुआती चरण में मरीज को कम लक्षण नजर आते हैं। इसके अंतिम स्टेज तक आते-आते मरीज का वजन कम होने लगता है। हालांकि, मोटापे को हमेशा एड्वांस स्टेज का लक्षण माना जाना सही नहीं है। ध्यान रखें कि स्क्रीनिंग के बाद ही कैंसर कंफर्म होता है और डॉक्टर ही इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि कैंसर किस स्टेज का है और वह किस तेजी से फैल रहा है।

**कौन सी बीमारी तेजी से वजन घटाने का कारण बनती है?:** कई बीमारियों में वजन तेजी से घटने लगता है। इसमें कैंसर, हाइपरथाइरोडिज्म, स्टमक इंफेक्शन, सीलिएक डिजीज आदि शामिल हैं। कैंसर फैल रहा है, कई लक्षणों से इसका पता लगाया जा सकता है, जैसे अचानक वजन कम होना या बढ़ जाना, थकान, कमजोरी, स्किन में गांठ बनना, स्किन का रंग बदलना, पाचन संबंधी समस्या, कब्ज या दस्त होना आदि।

### एक्सप्रेस विशेष

# भारत के अलग-अलग आर्थिक सेक्टरों का कैसा रहेगा अनुमानित विकास



पंकज जयस्वाल

**भारत की शिक्षा नीति बहुत स्पष्ट है, बड़े शहरों के बाहर भी बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, विश्वविद्यालयों को विशेष शिक्षा क्षेत्रों में ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में कैंपस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।**

**महिलाओं के स्वास्थ्य को अब एक खास समस्या के रूप में नहीं, बल्कि मानव प्रगति की नींव के रूप में देखा जाएगा। भारत में उच्च शिक्षा का भविष्य वैश्विक स्तर पर स्थानीय और वैश्विक दोनों है। अगर कोरोना महामारी ने आभासी क्लासरूम को आम बना दिया है, तो डिग्री के लिए विदेश जाना जल्द ही पुराना हो सकता है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय अभी भारत आने के लिए अपना सामान पैक कर रहे हैं।**

**भारत** 2026 में दृढ़ संकल्प और स्पष्टता के साथ बढ़ रहा है। देश एक क्लीनर एनर्जी बेस बना रहा है। ज़्यादा मज़बूत औद्योगिक माहौल। प्रतिभा की एक बेहतर पाइपलाइन। एक ज़्यादा नवोन्वेषी सेवा उद्योग। इन सभी बदलावों से अवसर पैदा होते हैं। जब इन्हें एक साथ देखा जाता है, तो भारत हाल के समय में दुनिया के विकास की सबसे आकर्षक कहानियों में से एक पेश करता है। आज, जब विदेशी कंपनियाँ भारत में आती हैं, तो उन्हें एक रणनीतिक फ़ायदा होता है। माहौल लगातार बदल रहा है। संभावनाएँ वास्तविक हैं। विकास सच्चा है। अनुमानों से पता चलता है कि इस साल भारत की जीडीपी दुनिया में सबसे तेज़ दर से बढ़ेगी। एनालिटिक्स फर्म क्रिसिल के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 में 6.5% बढ़ने की उम्मीद है, जो सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और विकसित देशों को बड़े अंतर से पीछे छोड़ देगी। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। EY के विश्लेषण के अनुसार, तेज़ विकास को कई संरचनात्मक फायदों से मदद मिल सकती है, जैसे कि बड़ी, युवा आबादी और तुलनात्मक रूप से कम कर्ज का बोझ। नॉमिनल जीडीपी के मामले में भारत ने पिछले साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। आगे चलकर, यह उम्मीद है कि भारत सालाना .1 ट्रिलियन यूएसडी की जिडीपी बढ़ाएगा। मार्केट्स एंड मार्केट्स के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2032 तक .10 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगी। इसी तरह, आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक का अनुमान है कि वर्ष 2026 में भारत की वृद्धि लगभग 6.6% होगी, जिसमें कहा गया है कि यह शायद अन्य प्रमुख देशों को पीछे छोड़ देगा और 2025-2026 में दुनिया में सबसे अधिक विकास दर दर्ज करेगा। यहां तक भी अगले दो वर्षों के लिए भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक कहा, और वर्ष 26 में लगभग 6.3% की मजबूत और मोटे तौर पर स्थिर वृद्धि का अनुमान लगाया। इस विस्तार को स्ट्रक्चरल बातों का भी सपोर्ट मिल रहा है। बढ़ती दौलत और शहरीकरण वाली एक बड़ी, युवा आबादी जनसांख्यिकीय शक्ती बना रही है, जबकि डिजिटाइजेशन, मूलभूत सेवा विकास और जिएसटी सरलीकरण जैसे लगातार बदलाव उत्पादकता बढ़ा रहे हैं। विश्लेषको के अनुसार, विनिर्माण और सर्विसेज़ बढ़ रहे हैं; फिस्कल 2026 के लिए एस अँड पी ग्लोबल का पीएमआय डेटा दोनों सेक्टरों में लगातार विस्तार का संकेत देता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्राहक बाजार बनने के लिए तैयार है। बढ़ता मध्यम वर्ग और मजबूत शहरी खर्च से आंतरिक मांग बनी हुई है। ग्रामीण इलाकों में भी इनकम बढ़ रही है। यह अर्थव्यवस्था को दुनिया भर के उतार-चढ़ाव से बचाता है। भारत के उद्योग, रिन्यूएबल एनर्जी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को दुनिया भर से निवेश मिल रहा है। बाजार समृद्ध हैं। नियम अधिक स्पष्ट हैं। निवेशक तेजी से भारत पर रणनीतिक लॉन्ग-टर्म दांव लगा रहे हैं। दस साल पहले, सर्विसेज़ भारत के कुल एक्सपोर्ट का 30% से भी कम था; आज, यह 46% है। इस ट्रेंड को बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी सर्विसेज़ और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स में भारत के नेतृत्व से गति मिल रही है। क्लाइमेट इनोवेशन, हेल्थकेयर और वर्कप्लेस में प्रगति से भारतीयों के पढ़ने, काम करने, बातचीत करने और समृद्ध होने का तरीका पहले ही बदल रहा है। सभी की नज़र इस बात पर होगी कि 2026 में ये बदलाव कितने तेज होते हैं और भारत अपनी महत्वाकांक्षा, विविधता और आविष्कारशीलता को ऐसे कॉन्सेप्ट्स में कैसे बदलता है जिनका अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव हो। साल 2026 में भारतीय सिनेमा में कुछ ऐसा होगा जो पहले सोचा भी नहीं जा सकता था, इसके सबसे मशहूर स्क्रीन लेजेंड्स का डिजिटल पुनरुद्धार। फिल्म निर्माता जल्द ही पब्लिक एंटरटेनमेंट के लिए मूवी आइकन्स को वापस ला सकते हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# कलीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस

# एसपी अभिषेक यादव ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, भूमि विवादों पर सख्त रुख

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



उत्तर प्रदेश शासन की ओर से जनपद पीलीभीत की तहसील कलीनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रशासन और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी ने इसे और भी प्रभावशाली बनाया, जिससे आमजन में यह संदेश गया कि शासन-प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है।

### एसपी ने लिया व्यक्तिगत रूप से शिकायतों का जायजा

समाधान दिवस में एसपी अभिषेक यादव ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में निष्पक्ष, प्रभावी और संतोषजनक समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, शिकायतों का निस्तारण केवल फाइलों और रजिस्टरों तक सीमित नहीं होना चाहिए, इसका असर जमीन पर दिखना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए एसपी ने कहा कि प्रशासन उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और हर शिकायत का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

### भूमि विवादों पर सख्त रुख, संयुक्त टीम का गठन

समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवादों से संबंधित मिलीं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए एसपी ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए। टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करेगी और दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर तथ्यों की निष्पक्ष जांच करेगी। एसपी ने कहा, स्थल पर विवाद सुलझाने से न केवल लंबे समय से चले आ रहे झगड़े समाप्त होंगे, बल्कि भविष्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ने और शांति भंग होने की आशंका भी रोकी जा सकेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई स्थायी समाधान देने पर केंद्रित होगी।

### अधिकारियों ने दिए तत्काल समाधान के निर्देश

समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी (एडीएम) रोशनी यादव, उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कलीनगर प्रमेश कुमार, क्षेत्राधिकारी (सीओ) पूरनपुर, मुख्य चिकित्साधिकारी (सएमओ), तहसीलदार कलीनगर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी अपनी-अपनी शिकायतें नोट कर मौके पर ही आवश्यक निर्देश देकर कार्रवाई प्रारंभ करवा रहे थे।

प्रशासन ने इस बात का विशेष ध्यान रखा कि फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि सभी विभागों से जुड़ी समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान उपलब्ध कराया जाए।

### जनता और प्रशासन के बीच दूरी कम करने की पहल

अधिकारियों ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आमजन और प्रशासन के बीच की दूरी कम करना और पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था स्थापित करना है।समाधान दिवस के सफल आयोजन के बाद फरियादियों ने प्रशासन के दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि यह पहल सच्चे अर्थों में जनहितकारी और भरोसेमंद है। कई फरियादियों ने मौके पर ही समाधान मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

**एसपी अभिषेक यादव ने अंत में कहा कि प्रशासन की कोशिश यही रहेगी कि हर शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और प्रभावी रूप से किया जाए, ताकि जनता में विश्वास बना रहे और शासन-प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत हो। सोमवार को कलीनगर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस ने स्पष्ट किया कि असली समाधान जनता की समस्याओं के जमीन पर निवारण में निहित है, और प्रशासन इस दिशा में पूरी तरह सक्रिय है। भूमि विवाद, सामाजिक समस्याओं और अन्य जनहितकारी मामलों के त्वरित समाधान के लिए गठित संयुक्त टीम इस दिशा में ठोस कदम है।**

# कुर्री गांव में जमीन विवाद हिंसक: प्रधान और पक्षकारों में भिड़ंत, कार तोड़ी, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

### वीडियो वायरल, आरोप-प्रत्यारोप का दौर

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों पक्षों में भारी टकराव और मारपीट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। दूसरा पक्ष प्रधान पक्ष पर भी गंभीर आरोप लगा रहा है। उनका कहना है कि पूर्व में भी प्रधान पक्ष पर मारपीट सहित गंभीर आरोप दर्ज हो चुके हैं, जिनकी रिपोर्ट पहले भी सुनगढ़ी थाने में दर्ज थी। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

रविवार की शाम थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम कुर्री में एक मामूली जमीन विवाद ने हिंसक संघर्ष का रूप ले लिया, जिसमें प्रधान अलीशा बेगम और उनके पति मोहम्मद जावेद सहित कई लोग घायल हुए। घटना में प्रधान की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की चिंता बढ़ गई।

### जमीन विवाद की पुरानी रंजिश बनी हिंसा की वजह

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह विवाद देवहा नदी के किनारे स्थित जमीन को लेकर चल रहा था। प्रधान के कब्जे में यह भूमि थी, जबकि दूसरे पक्ष ने कटान और सीमा विवाद का हवाला देकर इसे अपना बताने का प्रयास किया। रविवार को प्रधान अलीशा बेगम अपने पति के साथ गांव से पीलीभीत जा रही थीं। इसी दौरान शमशाद, फैयाज, दिलशाद, इरशाद, नूर सोहेल, जाहिद मोहम्मद समेत कई लोग उनके मार्ग में खड़े होकर कार को अपने घर के सामने रोक लिया। आरोप है कि प्रधान और उनके पति के साथ मारपीट की गई और कार में भी तोड़फोड़ की गई।

### भीड़ में जमकर चले लाठी-डंडों साथ ही ईंट-पत्थरबाजी

घटना देखते ही देखते और अधिक भयावह रूप ले गई। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलाने लगे। इस हिंसा ने पूरे गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, गांव में अफरा-तफरी मची हुई थी, लोग अपने घरों में छिपे थे। सूचना मिलते ही थाना सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा। प्रधान पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जबकि दूसरे पक्ष ने भी अपनी शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। वहीं थाना सुनगढ़ी प्रभारी नरेश त्यागी ने बताया कि जमीन विवाद पहले भी दोनों पक्षों के बीच उठ चुका है। कटान और सीमा विवाद के कारण यह हिंसा दोबारा भड़की। घटना के बाद आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

### जिलाधिकारी और पुलिस अलर्ट पर, शांति बनाए रखने की कवायद

जिलाधिकारी और थाना प्रशासन ने गांव में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए अलर्ट जारी किया है। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह की दूसरी हिंसा की घटना को रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी।

विशेषज्ञों के अनुसार, भूमि विवाद में पुरानी रंजिशें अक्सर स्थानीय स्तर पर हिंसा का रूप ले लेती हैं, इसलिए प्रशासन की सख्ती और समय पर कार्रवाई ही ऐसे मामलों को नियंत्रित कर सकती है।

# नववर्ष पर चित्रांश समाज का भव्य समागम एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

### शिक्षा और सेवा में योगदान देने वालों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





अखिल भारतीय चित्रांश महासभा द्वारा नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में रविवार को शहर के एक बारात घर में भव्य चित्रांश समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देर रात तक चला और समाज के सदस्यों ने इसे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया।मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति हेतु कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ.अरुण कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष संजिव वर्मा, वरिष्ठ आर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ डॉ. पी. एन. सक्सेना, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती सरिता वर्मा और राष्ट्रीय महासचिव श्री अमिताभ बिहारी वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अमित कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और श्री चित्रगुप्त भगवान की वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुए जिलाध्यक्ष चित्रांश महासभा संजय सक्सेना ने कहा कि चित्रांश समाज सदैव शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, संस्कार और भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा मिलती है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक, समाज के योगदान पर हुई चर्चा

समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला भी आयोजित की गई। श्रीनिका, वर्षा सक्सेना एवं डॉ. पी. एन. सक्सेना ने मधुर गीत प्रस्तुत किए, जबकि बच्चों श्रीनिका, उन्नति, पारखी, अमाया, श्रेष्ठ एवं आरना भटनागर ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिलाध्यक्ष बरेली राकेश सक्सेना ने कहा कि चित्रांश समाज की पहचान उसकी कर्मठता, ईमानदारी और संगठनात्मक शक्ति है, जिसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय महासचिव अमिताभ बिहारी वर्मा ने समाज के इतिहास और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को संगठित रहकर शिक्षा और युवा सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती सरिता वर्मा ने महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना समग्र विकास संभव नहीं है।

### चित्रांश समाज ने देश को कुशल प्रशासक, चिकित्सक, अधिवक्ता और समाजसेवी दिए- अरुण कुमार सक्सेना

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने कहा कि महासभा पूरे देश में समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है और भविष्य में सामाजिक, शैक्षिक एवं सेवा कार्यों को और गति दी जाएगी। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि चित्रांश समाज ने देश को कुशल प्रशासक, चिकित्सक, अधिवक्ता और समाजसेवी दिए हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक दायित्व और नववर्ष पर सकारात्मक संकल्प लेने का आह्वान किया।

### सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण

शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका वर्षा सक्सेना को डॉ. अरुण कुमार सक्सेना द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रखर नाथ, शुभ सक्सेना एवं हर्षित सक्सेना को व्यापार उत्कृष्टता सम्मान दिया गया। चित्रांश गौरव सम्मान से डॉ. अरुण सक्सेना, डॉ. पी. एन. सक्सेना, संजीव वर्मा, सरिता वर्मा एवं अमिताभ बिहारी वर्मा को सम्मानित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों सहित 71 परिवारों एवं व्यक्तियों को परिवार गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कंचन सक्सेना ने सभी अतिथियों, आयोजकों एवं उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

समारोह में बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें संरक्षक एडवोकेट विनय सक्सेना, विपिन सक्सेना, संजय सक्सेना, सौरभ सक्सेना, रामजी नाथ सक्सेना, संजीव सक्सेना, विश्वास प्रकाश सक्सेना, डॉ. अमित कुमार, एड. राजीव सक्सेना और अन्य शामिल थे। इस भव्य आयोजन ने नववर्ष 2026 की शुरुआत में चित्रांश समाज की एकजुटता, संस्कृति और सेवा भाव का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

# युवती ने ट्रेन से कटकर दी जान, सुसाइड नोट में लिखा- जिंदगी से ऊब गई हूं

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली के नवाबगंज क्षेत्र में बिजोरिया रेलवे स्टेशन के पास क्रॉसिंग पर ट्रेन से कटकर युवती ने आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े बजे की है। मृतका की पहचान गुलनाज उर्फ नरगिस पुत्री फहीम निवासी लाला मार्केट नवाबगंज के रूप में हुई। उसके पर्स में सुसाइड नोट मिला, जिसमें आत्महत्या करने की बात लिखी है। घटनास्थल पीलीभीत रेलवे पुलिस के क्षेत्र में आता है। वहां की रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम कराया है। नवाबगंज के मोहल्ला लल्ला मार्केट में फहीम अपने परिवार के साथ रहते हैं। फहीम ने बताया कि उनकी बेटी गुलनाज उर्फ नर्गिस उम्र 26 वर्ष बरेली के इंस्टीट्यूट में परीक्षा की तैयारी कर रही थी। सोमवार को गुलनाज परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। बिजौरिया रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रॉसिंग पर गुलनाज ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवती को लेकर सीएचसी नवाबगंज पहुंची। चिकित्सकों ने परीक्षण करने बाद युवती को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल अरूण कुमार श्रीवास्तव और चौकी इंचार्ज सुनील कुमार टीम के साथ पहुंच गए। कुछ समय बाद पहुंची पीलीभीत रेलवे पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को रवाना हो गई।

# पूरनपुर में युवक की संदिग्ध मौत, भाई की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया के निवासी निसार अहमद ने अपने भाई बहार अहमद की संदिग्ध मौत की शिकायत दर्ज कराई है। निसार ने बताया कि उनके भाई की शव 30 दिसंबर 2025 की सुबह राजीवनगर के पास आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। भाई की लापता होने की सूचना से शुरू हुई जांच निसार के अनुसार, 29 दिसंबर 2025 को दोपहर में बहार अहमद, सोनू पुत्र वारिस (निवासी मऊ गौटिया, थाना पुवायां, जिला शाहजहाँपुर) के बुलाने पर उनसे मिलने गया था। बहार अहमद देर शाम तक घर वापस नहीं आया। मोबाइल पर सम्पर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन मोबाइल बंद मिला।अगली सुबह सूचना मिली कि बहार अहमद राजीवनगर मार्ग के पास आम के पेड़ से लटका हुआ पाया गया। निसार ने आरोप लगाया कि बहार अहमद को सोनू और उसके फूफा शब्बीर पुत्र अजमुल्ला तथा नि गुलड़िया भूप सिंह ने लगातार प्रताड़ित किया। निसार ने बताया कि इस प्रताड़ना के कारण उनके भाई ने फसी लगाकर आत्महत्या की। इसके अलावा, उन्होंने कुछ ऑडियो और वीडियो क्लिप भी साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंपे हैं। निसार ने यह भी बताया कि 29 दिसंबर की शाम 7 बजे, मृतक बहार अहमद ने उनसे सोनू से बातचीत की थी। बातचीत में सोनू ने कहा था, तुमको सुबह तक मिल जाएगा, मैं उसको कुण्डे पर छोड़ दूंगा। इसके बाद सोनू अपने परिवार सहित घर से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सोनू और उसके परिवार के अन्य सदस्य इस समय फरार हैं। पुलिस उनके ठिकानों का पता लगाने के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और प्रताड़ना व आत्महत्या की सभी पहलुओं की सत्यता का पता लगाया जाएगा। स्थानीय लोग परेशान, मांग न्याय की गांव सिमरिया और आसपास के लोग इस घटना से सकते में हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी घटनाओं से इलाके में सुरक्षा और शांति पर सवाल उठते हैं। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर, मृतक के परिजनों को न्याय मिले।

### युवक का आधार-पैन कार्ड लेकर खुलवाए बैंक खाते, करोड़ों रुपये का किया लेनदेन

जन एक्सप्रेस। बरेली। भुता थाना क्षेत्र में एक युवक के आधार और पैन कार्ड लेकर गांव के ही शख्स व उसके साथी ने मिलकर एक फर्म द्वारा बैंकों में खाते खुलवाकर करोड़ों रुपये का लेनदेन किया। पुलिस ने सोमवार को छापा मारकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक गांव केसरपुर निवासी शब्बू से इसी गांव के शाहिद और थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला कांकर टोला निवासी अमित गुप्ता ने फुसलाकर कारचोबी का काम करने का झांसा देकर आधार कार्ड, पैन कार्ड ले लिए। दोनों ने एचडीएफसी बैंक, पंजाब सिंध बैंक में फर्जी तरीके से खाते खुलवाकर चेक बुक पर हस्ताक्षर कराकर करोड़ों रुपये का लेनदेन किया। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने जांच शुरू की। सोमवार को सुबह करीब 11:30 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उदयपुर पुलिया के पास से शाहिद व अमित गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो मोबाइल फोन व नकदी बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी शाहिद अली ने बताया कि वह और अमित गुप्ता ने शब्बू को विश्वास में लेकर कारचोबी का काम बढ़ाने के लिए आधार कार्ड व पैन कार्ड लेकर सत्य साहब ट्रेडर्स के नाम से खाता खुलवाया था।

# साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



6.40 लाख रुपये की राशि होल्ड

थाना कोतवाली नगर पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 05 बैंक पासबुक, 02 चेकबुक, 03 मोबाइल फोन, 05 आधार कार्ड, 05 पैन कार्ड, 12 एटीएम कार्ड और एक पीली धातु की अंगूठी बरामद की है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार दिनांक 05 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर अमरिया बस स्टैंड के पास से आजम, अरबाज और विशेष कुमार को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मुकदमा संख्या 03/2026, धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 305, 317(2) बीएनएस एवं 66(सी) आईटी एक्ट के अंतर्गत वांछित थे।

### 6.41 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला

दिनांक 01 जनवरी 2026 को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से थाना कोतवाली नगर में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें 6,41,000 रुपये की साइबर ठगी किए जाने की जानकारी दी गई थी। साइबर हेल्पडेस्क पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर 6,40,783 रुपये की राशि तत्काल होल्ड करा दी, जिससे पीड़ित को होने वाले आर्थिक नुकसान को काफी हद तक रोका जा सका। इस संबंध में अजय कुमार निवासी मोहल्ला पकड़िया, थाना कोतवाली नगर ने लिखित सूचना दी कि उनके पुत्र विशेष कुमार ने आजम, अरबाज और अमन के साथ मिलकर बिना जानकारी के उनकी यूपीआई आईडी बनाकर ऑनलाइन गेमिंग ऐप में 6,41,000 रुपये लगा दिए। आरोप है कि 2,59,000 रुपये आपस में बांट लिए गए तथा घर में रखी सोने की अंगूठी भी चोरी कर ली गई।

### फर्जी ऑनलाइन गेमिंग साइट से करते थे ठगी

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बीते कई वर्षों से फर्जी ऑनलाइन गेमिंग और बैटिंग साइट के माध्यम से साइबर ठगी कर रहे थे। गिरोह को मुख्य रूप से गुड्डू उर्फ आशिक और मुशाहिद संचालित करते थे। गुड्डू उर्फ आशिक साइट का एडमिन था, जबकि मुशाहिद के पास मास्टर पावर थी। आरोपी आजम नए लोगों को लालच देकर साइट से जोड़ता था, अरबाज फर्जी आईडी-पासवर्ड और क्यूआर कोड उपलब्ध कराता था, जबकि अन्य आरोपी तकनीकी संचालन और धन संग्रह का काम करते थे। लोगों को अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर उनसे यूपीआई व क्यूआर कोड के जरिए रकम जमा कराई जाती थी, जिसे बाद में विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर कमीशन के रूप में बांट लिया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों का विवरण में आजम पुत्र ताजुद्दीन, निवासी मोहल्ला सरफराज खां, थाना कोतवाली नगर, पीलीभीत, अरबाज पुत्र मोहम्मद उमर, निवासी मोहल्ला पकड़िया नौगवां, थाना सुनगढ़ी, पीलीभीत, विशेष कुमार पुत्र अजय कुमार, निवासी पकड़िया, थाना कोतवाली नगर, पीलीभीत इनके पास बरामदगी में 05 बैंक पासबुक, 02 चेकबुक, 03 मोबाइल फोन, 05 आधार कार्ड 05 पैन कार्ड, 12 एटीएम कार्ड,01 पीली धातु की अंगूठी बरामद की गई। आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस टीम में मुख्य रूपसे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, निरीक्षक सतीश कुमार, उप निरीक्षक तरुण कुमार, उप निरीक्षक विकास कुमार, आरक्षी ललित कुमार, आरक्षी विवेक कुमार, आरक्षी अजय कुमार, महिला आरक्षी स्वाति तथा निरीक्षक के.वी. सिंह (साइबर टीम) शामिल रहे। पुलिस की तत्पर कार्रवाई से साइबर ठगी की बड़ी रकम बचाई जा सकी है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी ने ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण और फोटोग्राफी प्रतियोगिता की रूपरेखा तय की





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन और आगामी महीनों में आयोजित होने वाली फोटोग्राफी प्रतियोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सोसायटी सदस्यों ने पालिका द्वारा मेस्टर्न लाइब्रेरी स्थल के पास निर्माणाधीन संग्रहालय में जिले से जुड़ी ऐतिहासिक वस्तुएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इससे पीलीभीत की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। बैठक में सोसायटी सदस्य अमित वर्मा ने अपने निजी संग्रह में शामिल कई दुर्लभ एवं ऐतिहासिक वस्तुएं प्रदर्शित कीं और उनके महत्व की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि जिले के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षित रखी गई वस्तुओं को संग्रहालय में संरक्षित किया जाना चाहिए, जिससे इतिहास के संरक्षण में और मजबूती आए। बैठक में समिति अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, सचिव हर्षल सिंह, डॉ. दीपक गंगवार, सतीश जायसवाल, डॉ. एस.पी.एस. संधू, डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, अनिल महेंद्रू, मंजीत सिंह, सभासद साकेत सक्सेना, कुंवर महताब सिंह संधू, मोहम्मद रेहान, विक्रम सेन सक्सेना, विपिन नीरज, अमित शर्मा, आशीर्वाद अग्रवाल, दीपक श्रीवास्तव, कपिल सिंह, राजेश गंगवार, मुकुल अग्रवाल, कुंवर आफताब संधू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि आगामी महीनों में फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं का समुचित संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल से पीलीभीत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने में मदद मिलेगी और नागरिकों में इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# आगामी त्योहारों से पहले जनपद में स्वच्छता पर सख्ती, डीएम ने दिए व्यापक निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई।



मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए जनपद में स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने केम्प कार्यालय से वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। डीएम ने शहरी क्षेत्रों की मलिन एवं घनी बस्तियों में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी असामान्य स्थिति उत्पन्न न होने देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी नगरीय निकायों में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान अनिवार्य रूप से चलाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में प्रातः 05 बजे से 08 बजे तक सफाई कर्मियों की बीट निर्धारित कर सड़कों व गलियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, साथ ही सायंकाल द्वितीय पाली में भी सफाई एवं कूड़ा उठान कराया जाए। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधीन सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में नियमित साफ-सफाई एवं विसंक्रमण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर सूक्ष्म कार्ययोजना बनाते हुए दिन में एंटी-लार्वा स्प्रे तथा सायंकाल फॉगिंग कराए जाने के निर्देश दिए, इसके साथ ही मलिन एवं घनी बस्तियों में ब्लीचिंग पाउडर, मैलाथियान डस्ट, चूना आदि का नियमित छिड़काव सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाई के दौरान एकत्र किए गए कूड़े को तत्काल सेनेट्री लैंडफिल साइट अथवा निर्धारित स्थान पर भेजा जाए तथा किसी भी स्थिति में कूड़ा या सिल्ट सड़कों पर न छोड़ा जाए। उ0प्र0 राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के अनुरूप कूड़े के संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जनसामान्य को व्यक्तिगत एवं पर्यावरणीय स्वच्छता, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के उपयोग तथा एईएस/जेई एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में सीवर लाइन एवं पेयजल पाइपलाइन के क्रॉस-कनेक्शन की नियमित जांच, लीकेज अथवा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की त्वरित मरम्मत तथा सीवर लीकेज की स्थिति में भी शुद्ध पेयजल आपूर्ति निर्बाध रखने के निर्देश दिए। साथ ही जलापूर्ति से संबंधित टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने नगर निकाय, जलकल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिशासी अधिकारी प्रतिदिन फील्ड में जाकर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे तथा निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य से कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं कि जाएगी और सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। इस अवसर पर एसडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## टक्कर मारकर घायल करने के आरोपी बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** लापरवाही पूर्वक बाइक चला कर सड़क के किनारे खड़े युवक को टक्कर मारने के मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ घायल के भाई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रहे है। पिहानी कोतवाली में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम सहीजना निवासी सरफराज पुत्र एजाद खान ने बताया 20 दिसंबर 2025 को उसके भाई सरताज बाइक से बल्लिया जा रहे थे। बंदरहा के पास शाम लगभग 3ः45 बजे बाइक से उतर कर खड़े हो गए। उसी समय सामने से तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार अंकित पुत्र शंकर निवासी ग्राम रत्नापुर थाना मंझिला ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर जिला अस्पताल भेजा गया जहां उनका इलाज चल रहा है । बाइक सवार की बाइक पर सुखबीर पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम रत्नापुर भी बैठा था। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया तहरीर के आधार पर बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन सख्त, 51 शिकायतें प्राप्त, 12 का मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील माधौगढ़ के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान तहसील क्षेत्र से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 51 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान मौके पर ही करना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार, निष्पक्ष एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि निस्तारित प्रकरणों की जानकारी समय से फरियादियों को उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित मामलों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि मारपीट, आपसी रंजिश एवं अन्य आपराधिक प्रवृत्तियों से संबंधित शिकायतों में पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा एवं न्याय के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधिकारी राकेश कुमार सोनी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार यादव, सीएमओ डॉ. देवेंद्र भिटौरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला जेल में निरुद्ध बन्दी की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

जिला कारागार में निरूद्ध बंदी की अचानक तबीयत बिगड़?ने पर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे उपचार के बाद मेडिकल कालेज भेजा गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए है। शहर कोतवाली के मोहल्ला उमरार खेड़ा निवासी मेवालाल चौधरी 58 वर्ष तीस अगस्त 2024 से जिला कारागार में जहर खुरानी के एक मामले में दोष सिद्ध होने के बाद सजा काट रहा था। बताया गया कि रविवार को अचानक उसकी हालत बिगड़ गई, हालत गंभीर होने पर जेल प्रशासन के हाथ पैर फूल गए और कारागार चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जहां पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे उपचार के बाद मेडिकल कालेज रिफर कर दिया। जहां पर भी उसकी हालत में कोई सुधार नही हुआ और रविवार देर रात उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी जेल प्रशासन द्वारा उच्च अधिकारियों को दी गई। वहीं खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतक के पुत्र सुमित ने आरोप लगाया है कि उसके पिता एक दम स्वस्थ थे और दो दिन पहले ही उनकी मुलाकात हुई थी। पुत्र का आरोप है कि उनके पिता को समय पर समुचित इलाज नही मिला जिसके चलते उन्हें अपनी जान से हाथ धोने पड़ा।

# कोतवाली एवं एसओजी/सर्विलांस पुलिस की बड़ी कार्यवाही, गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उरई



जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में शहर कोतवाली एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अवैध गांजा तस्करी में लिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आईटीआई कॉलेज के सामने से अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 40.250 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही एक सफेद रंग की टीवीएस अपाचे मोटर साइकिल जो बिना नंबर प्लेट की थी, उसको जब्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दीपू राजपूत पुत्र वीरेन्द्र राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम व थाना गोहन जनपद जालौन हाल निवासी मोहल्ला राजेन्द्र नगर कोतवाली उरई के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह गांजा सस्ते दामों में खरीदकर ऊंचे दामों पर बेचता था और उससे मिलने वाले पैसों को अपने घरेलू खर्च व शौक पूरे करने में इस्तेमाल करता था। बताया कि वह अपाचे बाइक से गांजा बेचने के लिए जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस द्वारा अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी आसपास के जनपदों एवं थानों से भी जुटाई जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# एसडीएम व सीओ ने समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन

जन समस्याओं को मौके पर निस्तारण के लिए तहसील सभागार में एसडीएम हेमंत पटेल व सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें पंजीकृत हुई लेकिन मौके पर किसी भी शिकायत का समाधान नहीं हो सका। वर्ष के पहले समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता व सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें 10 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पंजीकृत की गई। जिनमें अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण आदि की शिकायतें दर्ज कराई गईं। संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक चार शिकायतें पुलिस विभाग, राजस्व विभाग की तीन, नगर पालिका की दो व विकास विभाग की एक शिकायत पंजीकृत हुई। सभी 10 शिकायतों को संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है और एक सप्ताह में शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश एसडीएम ने अधीनस्थों को दिए हैं। इस मौके बीडीओ गणेश कुमार, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, सतेंद्र गुप्ता, गौरव कुमार, डॉ. राजीव दुबे, पूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार, जेई बिजली नवीन कंजोलिया, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# खाना लेने गए 3 वकीलों पर हमला एक की हालत गंभीर, वकीलों में आक्रोश, मुकदमा



जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई खाना लेने गए तीन वकीलों पर हमला एक ही हालत गंभीर। जिसके बाद जिले के वकीलों में आक्रोश फैल गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता दीपक पाल, रोहित सिंह और दीपक त्रिपाठी शहर के रंजना होटल में खाना लेने गए थे। उन्होंने दो थाली खाना पैक करवाया और 400 रुपये का भुगतान किया। खाना पैक कराने के बाद जब अधिवक्ता पान मसाला लेने लगे, तभी होटल मालिक और कर्मचारियों से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।यह विवाद इतना बढ़ गया कि होटल कर्मियों ने अधिवक्ताओं पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों वकील घायल हो गए। अधिवक्ता दीपक पाल की हालत सबसे अधिक चिंताजनक है। उन्हें तत्काल हरदोई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहाँ सिटी स्कैन रिपोर्ट में उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटों की पुष्टि हुई है।इस घटना की सूचना मिलते ही वकीलों में रोष व्याप्त हो गया। हरदोई अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामेंद्र सिंह तोमर ने हमले की निंदा की है और पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ तत्काल तथा सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो अधिवक्ता संघ बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा।पुलिस ने होटल मालिक और कर्मचारियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

## मल्लावां पुलिस ने चोरी का इंजन व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** थाना मल्लावां पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया पानी वाला इंजन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस के अनुसार, दिनांक 04 जनवरी को वादी शिवकरन पुत्र छब्बा निवासी ग्राम भरतानगर, पुलिस चौकी राघोपुर थाना मल्लावां जनपद हरदोई द्वारा थाने पर तहरीर दी गई थी कि अज्ञात चोर द्वारा उनका पानी वाला इंजन चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर थाना मल्लावां में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई।जांच एवं कार्रवाई के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त धीरज पुत्र गज्जू निवासी मोहल्ला काजीटोला, थाना कन्नौज, जनपद कन्नौज को थाना मल्लावां पुलिस ने चोरी के इंजन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।बरामदगी में एक अदद पानी वाला इंजन तथा एक अदद मोटरसाइकिल शामिल है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप पाण्डेय, हेड कांस्टेबल विजय कुमार, कांस्टेबल आनंद राजपूत तथा कांस्टेबल अंकुर वर्मा शामिल रहे।

# समाधान दिवस में पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया



जन एक्सप्रेस। शाहाबाद

तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस और राजस्व से संबंधित 41 शिकायतें आईं जिनमें से मात्र पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अंकित तिवारी ने की। संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी ने बड़ी संख्या में आए हुए फरियादियों को सुना और उनकी शिकायतों को सुनने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप जांच कर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप ही सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य करना है । शिकायतों के निस्तारण से पहले अधिकारी और कर्मचारी मौके पर जाकर जांच करें और उसके बाद ही शिकायतों का निस्तारण करें। इस अवसर पर तहसीलदार संध्या यादव, सीओ आलोक राज नारायण सहित समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोपप्पात्र परिवार फूस की झोपड़ी में रहने को मजबूर

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** भरखनी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलौनी में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है, ग्राम प्रधान और पंचायत सेक्रेटरी ने मिलकर पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं दिया, जबकि उनसे पैसे वसूले गए।

ग्राम सलौनी निवासी अनिल पुत्र रामप्रकाश और उनकी पत्नी सविता ने बताया कि सेक्रेटरी ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास दिलाने का आश्वासन देकर 5 हजार रुपये ले लिए थे, लेकिन आज तक न तो आवास स्वीकृत हुआ और न ही रुपए वापस मिले। पीड़ित दंपती का कहना है कि वे मजबूरी में एक फूस की झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे हैं। भीषण ठंड के इस मौसम में फूस की झोपड़ी में रहना उनके लिए किसी नरक से कम नहीं है। सविता ने बताया कि जब वे आवास के लिए ग्राम प्रधान से शिकायत करती हैं तो प्रधान हर बार टालमटोल करते हुए अगली पंचवर्षीय योजना में आवास दिलाने का आश्वासन दे देते हैं। पीड़ित परिवार ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, साथ ही उन्हें शीघ्र प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने की गुहार लगाई है। गांव में इसी तरह के कई और मामले बताए गए, जिनको लेकर अन्य ग्रामीणों में भी रोष देखा जा रहा है।

# शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न, संगठन मजबूती पर जोर

जन एक्सप्रेस। हरदोई



शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, जनसमस्याओं एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि शहर स्तर पर कांग्रेस संगठन को और सक्रिय किया जाएगा तथा कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई जनता के हक और अधिकार की है, जिसे कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाएं।पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने संगठन में अनुशासन और एकजुटता पर बल दिया।पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं।बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह, हरिओम त्रिपाठी, गोपाल पांडे शहर उपाध्यक्ष उमा राजवंशी, ओम प्रताप सिंह शहर महासचिव अभय कुशवाहा, इस्लाम गाजी, मेहताब अहमद, अनूप सिंह, शहर कंट्रोल रूम इंचार्ज श्रीमती ममता पाल, राजेंद्र वर्मा एवं शहर सचिवअजय दीक्षित विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक अवश्य पहुंचायें: अनुनय झा

जन एक्सप्रेस। हरदोई



हरदोई।तहसील सदर में आहूत सम्पूर्ण समाधान की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुनय झा ने कहा कि अधिकारी भारत एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं लाभ हर पात्र तक अवश्य पहुंचायें और विकास एवं निर्माण कार्यो को गुणवत्ता परक, मानक के अनुरूप समय पर पूर्ण करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जों की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लेखपालों को निर्देश दिये कि भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों को गम्भीरता से लें तथा पुलिस के सहयोग से सरकारी एवं गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों विरूद्ध कठोर कार्यवाही करायें।

विद्युत विभाग की शिकायतों पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई करायें और खराब ट्रान्फारमर व जर्जर लाइन बदलवायें। निराश्रित, वृद्धा एवं विकलांग पेंशनरों की शिकायत पर डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये जिन पात्र लोगों की पेंशन किसी कारण बंद हो गयी है उनका सत्यापन कराकर पेंशन पुनः बहाल करायें। राशन वितरण शिकायतों पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन वितरण में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने वाले कोटेदारों के विरुद्ध कार्यवाही करें। इस अवसर पर डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में गरीब बुर्जगों को कम्बल वितरित किये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी अशोक कुमार मीणा ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्रों में नियमित गस्त करें और ग्रामीण क्षेत्रों के बारे में प्रतिदिन बीट सिपाहियों एवं चौकीदारों से जानकारी प्राप्त करें और भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराने में राजस्व टीम का सहयोग करें। इस अवसर पर सीएमओ डा0 भावनाथ पाण्डे, डीडी कृषि सहित जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# शीत लहर के दृष्टिगत पशु पालक पशुओं को सर्दियों से बचाव करे

जन एक्सप्रेस। हरदोइ

हरदोई।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशु पालकों से अपील की है कि पशु/पक्षियों को आसमान के नीचे खुले स्थान में न बाधें/रखे। पशुओं को घिरी जगह एवं छप्पर/शेड से ढके हुए स्थानों में रखें। यह विशेष ध्यान रखें कि रोशनदान, दरवाजे एवं खिड़कियों को टाट/बोरे से आवश्यकतानुसार ढक दें, जिससे सीधी हवा का झोंका पशुओं तक न पहुंचें। पशु बाड़े में गोबर एवं मूत्र निकास की उचित व्यवस्था करें। मूत्र, जल भराव न होने दें। बिछावन में पुआल/लकड़ी का बुरादा/गन्ने की खोई आदि का प्रयोग करें। पशुओं को ताजा पानी पिलायें। पशुओं को जूट के बोरे का झूल पहनायें तथा ध्यान रखें कि झूल खिसके नही, अतः नीचें से जरूर बांध दें। आवश्यकतानुसार आग जलायें, इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अलाव पशुओं के बच्चे की पहुंच से दूर रखने के लिये पशु के गले में रस्सी बांधे जिससे की पशु अलाव तक न पहुंच सके। बाड़े में अलाव जलाने पर गैस बाहर निकलने के लिये रोशनदान खोल दें। संतुलित आहार पशुओं को दें। आहार में खली, दाना, चोकर की मात्रा बढ़ा दें। धूप निकलने पर पशु को अवश्य ही बाहर खुले स्थान पर धूप में खड़ा करें। नवजात बच्चों को खीस (कोलस्ट्रम) पिलायें, इससे बीमारी से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है। प्रसव के बाद में मां को ठण्डा पानी न पिलाकर गुनगना पानी अजवाइन मिलाकर पिलायें। भेड़ बकरियों में पी0पी0आर0 बीमारी फैलने की सम्भावना बढ़ जाती है।

# शिकंजे में शातिर : युवती को शादी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार, जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



कोहड़ौर थाना इलाके के एक गांव की युवती के साथ पड़ोसी जिले के एक युवक ने अपना फर्जी नाम व पता बताते हुए शादी का झांसा देकर युवती से तैंतीस हजार रुपये ठग लिए। जब युवती व उसके परिजनों को ठगे जाने का एहसास हुआ तो अज्ञात युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी। फिलहाल 24 घण्टे के भीतर ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार कोहड़ौर थाना इलाके के एक गांव की युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बीते 24 नवम्बर को रास्ता पूछने के बहाने एक युवक ने खुद को सरकारी अध्यापक बताकर उसे रोका। युवती ने जब रास्ता बताया तो युवक ने भूल जाने का बहाना करते हुए उसे बाइक पर बैठाया। फिर अपनी मोबाइल खराब होने की बात कहकर फोन करने के लिए युवती से उसका मोबाइल लिया और चुपके से उसका नम्बर लेकर सेव कर लिया। फिर दोनों में बातचीत शुरू हुई। आरोप है कि इस दौरान युवक ने युवती को शादी का झांसा दिया जिसके बाद युवती ने अपने परिजनों से युवक की बात कराई और तय हुआ कि माह भर बाद शादी की बात होगी। इस दौरान दोनों के बीच फोन पर बराबर बात होती रही। बीते दिसम्बर में युवक ने अपना फोन खराब होने की बात कहकर युवती को कोहड़ौर बाजार बुलाया और उसका फोन ले लिया फिर युवती के नाम पर उसी के पैसे से एक दूसरा मोबाइल फाइनेंस करवाकर उसे दे दिया। फिर कुछ दिनों बाद युवक ने मामा की बीमारी का बहाना बनाकर युवती व उसके परिजनों से तैंतीस हजार रुपये भी ठग लिए। फिर हफ्ते भर बाद तो गजब हो गया युवती के पास फोन आया और युवक की दुर्घटना में मौत बताकर उसके अंतिम संस्कार के नाम पर पांच हजार रुपये मांगे गये। जब युवती के परिजनों ने पूछताछ करने का प्रयास किया तो युवक का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। फिर क्या था युवती व उसके परिजनों को एहसास हो गया कि वो ठगी के शिकार हो चुके हैं। जिसके बाद युवती रविवार को परिजनों के साथ थाने पहुंची और तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गहनता से छानबीन की तो आरोपी युवक को चिन्हित कर लिया। जिसके बाद एसओ कोहड़ौर धनन्जय राय व उनकी पुलिस टीम ने अमेठी जिले के रामगंज थाना इलाके के रामपुर निवासी अभियुक्त महेश यादव को चौबीस घंटे के भीतर ही सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल बरामद किया है। एसओ कोहड़ौर धनंजय राय ने बताया कि एक युवती की तहरीर पर युवक के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## फाइनल में लार की टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**देवरिया।** भटनी विकास खंड के बलुआ अफगान के हरिबंश सहाय शिक्षक संस्थान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल रविवार को खेला गया। इसमें लार की टीम ने फाइनल मुकाबले में कुटिया को 9 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा के जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुमेश्वर नाथ तिवारी ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद कुटिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 16 ओवर में लार की टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाए और कुटिया को जीत के लिए 99 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कुटिया की टीम 15वें ओवर में मात्र 89 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह लार की टीम ने यह मुकाबला 9 रनों से जीत लिया। सिरीज के सभी मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुटिया टीम के खिलाड़ी हार्दिक पांड्या को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। वहीं आलोक यादव को मैन ऑफ द मैच व बेस्ट फील्डिंग का पुरस्कार दिया गया।

मैच में निर्णायक की भूमिका रविंद्र कुशवाहा व कमलेश भारती ने निभाई। बेहतरीन कमेंट्री शुभम यादव द्वारा की गईं।

# पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़





जिले की दिलीपपुर थाने की पुलिस व बदमाशों के बीच सोमवार को हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। घायल बदमाशों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बता दें कि बीते शनिवार को दिलीपपुर थाना इलाके के रामपुर आधारगंज में ई रिक्शा चालक सुनील कुमार से अज्ञात बदमाशों ने ई-रिक्शा को सूनसान स्थान पर रुकवाकर तमंचा एवं चाकू के दम पर ई-रिक्शा की बैटरी, मोबाइल फोन एवं सात सौ नकद छीन लिया और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एएसपी पश्चिमी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में थाना दिलीपपुर पुलिस टीम द्वारा थाना इलाके के चौहर्जन पुल के पास जंगल में बसीरपुर गांव में चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। जिसके बाद पुलिस द्वारा की गई जबाबी फायरिंग में लवकुश ओझा व चांद के दाहिने पैर में गोली लगी और दोनों घायल हो गए जिसके बाद पुलिस ने दोनों को ईलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लूट की ई-रिक्शा की एक बैटरी एवं दो देशी तमन्चा, चार खोखे कारतूस व दो जिंदा कारतूस बरामद किया। थाना इलाके के सराय शेरखां गांव निवासी चांद एवं श्रीपुर निवासी लवकुश के खिलाफ दिलीपपुर थाने पर पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। सीओ पट्टी ने बताया कि बीते शनिवार को चार अज्ञात बदमाशों के द्वारा थाना इलाके में एक ई रिक्शा चालक से तमंचे के बल पर मोबाइल, ई रिक्शा की बैटरी व नकदी की छिनैती की गई थी। सोमवार को चौहर्जन पुल के समीप उन्हीं बदमाशों की सूचना होने पर पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाश पुलिस पर फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वो घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाशों के कब्जे से ई रिक्शा की बैटरी, तमंचा, कारतूस व मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# एसपी ने फीता काटकर पुलिस चौकी अस्थान का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़





जिले में सोमवार को एसपी दीपक भूकर ने नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी अस्थान का उद्घाटन विधि विधान से पूजा-अर्चना करते हुए फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद एसपी ने पुलिस चौकी परिसर का निरीक्षण करने के साथ ही चौकी पर उपलब्ध संसाधनों, भवन व्यवस्था एवं आमजन की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, सीओ कुंडा अमरनाथ गुप्ता एवं थानाध्यक्ष नवाबगंज संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान थाना स्थानीय पुलिस बल द्वारा एसपी को विधिवत सलामी दी गई। इस दौरान एसपी ने वहां उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि चौकी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित पुलिस चौकी अस्थान के संचालन से क्षेत्र में पुलिस की सुलभता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलेगी तथा आम नागरिकों को पुलिस सहायता अधिक शीघ्रता से उपलब्ध हो सकेगी। महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं जन-संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा पुलिस द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रिक्रूट आरक्षियों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में सोमवार को पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित सभागार में इकठ्ठा हुए रिक्रूट आरक्षियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी- 2026 के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से ये कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात अनिल कुमार राय द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें स्वयं नियमों का पालन करने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि गलत दिशा में वाहन न चलाएं। बाइक पर तीन सवारी न बैठाएं और सड़क पर स्टंटबाजी न करें।

# सीमा सुरक्षा के साथ समाज निर्माण में भी अग्रणी एसएसबी

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर की सुरक्षा के साथ 22वीं वाहिनी एसएसबी महराजगंज द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित कौशल विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का संयुक्त समापन समारोह ठूठीबारी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसएसबी कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर रहे, जबकि द्वितीय कमान अधिकारी नरेश कुमार जांगिड़ के विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

22वी वाहिनी एसएसबी द्वारा संचालित नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती झूलनीपुर एवं पथलहवा के महिलाओं एवं बेटियों के लिए टेलरिंग प्रशिक्षण कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं टेलरिंग किट प्रदान की गई। वहीं समवाय ठूठीबारी एवं बरगदवा के कार्यक्षेत्र में संचालित बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स में भाग लेने वाले 30 युवक-युवतियों को प्रमाण पत्र एवं अध्ययन सामग्री (पुस्तकें) वितरित की गईं। उपरोक्त कार्यक्रम में स्कूली बच्चों एवं एसएसबी जवानों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। वही सामाजिक चेतना कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को स्प्रे पंप स्कूली विद्यार्थियों को खेल एवं स्वच्छता से संबंधित सामग्री जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, कूड़ादान, फिनायल आदि प्रदान की गई। इसके साथ एसएसबी द्वारा मानव चिकित्सा सहायता (स्ट्र) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अमित नंदन त्रिपाठी, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा ठूठीबारी सहित आसपास के विभिन्न गांवों से पहुंचे 139 लोगों का स्वास्थ्य स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गईं।

मुख्य अतिथि शक्ति सिंह ठाकुर, कमांडेंट ने अपने संबोधन में कहा कि सशस्त्र सीमा बल केवल भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सीमावर्ती समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। ऐसे प्रशिक्षण एवं कल्याणकारी कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। इस कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष भवन प्रसाद गुप्ता, मानव सेवा संस्थान से अंजली मिश्रा, कोतवाली के उपनिरीक्षक लालचंद वर्मा, प्रधानाचार्य अमरीश त्रिपाठी सहिया बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनता की शिकायतें

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद के नौतनवा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनशिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान 117 मामलों में से 23 प्रकरणों को जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारित किया। शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए उन्होंने त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि शिकायत निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि का ध्यान रखा जाए और सभी कार्य एसओपी के अनुसार किए जाएँ। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस और आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में समय और गुणवत्ता का ध्यान रखना अनिवार्य है। अधिकारी शिकायत निस्तारण की निगरानी स्वयं करें और अंतिम आख्या से पूर्व शिकायतकर्ता से संपर्क अवश्य करें। इस संबंध में स्पॉट मेमो लगाने का भी निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए ठंड के मद्देनजर डीपीआरओ और समस्त ईओ को अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने, रैन बसेरों में पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने और किसी भी व्यक्ति को खुले में न सोने देने का निर्देश दिया। इसके अलावा, एसडीएम और सीओ को बाल विवाह रोकने के लिए मैरेज हॉल मालिक से शपथ पत्र लेने के निर्देश भी दिए गए।

संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, डीएफओ निरंजन सुर्वे, एसडीएम नवीन प्रसाद, परियोजना निदेशक राम दरश चौधरी, तहसीलदार नौतनवा कर्ण सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, सहायक आयुक्त व निबंधक सहकारिता सुनील गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइंस में पुलिसकर्मियों और परिवारवालों को दिया गया होम्योपैथिक परामर्श

**कुशीनगर।** पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर रविवार को कुशीनगर पुलिस लाइन में निशुल्क बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और उनके परिजन पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ लिया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में आयोजित शिविर का संचालन होम्योपैथी विभाग की टीम ने किया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. सुषमा ने अपनी टीम के साथ पुलिसकर्मियों को विभिन्न बीमारियों के लिए परामर्श दिया और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं।

# सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) ने कोहड़ौर थाने के विवेचकों का किया अर्दली रूम

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में सोमवार को सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु आफताब आलम के साथ थाना कोहंडौर के विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए सभी विवेचकों को समय पर जांच पूरी करने के निर्देश दिए। अर्दली रूम के दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत लंबित विवेचनाओं की प्रगति, अभियुक्त गिरफ्तारी, वारण्टी गिरफ्तारी, गुण्डा प्रकरण, महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध, भूमि विवाद एवं जनशिकायतों के निस्तारण आदि विषयों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उन्होंने जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जांच और विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। आईजीआरएस और शिकायती पत्रों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से किया जाए तथा किसी भी प्रकरण में शिथिलता न बरती जाए। साथ ही अपराध नियंत्रण हेतु सतत गश्त, बीट सूचना संकलन एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। जनता से संबंधित प्रत्येक समस्या को संवेदनशीलता व प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए और थाने पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ शालीन व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित किए जाने का निर्देश भी दिया।

# प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन को लेकर तैयारी तेज

## सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया के नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

भाजपा के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के महराजगंज जनपद में प्रथम आगमन को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी क्रम में सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों की टीम ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और संबंधित कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक जयमंगल कन्नौजिया के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, जिला महामंत्री बबलू यादव एवं ओम प्रकाश पटेल, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव तथा जिला मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला मौजूद रहे। सभी नेताओं ने मंच, पंडाल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, पेयजल, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि पंकज चौधरी का जनपद में प्रथम आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और गौरव का विषय है। यह कार्यक्रम संगठन की मजबूती के साथ-साथ जनपद के विकास को लेकर नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन और समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। विधायक ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्वागत की सभी तैयारियां तय समय सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएंगी और यह आयोजन निश्चित रूप से ऐतिहासिक होगा। कुल मिलाकर माहौल ऐसा बन रहा है कि यह स्वागत कार्यक्रम जनपद की राजनीतिक सक्रियता और गर्मजोशी का प्रतीक बनेगा।

## माघ मेला- 2026 : जिले में 43 सेक्टर, 09 जोनल व 5 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने जनपद प्रयागराज में आयोजित हो रहे महामाघ मेला-2026 के विभिन्न स्नान पर्वो के अवसर पर शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 09 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 05 सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी है। उन्होने जोनल मजिस्ट्रेट के रूप अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बीएम सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 सुशील कुमार व डा. रवि प्रकाश सिंह, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग संजय राय, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ओम प्रकाश चौरसिया व अजय कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. देवेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता सिंचाई शैलेन्द्र कुमार प्रजापति व जिला अभियन्ता जिला पंचायत कृष्ण कुमार भाष्कर की ड्यूटी लगायी है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में उपजिला मजिस्ट्रेट सदर, रानीगंज, पट्टी, लालगंज व कुण्डा की ड्यूटी लगायी गयी है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी के रूप में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट ने महामाघ मेला हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं के दृष्टिगत मुख्य चिकित्साधिकारी, ईओ नगर पालिका व नगर पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता व अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता जल निगम आदि को दिशा निर्देश निर्गत किया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम और एसपी ने सुनी शिकायतें, आठ का मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़





जिले की सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी व एसपी दीपक भूकर ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 131 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। कुल प्राप्त 131 शिकायतों में से 49 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 16, विकास विभाग से 03, खाद्य विभाग से 02, चकबन्दी विभाग से 01 व विद्युत विभाग से 02 एवं 58 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। डीएम ने अधिकारियों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करने हेतु निर्देशित किया साथ ही कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान एसपी दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम और एसपी के साथ ही संयुक्त मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा व सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त कुमार व एसडीएम सदर नैंसी सिंह समेत अन्य संबंधित विभागीय के अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त तहसील परिसर में जरूरतमन्दों को कम्बल का वितरण भी किया गया।

# घर में घुसकर जानलेवा हमला, महिलाओं से मारपीट- दबंगों के आतंक से दहला लखनपुर

- पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, परिवार पर मंडरा रहा जान-माल का खतरा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**





जनपद के लखनपुर इलाके में दबंगों के आतंक का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।
पीड़िता अंजली जायसवाल ने आरोप लगाया है कि गांव के ही दबंगों ने उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया, महिलाओं से मारपीट की, अपहरण का प्रयास किया और घर में जमकर तोड़फोड़ मचाई।
पीड़िता का कहना है कि हमलावरों ने बार-बार जान से मारने की धमकी दी, जिससे पूरा परिवार दहशत में है।

### शाम को पहला हमला, रात में दोबारा धावा

पीड़िता अंजली जायसवाल के अनुसार, 4 जनवरी 2026 की शाम करीब 6¬30 बजे प्रेमचंद्र जायसवाल और उसके कई साथी जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावरों ने महिलाओं के साथ मारपीट की, घर में रखे सामान को तोड़ा और ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान अपहरण की कोशिश भी की गई।
घटना की सूचना तुरंत 112 नंबर पर दी गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए, लेकिन पीड़िता का आरोप है कि रात करीब 10 बजे दबंग फिर से लौटे और दोबारा हमला किया।

### तीन लोग गंभीर रूप से घायल

दूसरे हमले में परिवार के तीन सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं।
पीड़िता का कहना है कि यदि समय रहते मदद न मिलती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। लगातार हो रहे हमलों से परिवार भय और तनाव में जीने को मजबूर है।

**सवाल बरकरार**

- अब बड़ा सवाल यह है कि
- क्या पीड़ित परिवार को समय रहते सुरक्षा मिल पाएगी?
- क्या दबंगों पर कानून का शिकंजा कसेगा?
- और क्या अंजली जायसवाल व उनके परिवार को इंसाफ मिल पाएगा?
- फिलहाल लखनपुर में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवार न्याय की राह देख रहा है



### एसपी से सुरक्षा और कार्रवाई की मांग

पीड़िता अंजली जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।
उनका कहना है कि दबंग खुलेआम धमकी दे रहे हैं और कभी भी जानलेवा हमला कर सकते हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत, सपा के दो दर्जन कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

## मोदी योगी के योजनाओं से प्रभावित होकर थामा कमल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

करंजाकला विकासखंड के भकुरा गांव में प्रजापति समाज की ओर से आयोजित भव्य स्वागत समारोह में भाजपा के नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति का जोरदार स्वागत किया गया। इसी दौरान समाजवादी पार्टी के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सियासी हलचल तेज कर दी। शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी के साथ जुड़ने की बात कही।

### भव्य स्वागत, जोरदार नारेबाजी

समारोह में जिलाध्यक्ष के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। मंच से लेकर पांडाल तक भाजपा जिंदाबाद के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव 'मम्मन' मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने नव-शामिल कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई।



### योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाने का संकल्प

सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं ने पार्टी के निर्देशों का निष्ठा से पालन करने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा के हित में बिना भेदभाव काम कर रही है। उज्ज्वला, आयुष्मान, पीएम आवास, शौचालय, पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

### सपा से टूटकर आए

### कार्यकर्ताओं का बड़ा संदेश

विशिष्ट अतिथि सुनील यादव मम्मन ने कहा कि भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर अन्य दलों के कार्यकर्ता भी लगातार जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों को गर्म व ऊनी कपड़े वितरित किए जा रहे हैं और विकास कार्यों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रजापति समाज के उत्साह की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि समाज ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में प्रजापति समाज के युवाओं का विशेष योगदान रहा।

# बदलापुर में विकास को मिली रफ्तार रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज कार्य तेज

**क्षेत्रीय विधायक निरीक्षण कर किया पूजन।**

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



बदलापुर विधानसभा क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग अब साकार होती दिख रही है। प्रयागराज-गोरखपुर राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित श्री कृष्णानगर रेलवे क्रॉसिंग भलुवाही के संपार 23 सी पर प्रस्तावित दो लेन रेल उपरिगामी सेतु (ओवरब्रिज) के निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को गार्डर रखने का कार्य विधिवत प्रारंभ कराया गया। कार्य की प्रगति का आकस्मिक निरीक्षण कर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में यातायात चालू कराया जाए।

### आकस्मिक निरीक्षण, सख्त निर्देश

निरीक्षण के दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह पुल बदलापुर ही नहीं, समूचे क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन रेखा साबित होगा। आए दिन बंद होने वाली रेलवे फाटक से लोगों को जाम और परेशानी का सामना करना पड़ता था। ओवरब्रिज बनने से न केवल यात्रा में सुगमता आएगी, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी समाप्त होगी। विधायक ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि मानक के विपरीत कार्य पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

### बहुप्रतीक्षित मांग को मिला समाधान

स्थानीय लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग पर शुरू हुआ यह सेतु निर्माण बदलापुर क्षेत्र के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। लंबे समय से इस क्रॉसिंग पर जाम आम बात हो गई थी, जिससे एम्बुलेंस, छात्र-छात्राओं, व्यवसायियों और राहगीरों को बड़ी दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं। पुल तैयार होने के बाद प्रयागराज-गोरखपुर मार्ग पर आवागमन निर्बाध हो सकेगा। इससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई दिशा मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### गार्डर लॉन्चिंग से बढ़ी उम्मीदें

आज से गार्डर रखने का कार्य शुरू होने के साथ ही निर्माण की गति और तेज हो गई है। तकनीकी टीम सुरक्षा मानकों के बीच एक-एक गार्डर को क्रेन की मदद से निर्धारित जगह पर रख रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अगले चरण में डेक स्लैब व एप्रोच रोड का कार्य पूरा कराया जाएगा। यदि मौसम अनुकूल रहा तो निर्धारित समय से पहले भी ओवरब्रिज जनता को समर्पित किया जा सकता है।

### लोगों में उत्साह, विधायक ने जताया आभार

ओवरब्रिज निर्माण की तेजी देखकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। लोगों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी समस्या अब दूर होती दिख रही है। वहीं विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि बदलापुर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। क्षेत्र की हर समस्या का समाधान चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा।

# विवाद में मारा पीटा, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

कोतवाली थाना क्षेत्र के तरुकहिया निवासी अजय पुत्र सहनू ने कोतवाल को लिखित तहरीर देकर जमीनी विवाद में मारने पीटने,धमकी देने, सोने का झाला छीन लेने के मामले में दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।
तहरीर में अजय पुत्र सहनू ने कहा है कि मुकदमेबाजी की रंजिश की वजह 4 जनवरी की शाम को डडई पुत्र मेहीलाल श्रीमती गीता पत्नी डडई, ममता, पिकी रिकी पुत्रीगण डडई राजेन्द्र पुत्र सन्तराम निवासी तुरकहिया ने उसके घर में घुस कर भद्दी-भद्दी गालियां दी और लाठी, डण्डा से मारा पीटा। उसके परिवार के लोगों को काफी चोटे आयी। उसकी पत्नी को गीता, पिंकी, रिकी ने पकड़ लिया और ममता ने कान से सोने का झाला जबरदस्ती छीन लिया। उससे 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दिया। उन लोगो ने गाँधी नगर पुलिस चौकी जाने के लिये कहा लेकिन दोषियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ चौकी जा रहा था किन्तु डडई आदि ने उसे जाने नहीं दिया और धमकी दी। अजय ने इस मामले में दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं फरियादें, बच्चों–दिव्यांगों को मिली त्वरित राहत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तहसील सदर के कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं और कई मामलों में मौके पर ही त्वरित निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शोभा देवी निवासी परगना हवेली सदर द्वारा राजस्व निरीक्षक द्वारा पैमाइश न कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को 10 जनवरी 2026 तक जांच कर पैमाइश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मेवालाल यादव निवासी मल्हनी द्वारा चकमार्ग के सीमांकन का मामला प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को नियमानुसार पैमाइश कराते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए।
कार्यक्रम के दौरान अपनी दादी के साथ पहुंचे दो बच्चे उन्नति और कुशल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पिता का निधन हो चुका है और मां उन्हें छोड़ चुकी हैं। इस संवेदनशील प्रकरण पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत बच्चों को आच्छादित करने के निर्देश दिए, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। जिलाधिकारी ने बच्चों को टॉफी और कंबल भी प्रदान किया। इसके अतिरिक्त दिव्यांग मंत कुमार निवासी शाहगंज द्वारा ट्राई साइकिल की मांग किए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को तत्काल ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तहसील दिवस के दौरान ही दिव्यांग को ट्राई साइकिल व कंबल प्रदान किया गया, जिस पर उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार जताया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बेटियों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में बेटियों की पढ़ाई से समझौता न किया जाए। उन्होंने एससी विद्युत विभाग की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान वृद्ध एवं असहाय फरियादियों को कंबल वितरित किए गए। कुल 51 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कब्जे, जबरन घर में प्रवेश और अधूरे आवास से जुड़े मामलों में पुलिस, राजस्व और विकास विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई कर गरीबों को त्वरित न्याय दिलाएं। साथ ही तहसीलों में पुनः विवाद रजिस्टर तैयार कराने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, प्रशिक्षु आईपीएस श्रृष्टि जैन, सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता, सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बरसठी में एनआरएलएम के नाम पर खुली लूट

## समूह सखी-बैंक सखी से अवैध वसूली का गंभीर आरोप

**एनआरएलएम के अंतर्गत**

- बैंक सखी को प्रति माह 4000
- समूह सखी को प्रति माह 2000

मानदेय दिया जाता है।

**अब बड़ा सवाल यह है कि**

- क्या जिला प्रशासन और उच्च अधिकारी इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेंगे
- या फिर एनआरएलएम के नाम पर महिलाओं की मेहनत की कमाई यूं ही लूटी जाती रहेगी



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर बरसठी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित समूह सखी और बैंक सखी योजना बरसठी विकास खंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। एनआरएलएम विभाग के कर्मचारियों पर इन महिलाओं से पेमेंट लगवाने के नाम पर अवैध वसूली किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं।
पीड़ित महिलाओं के अनुसार, जब तीन महीने का एक साथ पेमेंट लगाया जाता है, तो बैंक सखी के 12,000 में से 4000 रुपये जबरन वसूले जाते हैं, वहीं समूह सखी से 2000 रुपये लिए जाते हैं। यह वसूली किसी एक गांव या एक महिला तक सीमित नहीं है, बल्कि बरसठी विकास खंड की 88 ग्राम सभाओं में यह खेल लंबे समय से चल रहा है।
नाम न छापने की शर्त पर कई समूह सखी और बैंक सखी महिलाओं ने बताया कि
अगर हम शिकायत करते हैं तो हमारी नौकरी चली जाएगी, घर का चूल्हा जलना बंद हो जाएगा। डर के कारण हम अपनी तनख्वाह से पैसा देने को मजबूर हैं। महिलाओं का यह भी आरोप है कि संबंधित अधिकारी उन्हें यह कहकर गुमराह करते हैं कि
यह तो फ्री का पैसा है, मिल-बांटकर खा लो
इस भय और भ्रष्ट व्यवस्था के चलते गांवों में सरकार द्वारा दी जा रही आजीविका संबंधी योजनाएं ठप पड़ती जा रही हैं, और जिन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए यह मिशन चलाया गया, वही आज शोषण का शिकार हो रही हैं।

# जौनपुर, सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पीड़िता ने न्याय के लिए लगाई गुहार

## पड़ोसी पर जबरन दीवार बनाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



केराकत कोतवाली, चौकी थानागद्दी अंतर्गत ग्राम सभा उदयचंदपुर का बताया जा रहा है। जमीन कब्जा को लेकर पीड़िता पारो दुबे आज जौनपुर जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र देकर न्याय के लिए गुहार लगाई।
और कहा कि आबादी की जमीन पर पड़ोस के ही दबंग अखिलेश दुबे सह परिवार के साथ मिलकर जबरजस्ती कब्जा करने लगे तो मैने मना करने लगी तो मेरे साथ हाथपाई करने लगे, जिसका मेरे पास हाथपाई करने का वीडियो है।
जिसकी शिकायत लेकर कोतवाली गई तो वहा के कोतवाल ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए बोले कि यहां से तुम चली जाओ। जिसकी शिकायत को लेकर आज जौनपुर सम्पूर्ण समाधान दिवस आई।
पीड़िता पारो दुबे ने कहा कि आबादी की जमीन पर पुलिस की मिली भगत से कराया जा रहा है कब्जा। गौरतलब हो कि कि किसी महिला के साथ किसी पुरुष द्वारा मारपीट, हाथापाई करना एक गंभीर अपराध है, जिसमें शारीरिक, यौन, भावनात्मक और आर्थिक शोषण शामिल है द्य जैसा की सामाजिक दबाव के कारण महिलाएं अक्सर चुप रहती हैं। एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला सुरक्षा की बात करते हैं,तो वहीं पर केराकत कोतवाली के द्वारा उनके इस मंसूबे पर बखूबी पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है।

# बुंदेलखंड किसान यूनियन ने सांसद के आवास पर की मुलाकात

## किसानों की समस्याओं को लेकर की चर्चा



**जन एक्सप्रेस। महोबा**

बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के आवास पर जाकर किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान किसानों के साथ हो रहे लगातार शोषण और भ्रष्टाचार पर गंभीर चिंता जताई गई।
अखिलेश रावत ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को फर्जी बीमा, आवास योजना, शौचालय निर्माण, शेष मुआवजा राशि के भुगतान में अनियमितता, बिजली विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जैतपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं अत्यंत बदहाल स्थिति में हैं, जिससे ग्रामीण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
इस अवसर पर नफीस खान (तहसील अध्यक्ष, युवा मोर्चा), अशोक प्रजापति एवं मुकुंदी लाल कुशवाहा (तहसील उपाध्यक्ष, कुलपहाड़) उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि किसानों के साथ हो रहे अन्याय और भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
हालांकि सांसद अजेंद्र सिंह लोधी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था, इसके बावजूद उन्होंने किसान प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने कहा, ÷मैं स्वयं किसान का पुत्र हूं और किसानों के दर्द को भली-भांति समझता हूं। किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।÷ सांसद ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।
बुंदेलखंड किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव 18 जनवरी को

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन और पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 11 जनवरी 2026 से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुये संघ के मंत्री मनोज कुमार चौहान ने बताया कि 11 जनवरी को नामांकन, उसी दिन नाम वापसी और 18 जनवरी को मतदान पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में होगा। इस निर्णय से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराकर पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाने का आग्रह किया गया है। बताया कि सोमवार को संघ पदाधिकारियों के ण्क प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। डीएम को दिये पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ प्रदेश नेतृत्व से तथ्यों को छिपाकर कुछ लोग बिना चुनाव स्वंय पदाधिकारी बन गये हैं इससे उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और ब्लाक अध्यक्षों सहित सफाई कर्मचारियों में रोष है, इस कारण से अधिवेशन, चुनाव और मतदान के द्वारा पदाधिकारियों का चयन कराया जायेगा। संघ के मंत्री मनोज कुमार चौहान ने बताया कि अधिवेशन की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरा कराने के लिये संघ के सभी ब्लाक अध्यक्ष, मंत्रियों और सम्बंधित अधिकारियों को सूचना दे दिया गया है। डीएम को पत्र देने के दौरान मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष पेशकार, संगठन मंत्री राम कृपाल चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवमंगल पाण्डेय के साथ ही अनेक सफाईकर्मी शामिल रहे।

# प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि, विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग, उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह ने संकट मोचन धाम स्टेडियम, प्रेमकापूरा (सुजानगंज-मुंगरा बादशाहपुर) में आयोजित प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। समारोह के दौरान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों सहित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।
खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। युवा यदि स्वस्थ और अनुशासित रहेंगे तभी राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि आज के युवा हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।
इस अवसर पर माननीय मंत्री द्वारा उद्यान विभाग के तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर के समीप पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।
कार्यक्रम में पूर्व सांसद बी.पी. सरोज, अजय शंकर दुबे, संतोष तिवारी, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, आलोक सिंह, कैलाश दुबे, जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिंह राणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, प्रगतिशील किसान एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर आयीं 18 शिकायतें, चार निस्तारित

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



सिरौलीगौसपुर। तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी तेजस के. की अध्यक्षता व तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा संयोजन में सम्पन्न हुआ। इस समाधान दिवस में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 14 शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। दिवस में राजस्व विभाग की 9 शिकायतों में से 4 का समाधान हो सका, जबकि 5 लंबित रहीं। पुलिस विभाग की सभी चार, विकास विभाग की दो विद्युत विभाग की एक, समाज कल्याण की एक और डीपीआरओ की एक शिकायत का मौके पर कोई निस्तारण नहीं हो पाया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी तेजस के. ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक ढंग से और निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी शिकायतें दोबारा न आएं। समाधान दिवस में खंड विकास अधिकारी सिरौली गौसपुर संजीव कुमार गुप्ता, रामनगर जितेंद्र कुमार यादव, विद्युत उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार, सहायक विकास अधिकारी मनोज मिश्रा, अभिषेक कुमार, रंजीत वर्मा, अवर अभियंता सतीश श्रीवास्तव, अवर अभियंता ग्रामीण चेतराम यादव, खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा, डॉक्टर देव प्रताप, मनोज कुमार यादव सहित कई तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने बढ़ायी आयु सीमा, भाजपा विधायक ने दिया धन्यवाद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** आरक्षी पीएससी, जेल वार्डन आदि पदों पर भर्ती के लिए आयु सीमा बढ़ाये जाने की मांग गत् दिनों विधानसभा हैदरगढ़ के भाजपा विधायक दिनेश रावत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की थी। सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन भर्तियों पर आयु सीमा 3 साल के लिए बढ़ा दी है। जिस पर भाजपा विधायक दिनेश रावत ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। जानकारी के अनुसार, बीती 1 जनवरी को जिले के नव युवकों ने विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के विधायक दिनेश रावत को एक ज्ञापन सौंपा था। जिसमें लिखा था कि पुलिस आरक्षियों की भर्ती व पीएससी व जेल वार्डन की भर्ती में आयु सीमा कम से कम 3 साल बढ़ायी जाये। भाजपा विधायक ने नव युवकों को आश्वासन दिया था कि इस सम्बन्ध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे।

# नाबालिग ई रिक्शा चालक ने पलटाया ई रिक्शा दम्पति घायल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नगर शुक्लागंज कोतवाली गंगाघाट श्रेत्र के मोहल्ला रामनगर मे वरदान गेस्ट हॉउस के पास फर्नीचर लादे नाबालिग ई रिक्शा चालक ने ई रिक्शा भगाते हुए पलटा दिया ई रिक्शा के नीचे आये दम्पति आरती पत्नी अजय कुमार सैनी गंभीर रूप से घायल हो गई जो की अपने निवास स्थान राम नगर से दवा लेने अस्पताल जा रही थी साथ मे उनके परी अजय कुमार सैनी पुत्र राम चंद्र सैनी को भी चोट आयी है ई रिक्शा नम्बरक्क35क्क्ष5871चालक को राहगीरों और मोहल्ले के लोगो ने पकड़ कर कोतवाली गंगाघाट पुलिस के हवाले कर दिया कोतवाली गंगाघाट पुलिस के पूंछने पर ई रिक्शा चालक ने अपना नाम अनुज पुत्र दया शंकर



उम्र 14 वर्ष निवासी गाँधी नगर बताया अजय कुमार सैनी ने कोतवाली गंगाघाट मे प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की जबकि नियमानुसार नाबालिक द्वारा ई-रिक्शा चलाने में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 4 का उल्लंघन होता है। इस धारा के अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष से कम आयु का है, वह किसी भी मोटर वाहन को चलाने के लिए अधिकृत नहीं है इसके अलावा, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 181 भी लागू होती है, जो नाबालिक द्वारा वाहन चलाने पर जुर्माना और अन्य दंड का प्रावधान करती है इसलिए, नाबालिक द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 4 और 181 का उल्लंघन होता है अब देखना ये है की गंगाघाट श्रेत्र के अंतर्गत सैंकड़ो की संख्या मे नाबालिक लड़के ई रिक्शा चला कर आम जनता व खुद की जान जोखिम मे डाल रहे है इनके विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही कब होंगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नहर में मिली अज्ञात महिला की लाश

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के शारदा सहायक समांतर नहर में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे की है। शारदा सहायक नहर के कसरैला डीह झील के तेज बहाव में ग्रामीणों ने एक शव देखा। राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली बदोसराय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बदोसराय कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल अजीत विद्यार्थी के नेतृत्व में एसआई सुरेश चन्द्र, सालिक राय, कांस्टेबल प्रहलाद यादव, आशीष सिंह चैहान और रवि शंकर सरोज सहित पुलिस टीम ने शव को निकालने का प्रयास शुरू किया। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस शव को नहर से बाहर निकालने में सफल रही।उप निरीक्षक सुरेश राय ने बताया कि एक महिला का शव है, जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष प्रतीत होती है। शव काफी पुराना होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली पुलिस ने अज्ञात महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### तहसील परिसर में मिला अजगर, मचा हड़कम्प

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** तहसील सिरौलीगौसपुर परिसर में बने आवासों के पीछे सोमवार को लगभग 12 बजे करीब 7 फीट लंबा अजगर देखा गया। आवास के पीछे अजगर दिखने की सूचना पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा को जानकारी मिलने पर उन्होंने वन डिप्टी रेंजर मनोज कुमार यादव को सूचित किया। यादव ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अजगर को तुरंत पकड़ लिया। वन विभाग की टीम ने अजगर को बोरी में रखकर सुरक्षित रूप से किसी घने जंगल में छोड़ दिया। डिप्टी वन रेंजर मनोज यादव ने बताया कि अजगर को तत्काल पकड़ लिया गया और उसे जंगल मे छोड़ दिया गया है।

### हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट ले उड़े चोर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र के जरौली गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के चैनल का ताला तोड़कर चोर चांदी का कीमती मुकुट और दानपात्र में रखी नगदी उठा ले गए। सूचना पर पुलिस ने मौके की जांच की। असंद्रा-धनौली मार्ग के किनारे यह प्राचीन मंदिर स्थित है। देर शाम भोग आरती के बाद मंदिर का द्वार बंद कर पुजारी राजेंद्र दास अपने शयन कक्ष में चले गए। रात में अज्ञात चोरों ने मंदिर के चैनल का ताला तोड़ दिया और हनुमान जी की मूर्ति पर लगा चांदी का कीमती मुकुट और दानपात्र उठा ले गए। मंदिर से थोड़ी दूरी पर स्थित एक बाग में खाली दानपात्र पड़ा मिला। जानकारी होने पर पुजारी ने पुलिस को इसकी सूचना दी ।सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। मंदिर के पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक असंद्रा आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने जल्द ही घटना का खुलासा करने की बात कही है।

### आँखें है अनमोल, इनका देखभाल है जरूरी- अनुपम द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के मौके पर एनएचआई द्वारा संचालित अहमदपुर टोल प्लाजा पर सोमवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मेसर्स विनोद कुमार जैन के नेतृत्व में जिले के वाहन चालकों के लिए निशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। टोल प्लाजा प्रबंधक अनुपम द्विवेदी की संरक्षणता में इस शिविर में वाहन चालकों का विजन टेस्ट, कलर एक्यूरेसी टेस्ट आदि जांच की गई। प्रबंधक अनुपम द्विवेदी ने बताया आंखे हमारे शरीर का अनमोल और कोमल अंग होते है, इनकी देखभाल करना जरूरी होता है इसलिए कुशल नेत्र चिकित्सक से परामर्श आवश्यक है। शिविर में कुशल नेत्र चिकित्सक डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया वाहन चालकों को समय-समय पर अपने आंखों का परीक्षण कराना अति आवश्यक है। उन्होंने नेत्र परीक्षण कर चालकों को निशुल्क चश्मा व दवा दी। यह निशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य यह है कि सभी वाहन चालकों का आंखों का दृष्टि सही बनी रहे। आंखों की समस्या एवं दृष्टिबाधित्ता से बचे रहे। इस अवसर पर अमित सिंह, बृजेश तिवारी, सौरभ सिंह, देवराज सिंह, राहुल पांडे, सुभाष पाल, दुर्गेश कुमार व सत्येंद्र द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में दो मासूम घायल

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के कस्बा मसौली में शुक्रवार को साइकिल से जा रहे दो मासूम बालक दुर्घटना का शिकार हो गए। साइकिल से गिरने के बाद पीछे से आ रहे ई-रिक्शा की चपेट में आने से दोनों बच्चे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बड़ागांव निवासी मोहम्मद सुफियान पुत्र जाकिर 6 वर्ष एवं अहितसन पुत्र शमशुद्दीन 6 वर्ष साइकिल से घर जा रहे थे। जैसे ही वे कस्बा मसौली स्थित इंडियन गैस एजेंसी के पास पहुंचे, तभी संतुलन बिगड़ने से दोनों साइकिल सहित गिर पड़े। उसी दौरान पीछे से आ रहे ई-रिक्शा की चपेट में आने से दोनों बालक घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची मसौली पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मोहम्मद सुफियान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बीईओ से मिले शिक्षक संगठन के पदाधिकारी, दी बधाई

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ागांव पर शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार से नव वर्ष के उपलक्ष्य में शिष्टाचार भेंट कर ब्लॉक की शैक्षणिक प्रगति व शिक्षकों की समस्याओं पर परिचर्चा की। सोमवार को प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ कार्यकारिणी के ब्लॉक पदाधिकरियों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली जैनेंद्र कुमार से नववर्ष पर बुंके देकर शिष्टाचार भेंटकर शिक्षक संगठन के प्रतिनिधियों ने ब्लॉक की शैक्षणिक प्रगति व शिक्षकों की समस्याओं के निदान के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी से परिचर्चा भी की। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष सुरेश चन्द्र, जूनियर शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, मंत्री विश्वनाथ वर्मा, अतीकुर्रहमान, विनोद कुमार, नदीम अब्बास रिजवी, मोहम्मद असलम, गंगा, सरिता, जैनुल आब्दीन, नेहा, ममता, शबनम अर्शी, परमात्मादीन, अजय गुप्ता, गिरवर सिंह, अजय दीक्षित, अब्दुल माजिद सहित अन्य शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बालिका को परिजनों से मिलाया

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** थाना कोठी अन्तर्गत कस्बे में एक छः वर्षीय मासूम बालिका रास्ता भटक गयी थी और रो रही थी जब इसकी जानकारी पीआरवी पुलिस कर्मियों को हुई तो उन्होने मासूम को अपने कब्जे में लेकर उनके परिजनों की तलाश शुरु की। काफी देर बाद परिजनों का पता लगा करके पीआरवी पुलिस कर्मियों ने बालिका को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने कोठी पुलिस के प्रति आभार जताया।

# हड़ियाकोल पहुंचे गोप, मरीजों का जाना हाल



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सोमवार को विकास खण्ड बंकी के ग्राम हड़ियाकोल स्थित श्री राम वन कुटीर आश्रम में लगभग 46 वर्षों से लगातार नेत्र शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने पहुंच कर भगवान बजरंग बली के दर्शन कर पूरे आश्रम का भ्रमण करते हुए सभी मरीजों के हाल चाल जाना। जिले के विभिन्न क्षेत्रों को छोड़ कर पड़ोस जनपदों से भी हजारों मरीजों ने रजिस्ट्रेशन करा कर आपरेशन कराया और लाभ हासिल किया। एक जैदपुर कस्बे के एक मुस्लिम परिवार जो लखनऊ दिल्ली सभी डाक्टरों को दिखाकर थक हार कर घर बैठ गया डाक्टरों ने इलाज करने से मना कर दिया था उसने भी आज रजिस्ट्रेशन कराया और डाक्टरों ने उसको देखा और इलाज करने का आश्वासन दिया। हरियाणा पंजाब कई राज्यों से मशहूर मेडिकल कॉलेजों के डाक्टरों ने गरीब असहाय लोगों का इलाज करके पुन प्राप्त कर रहे हैं यह बस हनुमान जी की कृपा ही है। आश्रम के करता धरता एवं सेवादार मनीष मेहरोत्रा जी ने बताया कि इस बार नेत्र शिविर में लगभग 3500 मरीजों के देखने का लक्ष्य है अभी तक लगभग 2500 आपरेशन हो चुके हैं केवल नेत्र आपरेशन ही नहीं हो रहे हैं बल्कि हर्निया, हाइड्रोसिल, गायनी, और भी कई प्रकार की बीमारियों का भी इलाज किया जा रहा है। इस कड़कड़ाती ठंड में इतनी संख्या में सभी के रहने खाने पीने की व्यवस्था करना अपने आप में आश्चर्यचकित है कोई तो है जिसके द्वारा यह कार्य सम्भव हो रहा है। पूर्व मंत्री ने हनुमान मंदिर के पुजारी से आशीर्वाद प्राप्त किया सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने पूर्व मंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, पूर्व चेयरमैन कोआपरेटिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा, हशमत अली गुड्डू, संतोष रावत आदि तमाम लोग रहे।

### समाजसेवियों ने बांटे फल

बाराबंकी। सोमवार को मां भारती सेवा संघ के अंर्तगत श्रीराम वनकुटीर में प्रतिवर्ष लगने वाले निशुल्क आपरेशन शिविर में निशक्त मरीजों को फल व दूध इत्यादि का वितरण अध्यक्ष अमित सिंह राठौर द्वारा किया गया। जिसमें शिविर के मुख्य कार्यकर्ता मनीष मल्होत्रा ने शिविर में मरीजों के पंजीकरण से लेकर उनके आपरेशन व खान-पान एवं दवाईयां के वितरण संबंधी विस्तृत जानकारी दी व कहा कि रोग हरण हनुमानजी की कृपा से यहां से प्रतिवर्ष हजारों मरीज ठीक हो कर जाते हैं। जिस पर संघ अध्यक्ष अमित सिंह राठौर ने कहा कि श्री हनुमानजी ने यदि हमें अपनी इस पुनीत योजना का हिस्सा बनाया है तो यह क्रम प्रत्येक वर्ष जारी रहेगा।

### मतदाता सूची से ग्राम प्रधान का नाम गायब, एसडीएम से शिकायत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** विकास खण्ड सिद्धौर की ग्राम पंचायत भठिया की ग्राम प्रधान सीमा रावत का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। सोमवार को प्रधान पति व प्रतिनिधि रामबरन रावत ने एसडीएम हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि बूथ लेवल अधिकारी गिरीश चंद्र जायसवाल ने लापरवाही बरतते हुए प्रधान का नाम सूची से हटाया है। उन्होंने बताया कि प्रधान का नाम मतदाता सूची में क्रम संख्या 817 और 1107 पर दर्ज था। जिसमे क्रम संख्या 1107 पर प्रधान का नाम गलत अंकित होने के कारण उसे हटाने के लिए आवेदन किया गया था। मगर बीएलओ की कथित लापरवाही के कारण दोनों स्थानों से प्रधान का नाम काट दिया गया। प्रधान सीमा रावत काफी परेशान हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बीएलओ की लापरवाही को इसका कारण बताया है। बीएलओ गिरीश चंद्र जायसवाल का कहना है कि तहसील में ऑपरेटर और अन्य कर्मियों की त्रुटि के कारण नाम हट गया है। उन्होंने बताया कि डबल नाम होने से एक नाम की विलोपन के लिए आवेदन किया गया था। मगर त्रुटिवश दोनों हट गए। दोबारा शामिल करने के लिए उनसे आवेदन मांगा गया है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वाहन चालकों को किया जागरुक




**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

रोड सेफ्टी नियमो के प्रति लोगो को जागरुक किये जाने को लेकर चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन व यातायात विभाग ने नुक्कड़ नाटक आयोजित कर सुगम, सुरक्षित व सुखद सड़क सुरक्षा हेतु नागरिकों को जागरुक किया। आज शहर के पटेल चैराहा व रामनगर तिराहा पर शालोम वेलफेयर सोसाइटी सदस्यो अभिषेक मिश्रा, सोनू शर्मा ऋषभ सिंह, आदित्य शर्मा, विनोद यादव द्वारा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने की सीख दी। साथ ही शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओवर स्पीडिंग के बुरे परिणाम, वाहन चलाते मोबाइल फोन पर बात नहीं करने जैसे संदेशों को अभिनय के माध्यम से आम जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने कहा कि रोड़ सेफ्टी नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया है। लोगो के सड़क पर हेलमेट न पहनने, शराब पीकर वाहन चलाने से क्षति, ओवर स्पीडिंग से होने वाली जन हानि व सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने, घायलो की किस प्रकार से सुरक्षित सहायता हो सके आदि दृश्यो को नाटक कलाकारो द्वारा प्रदर्शित किया गया। जिसमे यह बताने की कोशिश की गयी है कि सड़क पर कैसे सुरक्षित चले। और अन्य को कैसे सुरक्षित करे। इस अवसर पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव आदि मौजूद रहे।

# कलयुगी बेटे ने मां पर किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सिद्धौर। थाना कोठी क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव में दो दशक पहले चाकू मार कर अपने पिता को मौत के घाट उतारने वाला कुपुत्र रविवार की रात्रि को मां पर जानलेवा हमला कर दिया। उसके गर्दन पर चाकू और चिमटे से वार कर लहुलुहान कर दिया।

पुलिस ने घायल वृद्धा को जिला अस्पताल से डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है।

सोमवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल कर जेल भेज दिया गया है। कोठी थाना क्षेत्र के सराय मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी तेजबहादुर




पुत्र इन्द्रपाल ने बताया कि उसकी नानी बुद्धा उर्फ फूलमती 75 पत्नी स्व. आशाराम निवासी इब्राहिमाबाद थाना कोठी हैं। उसका आरोप है कि छोटे मामा राजेश कुमार ने नानी पर जानलेवा हमला करते हुए चेहरे पर चिमटा व चाकू से वार कर घायल कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। इसकी सूचना उसके बड़े मामा मनीराम ने उनको फोन पर दी। नानी को लेकर जिला अस्पताल भागे।

रविवार की रात पीड़ित की तहरीर पर कोठी इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया ने आरोपी मामा राजेश कुमार के विरुद्ध जानलेवा हमले से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार को उसे गांव के बाहर से ही गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चिमटा बरामद कर उसे जेल भेज दिया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

**निर्माणाधीन कल्याण वाटिका को उन्हें समर्पित करने की घोषणा**



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के ग्रामसभा जनसार के मजरा कैथन खेड़ा में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री व पद्म विभूषण कल्याण सिंह की जयंती मनाई गई। प्रधान पवन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

प्रधान पवन शर्मा ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रहरी 'बाबूजी' निष्ठा व त्याग के प्रतीक थे। उनके नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में सुशासन व कानून-व्यवस्था को मजबूत किया।

बताया कि गांव में बन रही कल्याण वाटिका को उनकी स्मृति में समर्पित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी, गनेशी लाल लोधी, सुंदर लाल लोधी, बउआ लोधी, सुनील लोधी, रामस्वरूप लोधी, राजाराम कश्यप, शंकर लोधी, संजय राजपूत, बुद्धिलाल लोधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## कोतवाली गंगाघाट मे दो शातिर चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नगर कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र से दो शातिर चोर गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने चोरों के ऊपर शिकंजा कसा गया मरहला चौकी प्रभारी मूल चंद्र पाठक ने दो शातिर चोरों को चोरी हुवे लगभग ढाई कुंतल लोहे के गेट के साथ गिरफ्तार किया कोतवाली गंगाघाट प्रभारी अजय कुमार सिंह ने चोरों के खिलाफ तत्काल एक्शन लेने का उप निरीक्षक मूलचंद्र पाठक को निर्देश दिए थे कोतवाली गंगाघाट में बीस दिन के कार्यकाल में उप निरीक्षक मूल चंद्र पाठक की बड़ी कार्रवाई करते हुए कुछ दिन पूर्व जेवरात सहित चोरों को गिरफ्तार किया था विगत बीस दिनों मे ये दूसरी चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए मरहला चौकी प्रभारी ने दोनों शातिर चोरो को जेल भेजा दिया है जिनकी पहचान गुलशन यादव और अमन सिंह जिसमे अमन सिंह पर पूर्व से लगभग आठ अपराधिक मुकदमे दर्ज है।

# भागवत कथा सुनने से मिलती है सुख शांति- उदय राज

**भूलीगंज में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में बोले कथा व्यास**

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**




मसौली। कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज स्थित मां शक्ति काली पीठ मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास उदय दास ने कहा कि कथा सुनने से अच्छे मार्ग का पर चलने की प्रेरणा मिलती है तथा सुख शांति प्राप्त होती है अगर मनुष्य से हम जैसा व्यवहार करेंगे वेसा ही व्यवहार मिलेगा इसलिए मनुष्य को सबसे अच्छा व्यवहार करना चाहिए। कथा कहते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। उमेश महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है।

उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है, अतः हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिएं। इस मौके पर अमरीश वर्मा, गुड्डू यादव, राजू यादव, राम अचल विश्वकर्मा, भगवती प्रसाद वर्मा, कमला शाह, राम चंदर यादव, दिलीप यादव, शिव कुमार वर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी खनन पर चला एसडीएम का चाबुक, दो ट्रैक्टर ट्राली सीज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

फतेहपुर। थाना बड्डूपुर क्षेत्र में अवैध खनन होना कोई नई बात नहीं है। यह सिलसिला काफी समय से चला आ रहा है और चलता रहेगा। बस गाहे-बगाहे प्रशासन द्वारा कार्रवाई कर दी जाती है लेकिन अवैध खनन के विरुद्ध कोई ठोस कदम प्रशासन की ओर से नहीं उठाया जाता है। ऐसी ही कार्रवाई एसडीएम कार्तिकेय सिंह के आदेश पर दिन सोमवार को गोडैचा चैराहे पर की गई। जिसमें बिना प्रपत्रों के मिट्टी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया गया। और उन्हें थाना बड्डूपुर को सुपुर्द कर दिया गया। वही क्षेत्रीय ग्रामीणों का आरोप है अनवरत हो रहे अवैध मिट्टी खनन से एक तरफ जहा पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। तो वही दूसरी ओर जमकर सरकारी नियमों की धज्जियां भी उड़ाई जा रही है। जिसको मजबूती से रोकने वाला कोई नहीं. इस संबंध में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया, अवैध खनन की शिकायत प्राप्त हुई थी।



जिस पर तत्काल कार्रवाई की गई। मौके से दो ट्रैक्टर ट्राली सीज कर जुर्माने की रिपोर्ट खनन अधिकारी को भेज दी गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा, उनके क्षेत्र में अवैध खनन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। और आगे भी छापेमारी की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने को लेकर जब थाना प्रभारी बडडुपुर मनोज कुमार से बात की गई तो उन्होंने तल्ख लहजे में बात करते हुए बताया, कि मुकदमा नहीं लिखा गया है और संभवतः न ही लिखा जायेगा इस बारे में लेखपाल से बात करो.. गौरतलब है इस विषय पर लेखपाल पंकज वर्मा ने बताया, कि हमारा काम पुलिस को सुपुर्दगी देना था सो हमने दे दिया बाकी पुलिस मुकदमा दर्ज करती है या नहीं वह उसके विवेक पर निर्भर करता है।

## आज मनायी जायेगी श्याम लाल की पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** रमा शुक्ला सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व विधायक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष तथा प्रदेश सरकार के मंत्री रहे स्व. पं. श्याम लाल बाजपेयी की 26वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार, 06 जनवरी को दोपहर 12 बजे देवा रोड स्थित गांधी भवन में स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमीर हैदर करेंगे। सभा में मुख्य वक्ता के रूप में कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सासंद डॉ पी.एल पुनिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, पूर्व विधायक सरवर अली, वयोवृद्ध गांधीवादी राजनाथ शर्मा, जिला सहकारी विकास संघ के चेयरमैन प्रशान्त शुक्ला, उ.प्र को आपरेटिव बैंठ के पूर्व चेयरमेन् धीरेन्द्र वर्मा सहित अन्य कई प्रबुद्धजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी रमा शुक्ला सेवार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन मंत्री शिवशंकर शुक्ला ने दी। श्री शुक्ला ने बताया कि स्व. पं. श्याम लाल बाजपेयी की पुध्यतिथि पर जनपद के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, प्रबुद्धजन, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार और उनके समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

# 11 जनवरी को गुजरात जाएंगे मोदी
# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में लेंगे हिस्सा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे, जो 8 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला चलेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, आस्था और आत्मसम्मान के भाव को सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, आध्यात्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक जागरूकता से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। स्थानीय प्रशासन और ट्रस्ट की ओर से प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### 'सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि आस्था का प्रतीक'

भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज का विषय राजनीति से जुड़ा नहीं है, बल्कि भारत की पहचान, अस्मिता, अस्तित्व और उसके भविष्य से संबंधित है। उन्होंने कहा कि हर देश के इतिहास में कुछ ऐसे मोड़ और तारीखें होती हैं, जो भले ही पीड़ादायक हों, लेकिन उन्हें याद रखना जरूरी होता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने याद दिलाया कि आज 6 जनवरी 2026 है और ठीक एक हजार साल पहले इसी दिन महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ मंदिर का विध्वंस किया गया था। सोमनाथ मंदिर को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है और इसका धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व अत्यंत विशेष है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि आस्था का प्रतीक है। मान्यता है कि इसके दर्शन मात्र से पापों का नाश होता है, पुण्य की प्राप्ति होती है और मनोवांछित फल मिलते हैं। यही कारण है कि सोमनाथ भारत की आत्मा और उसकी सनातन परंपरा का प्रतीक माना जाता है।

### भारत की समृद्धि और संकल्प का प्रतीक

उन्होंने 11 मई 1951 का जिक्र करते हुए कहा कि जब सोमनाथ मंदिर की पुनर्स्थापना हो रही थी, तब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ की पूर्ण प्रतिष्ठा सिर्फ मंदिर के पुनर्निर्माण से नहीं होगी, बल्कि तब मानी जाएगी जब भारत भी उसी समृद्धि के शिखर पर पहुंचेगा, जिसकी वजह से अतीत में आक्रांताओं ने यहां हमला किया था। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि 1951 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विरोध के बावजूद, राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मौजूदगी में यह संकल्प साकार हुआ था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से समृद्धि की ओर बढ़ रहा है और वह सपना अब साकार होने की दिशा में है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ के संकल्प का विचार आज वास्तविकता बनता हुआ दिखाई दे रहा है।

### सोमनाथ मंदिर पर पीएम मोदी ने लिखा लेख

प्रधानमंत्री मोदी पहले भी कह चुके हैं कि बार-बार विदेशी आक्रांताओं के हमलों के बावजूद दोबारा खड़ा हुआ सोमनाथ मंदिर भारतीय सभ्यता के अडिग और अटल आत्मबल का प्रतीक है। हाल ही में अपने लेख में उन्होंने कहा था कि सोमनाथ से बेहतर भारतीय सभ्यता की अजेय भावना का उदाहरण कोई और नहीं हो सकता, जो तमाम कठिनाइयों और संघर्षों के बाद भी गौरव के साथ खड़ा है। उन्होंने लिखा 'वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है, क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनवी के महमूद ने आस्था और सभ्यता के महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह हिंसक और बर्बर प्रयास था।'

# नासा आर्टेमिस-2 मिशन को फरवरी 2026 में लॉन्च कर सकता है नासा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन को लेकर बड़ा एलान किया है। नासा का आर्टेमिस मिशन चांद पर इंसानों के भेजने का बड़ी योजना है। नासा आर्टेमिस-2 मिशन को फरवरी 2026 में लॉन्च कर सकता है। नासा ने 53 साल पहले आखिरी बार 1972 में अपोलो-17 मिशन के तहत चांद पर कदम रखा था। उसके बाद अमेरिका ने चांद पर कोई मिशन नहीं भेजा है। उसके बाद यह पहला मानव मिशन होगा जो चंद्रमा के आसपास जाएगा। यह मिशन लगभग 10 दिन का होगा। नासा 5 या 6 फरवरी 2026 को इस मिशन को लॉन्च कर सकता है। अगर किसी कारण देरी होती है, तो अप्रैल 2026 तक मिशन को लॉन्च करेगा। अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39बी से यह मिशन भेजा जाएगा। यहीं से अपोलो मिशन भी लॉन्च किया गया था।

### रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट

इस मिशन को रॉकेट स्पेस लॉन्च सिस्टम से लॉन्च किया जाएगा। यह ब्लॉक-1 वर्जन में होगा। एसएलएस चंद्रमा तक ओरियन स्पेसक्राफ्ट, एस्ट्रोनॉट्स और कार्गो को एक साथ भेज सकता है। स्पेसक्राफ्ट का नाम ओरियन है, जिसमें चार लोगों के बैठने के लिए है। इसमें लाइफ सपोर्ट सिस्टम, नेविगेशन और कम्युनिकेशन की आधुनिक तकनीक है। ओरियन चंद्रमा के आसपास घूमकर लौट आएगा।

### कौन-कौन हैं अंतरिक्ष यात्री?

नासा के आर्टेमिस-2 मिशन में चांद पर जाने वाले एस्ट्रोनॉट्स में मिशन विशेषज्ञ कनाडाई स्पेस एजेंसी के जेरेमी हैनसेन, मिशन विशेषज्ञ नासा की क्रिस्टीन कोच, नासा के पायलट विक्टर ग्लोवर और नासा के कमांडर रीड वाइजमैन शामिल हैं। यह चारों अंतरिक्ष यात्री आर्टेमिस-2 मिशन का हिस्सा होंगे। यह मिशन चांद के चारों तरफ लगाएगा और फिर धरती वापस आएगा।

### कितने दिन का है मिशन?

यह मिशन करीब 10 दिन का है और चंद्रमा की परिक्रमा करेगा। पहले यह पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और चंद्रमा के पीछे से होकर वापस आएगा। चंद्रमा से सबसे करीब की दूरी करीब 7400 किमी होगी। चंद्रमा पर लैंडिंग नहीं होगी, सिर्फ घूमकर वापस आएगा।

### क्या है उद्देश्य?

इंसानों के साथ स्पेसक्रॉफ्ट ओरियन और एसएलएस की टेस्टिंग और लाइफ सपोर्ट सिस्टम, नेविगेशन आदि की जांच करना है। यह आर्टेमिस-3 मिशन (2027 में चंद्रमा पर उतरने) की तैयारी है। इस मिशन से चंद्रमा पर स्थाई बेस बनाने और मंगल जाने का रास्ता तैयार होगा।

# उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एनसीसी कैडेट्स से की मुलाकात, कहा
# ऑपरेशन सिंदूर से बढ़ा भारत का गौरव



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि सशस्त्र बलों की तरीफ की। उन्होंने कहा कि पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सशस्त्र बलों ने भारत को गौरवान्वित किया। उन्होंने सैन्य कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए दुनिया को देश के दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। दिल्ली छावनी में राष्ट्रीय कैडेट कोर के गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में अपने संबोधन में उन्होंने ऑपरेशन के दौरान एनसीसी के प्रशंसनीय योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एनसीसी ने सराहनीय योगदान दिया, जब लगभग 72,000 एनसीसी कैडेट नागरिक सुरक्षा उपायों के लिए स्वेच्छा से सेवाएं देकर एनसीसी योद्धा बन गए।' अधिकारियों के अनुसार, इन कैडेटों ने आपातकालीन अभ्यास, रक्तदान शिविरों और अन्य नागरिक सुरक्षा संबंधी गतिविधियों में सहायता की। 7 मई, 2025 की सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में कम से कम 100 आतंकवादियों को मार गिराया गया। पहलगाम हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई थी।

### साहसी युवाओं की जरूरत

उन्होंने कहा, 'आज के तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में, भारत को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो साहसी होने के साथ-साथ दयालु भी हों, तकनीकी रूप से कुशल होने के साथ-साथ अच्छे मूल्यों में दृढ़ हों, चुनौतियों का सामना दृढ़ता से करें और अवसरों को आत्मविश्वास के साथ भुनाएं। उन्होंने एनसीसी कैडेटों से कहा कि राष्ट्र की सेवा करने की उनकी एकता और अनुशासन की भावना नागरिकों के बीच बहुत आशा और आत्मविश्वास जगाती है। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कोर की प्रशंसा की और कहा कि एनसीसी एक बार फिर युवा विकास और राष्ट्र की प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों के लिए एक शक्तिशाली प्रतीक: उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति ने कहा, 'पिछले साल, हमारी सशस्त्र सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देकर दुनिया को भारत के दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, जिससे देश को गौरवान्वित किया।' आगे उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों की राष्ट्र के सम्मान, संप्रभुता और उसके नागरिकों की रक्षा करने की अटूट प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक था।' इसके साथ ही उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सोमवार को एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया, जिसका समापन 28 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ होगा। देश भर से कुल 2,406 एनसीसी कैडेट, जिनमें 898 लड़कियां शामिल हैं, लगभग एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग ले रहे हैं।

### आपमें से प्रत्येक में, मुझे एक विकसित भारत की मजबूत नींव दिखाई देती है: उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

अपने संबोधन में उन्होंने कैडेटों को केवल गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने वाले नहीं, बल्कि एक नए भारत के राजदूत के रूप में वर्णित किया, जो 2047 तक एक 'आत्मनिर्भर' और मजबूत भारत, एक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'आपमें से प्रत्येक में, मुझे एक विकसित भारत की मजबूत नींव दिखाई देती है, एक विकसित, समावेशी और आत्मविश्वासी देश की नींव दिखाई देती है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू हो गई है। इसके केंद्र में आत्मनिर्भरता है, जो कुशल, अनुशासित और मूल्यों से प्रेरित युवाओं द्वारा संचालित आत्मनिर्भरता की भावना है, राधाकृष्णन ने कहा।

# ममता ने सागर द्वीप के लिए 1670 करोड़ की लागत वाले पुल की नींव रखी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**




पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सागर द्वीप के लिए 1670 करोड़ की लागत वाले पुल की नींव रखी। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर हमले किए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा किसी भी धर्म में विश्वास नहीं करती है, वह केवल झूठ फैलाने में विश्वास रखती है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान गंभीर रूप से बीमार लोगों को भी अपने वैध मतदाता होने का प्रमाण देने के लिए कतारों में खड़ा होने के लिए मजबूर किया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में एसआईआर के दौरान अपनाए गए 'अमानवीय' तरीके के खिलाफ अदालत का रुख करेंगी। दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़ी चिंताओं, परेशानियों और प्रशासन की मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोग अस्पताल में भर्ती हुए हैं।

### 'बिना किसी ठोस वजह के सूची से हटाए जा रहे नाम'

उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसी ठोस वजह के मतदाता सूची से नाम मनमाने तरीके से हटाए जा रहे हैं, जिससे एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया विधानसभा चुनावों से पहले चिंता का कारण बन गई है।

### नागरिकों को कतारों में खड़ा होने के लिए मजबूर किया रहा

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि गंभीर रूप से बीमार लोगों और वरिष्ठ नागरिकों को भी अपने सही मतदाता होने का सबूत देने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने पूछा, अगर किसी ने भाजपा नेताओं के बूढ़े माता-पिता को अपनी पहचान साबित करने के लिए लाइन में खड़ा कर दिया, तो उन्हें कैसा लगेगा।ममता बनर्जी ने यह भी दावा किया कि एसआईआर शुरू होने के बाद से डर के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

### 'अमानवीय व्यवहार और मौतों के खिलाफ अदालत जाएंगे'

उन्होंने कहा, एसआईआर के कारण लोगों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार और इतनी मौतों के खिलाफ हम कल अदालत जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो मैं सुप्रीम कोर्ट भी जाऊंगी और एक आम नागरिक के तौर पर इस अमानवीय प्रक्रिया के खिलाफ गुहार लगाऊंगी। मैं खुद एक प्रशिक्षित वकील भी हूं।

## लक्ष्मी नगर इलाके में दबंगों की गुंडागर्दी, बाप-बेटे के कपड़े उतारकर बेरहमी से पीटा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में 2 जनवरी को हुई एक खौफनाक घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां दबंगों के एक गिरोह ने एक बाप-बेटे को न केवल बेरहमी से पीटा, बल्कि युवक को नंगा कर सड़क पर घसीटते हुए भी पीटा। हैरत की बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में भी दबंग युवक को घसीटते रहे, लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। इस बर्बरता का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाशों की हैवानियत साफ दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित के घर में जिम खोला हुआ है, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी विकास यादव, शुभम यादव, ओमकार यादव और पिंटू यादव ने पीड़ित के बेटे को पीटा, फिर उसे घसीटकर सड़क पर ले आए और नंगा कर जूतों से मारा। इस दौरान उसके दांत भी तोड़ दिए गए और सिर पर भी गंभीर चोटें आईं। उसके पिता को भी जिम में नंगा कर पीटा गया। बदमाशों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी मारपीट की।

# कोनासीमा में ओएनजीसी के तेल के कुएं में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा जिले में सोमवार को एक तेज धमाके से हड़कंप मच गया। धमाके के बाद ओएनजीसी की पाइपलाइन प्रभावित होने की आशंका जताई गई, जिससे गैस रिसाव का डर फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इलाके में काले धुएं और लपटें उठती दिखीं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन आसपास के क्षेत्रों को खाली कराने के आदेश दिए हैं। संभावित खतरे को टालने के लिए बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई और रसोई गैस चूल्हों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है।

### हादसे में किसी की मौत या चोट की सूचना नहीं

यह घटना मोरी गांव स्थित मोरी-5 कुएं पर हुई, जिसका संचालन हृह्नष्ट के प्रोडक्शन कॉन्ट्रैक्टर दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हादसे में किसी की मौत या चोट की सूचना नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, गैस पाइपलाइन में रिसाव के कारण आग भड़की। घटना की सूचना मिलते ही ओएनजीसी के राजामहेंद्रवरम (राजामुंद्री) एसेट के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए और स्थिति का आकलन शुरू किया। ओएनजीसी की टीमें आग के कारणों की जांच कर रही हैं, जबकि जिला प्रशासन अग्निशमन और सुरक्षा इंतजामों का समन्वय कर रहा है। बताया गया है कि दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ओएनजीसी की प्रोडक्शन एनहांसमेंट कॉन्ट्रैक्टर (पीईसी) है और कंपनी ने 2024 में आंध्र प्रदेश के राजामुंद्री एसेट में उत्पादन बढ़ाने के लिए करीब 1,402 करोड़ रुपये का अनुबंध हासिल किया था। कंपनी बीते करीब एक साल से मोरी-5 कुएं का संचालन कर रही है। स्थिति पर काबू पाने और एहतियाती उपायों के लिए प्रशासन सतर्क है। घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

### पिछली घटना का संदर्भ

बता दें है कि अक्तूबर में इसी जिले के रायवरम मंडल में एक आतिशबाजी निर्माण इकाई में विस्फोट हुआ था, जिसमें छह श्रमिकों की मौत और दो के घायल होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस के अनुसार, वह इकाई लाइसेंसशुदा थी और हादसे की वजह संभावित तौर पर निर्माण के दौरान हुई चूक बताई गई थी। घायलों को इलाज के लिए काकीनाडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## आधुनिक युद्ध की चुनौतियों से निपटने की तैयारी, एक लाख ड्रोन से लैस 'भैरव' सेना तैयार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नसीराबाद**

केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप सेना ने आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक लाख से अधिक ड्रोन ऑपरेटरों का पूल तैयार किया है। तैयार नया विशेष बल भैरव पैदल सेना को आधुनिक और घातक बनाएगा, जो दुश्मन पर कहर बनकर टूटने को पूरी तरह तैयार है। भैरव के सभी ऑपरेटिव ड्रोन को संभालने में सक्षम हैं और दुश्मन के इलाके में बेस तथा फॉर्मेशन को टारगेट करने के लिए असली ऑपरेशन में उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। सेना मुख्यालय द्वारा दुनियाभर के और अपने खुद के संघर्षों से मिले सबक को ध्यान में रखते हुए बनाई गई भैरव बटालियन को जरूरत के हिसाब से कई स्तर पर विशेष बलों के काम को अंजाम देने के लिए, तेज गति वाले, आक्रामक ऑपरेशनों के लिए एक खास बल देने के लिए बनाया गया है। भारतीय सेना ने पहले ही ऐसी करीब 15 बटालियन बना ली हैं और उन्हें दोनों सीमाओं पर अलग-अलग फॉर्मेशन में तैनात किया गया है तथा भविष्य में कुल मिलाकर करीब 25 बटालियन बनाने की योजना है। भैरव बटालियन पैरा स्पेशल फोर्सेज और रेगुलर इन्फेंट्री बटालियन के बीच की खाई को भी भरेगी। भैरव को टैक्टिकल से लेकर ऑपरेशनल स्तर तक स्पेशल ऑपरेशन करने का काम भी सौंपा जाएगा।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'समुद्र प्रताप' को किया जलावतरण, हिंद महासागर में बढ़ेगी ताकत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पणजी**



गोवा शिपयार्ड में भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की मौजूदगी में भारतीय तटरक्षक बल के नए जहाज ढ्ढष्द्दस् 'समुद्र प्रताप' को औपचारिक रूप से कमीशन किया। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'समुद्र प्रताप' जैसे प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर भारत की सोच को जमीन पर उतारते हैं। उन्होंने बताया कि इस जहाज में इस्तेमाल की गई 60 प्रतिशत से अधिक सामग्री स्वदेशी है, जो मेक इन इंडिया पहल की बड़ी सफलता है।

### पहले स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' का उद्घाटन

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा इस जहाज में स्वदेशी तकनीक और संसाधनों का व्यापक इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि समुद्री संसाधन किसी एक देश की संपत्ति नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा विरासत हैं और भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। यही आत्मनिर्भर भारत की असली पहचान है। 'मेक इन इंडिया' का वास्तविक अर्थ ऐसे ही रक्षा प्रोजेक्ट्स में दिखाई देता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि इतने जटिल जहाज में भी 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल यह दिखाता है कि भारत का रक्षा औद्योगिक तंत्र अब परिपक्व हो चुका है। उन्होंने भविष्य में जहाजों में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य भी दोहराया। उन्होंने समुद्री प्रदूषण को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि इसका असर मछुआरों की आजीविका, तटीय समुदायों और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने तटरक्षक बल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना की और कहा कि आज महिलाएं न केवल सहायक भूमिकाओं में, बल्कि अग्रिम मोर्चे पर भी जिम्मेदारियां निभा रही हैं।

### क्या है पोत की खासियत?

इस 114.5 मीटर लंबे विशाल पोत के निर्माण में 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। 4,200 टन वजनी इस जहाज की गति 22 समुद्री मील से अधिक है और यह बिना रुके 6,000 समुद्री मील तक का सफर तय करने में सक्षम है। यह पोत समुद्री प्रदूषण नियमों को लागू करने, समुद्री कानूनों के पालन, खोज और बचाव कार्यों तथा भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा।

### पोत अत्याधुनिक तकनीक से है लैस

तटरक्षक बल के अनुसार, यह पोत तेल के रिसाव की जांच करने वाली मशीनों और रासायनिक डिटेक्टरों से लैस है। इसमें 30 मिमी की सीआरएन-91 तोप, एकीकृत अग्नि नियंत्रण प्रणाली वाली दो रिमोट-संचालित बंदूकें, स्वदेशी एकीकृत ब्रिज प्रणाली और स्वचालित बिजली प्रबंधन प्रणाली जैसी अत्याधुनिक तकनीक मौजूद है। साथ ही, इसमें आग बुझाने की उच्च क्षमता वाली बाहरी प्रणाली भी लगी है। अधिकारियों का कहना है कि इस जहाज के शामिल होने से भारत की समुद्री प्रदूषण से निपटने की क्षमता बढ़ेगी और रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश मजबूत होगा।

# ओडिशा में जुटे 24 देशों के जगन्नाथ भक्त, इस्कॉन की रथयात्रा पर जागरूकता फैलाने का संकल्प

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुरी**



ओडिशा के पुरी में आयोजित एक वैश्विक सम्मेलन में भगवान जगन्नाथ के भक्तों ने इस्कॉन द्वारा विदेशों में असमय रथयात्रा आयोजित किए जाने के खिलाफ विश्व भर में जागरूकता फैलाने का फैसला किया है। तीन दिवसीय यह सम्मेलन श्री जगन्नाथ चिंतन और चेतना वर्ल्डवाइड (एसजेसीसीडब्ल्यू) की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें 24 से अधिक देशों के श्रद्धालु शामिल हुए।

### शास्त्रों और पुराणों से हटकर रथयात्रा कराने पर आपत्ति

सम्मेलन का उद्घाटन पुरी शंकराचार्य ने किया, जबकि गजपति महाराजा दिब्यसिंह देव ने इसे संबोधित किया। एसजेटीएमसी के ट्रस्टी भगवन पांडा ने कहा कि हिंदू शास्त्रों और पुराणों से हटकर विदेशों में रथयात्रा आयोजित किए जाने के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जापान से आए प्रतिनिधि कालिंदी त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी स्थान पर रथयात्रा आयोजित करने में आपत्ति नहीं है, लेकिन इसका आयोजन शास्त्रों के अनुसार ही होना चाहिए। 12वीं शताब्दी के इस तीर्थस्थल का प्रबंधन कई वर्षों से मायापुर स्थित इस्कॉन के साथ इस मुद्दे पर विवाद में है। इस्कॉन का तर्क रहा है कि लॉजिस्टिक कारणों से दुनिया भर में एक ही तिथि पर रथयात्रा कराना संभव नहीं है। सभा को संबोधित करते हुए गजपति महाराजा, जो श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन समिति (एसजेटीएमसी) के अध्यक्ष भी हैं, ने इस्कॉन के रुख पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार रथयात्रा न कराना किसी भी सनातनी हिंदू को स्वीकार्य नहीं है। शास्त्रों के मुताबिक भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया (जून-जुलाई) को होती है।

### पश्चिम बंगाल के दीघा में बना मंदिर भी रहा विवाद में

गजपति महाराजा ने पश्चिम बंगाल के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' कहे जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि 'धाम' केवल पुरी को ही कहा जा सकता है, क्योंकि भगवान वहीं विराजमान हैं। दिगा का यह मंदिर पुरी मंदिर की प्रतिकृति के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा बनवाया गया है और इसका प्रबंधन इस्कॉन के पास है।